13 दिसंबर, 2024
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण


www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 55




# सरकार का श्वेत पत्र है अभिभाषण: हेमंत

- विधानसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने सरकार की मंशा को किया साफ
- सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने धन्यवाद प्रस्ताव पर रखे विचार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सदन में अब तक पढ़े गये सभी अभिभाषण में सबसे छोटा और सबसे स्पष्ट एवं प्रभावशाली है। यह अभिभाषण नहीं, बल्कि सरकार का श्वेत पत्र है। सरकार क्या करना चाहती है और राज्य को किस दिशा में ले जाना चाहती है, इससे साफ हो रहा है। मुख्यमंत्री षष्ठम विधानसभा के सत्र के आखिरी दिन सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा के बाद जवाब दे रहे थे।

हेमंत ने कहा कि देश की तमाम बड़ी कंपनियां, जैसे सेल बोकारो, एचइसी, सिंदरी खाद फैक्ट्री इसी राज्य में लगीं। इसके बाद भी समझ से परे है कि यहां के लोग भूमिहीन होने लगे, विस्थापित और बेरोजगार होने लगे। यहां सदियों से पलायन की स्थिति बनी रही। इसी पीड़ा को लेकर शिबू सोरेन, निर्मल महतो जैसे अनगिनत आंदोलनकारियों ने झारखंड को अलग राज्य बनवाया। वहीं, सामंती विचार के लोगों ने हमारे अग्रणी नेताओं का मजाक उड़ाते हुए कहा कि हंड़िया दारू पीने वाले ये आदिवासी लोग क्या राज्य ले पायेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लंबी लड़ाई लड़ी और असंभव को संभव कर दिखाया।

**साल 2000 से 2019 तक इस राज्य को क्या मिला:** हेमंत ने कहा कि विपक्ष के लोग बराबर ये कहते हैं कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने झारखंड के अलग राज्य बनने पर मुहर लगायी। लेकिन यहां के गरीब और पिछड़े लोगों को उनका अधिकार नहीं मिलता है। इस राज्य की लड़ाई वर्षों चली। इस पीड़ा को हमलोगों से अधिक कोई नहीं समझ सकता है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि साल 2000 से 2019 तक इस राज्य को क्या मिला। उस समय (साल 2000 से 2019 तक ) यहां हाथ में राशन कार्ड लेकर लोग भात-भात कर मर गये। किसानों ने आत्महत्या की। यह हाल भाजपा ने राज्य का कर डाला। साल 2019 में महागठबंधन की सरकार बनी। तब भी इन्होंने सरकार गिराने के लिए कौन से हथकंडे नहीं अपनाये।



## प्रोजेक्ट बिल्डिंग नहीं गांव से चलने वाली है सरकार

हेमंत ने कहा कि अभिभाषण में सब कुछ साफ है। यह सरकार प्रोजेक्ट बिल्डिंग से चलने वाली नहीं गांव से चलने वाली सरकार है। हम जिस तत्परता से पहले काम किये इस बार भी ऐसा ही करेंगे। जब तक गांव का विकास नहीं होगा तब तक राज्य का विकास नहीं होगा। झारखंड संघर्ष की ऊपज है। खून से सींचा गया राज्य है झारखंड। हमारा लक्ष्य साफ है। हर वर्ग के सपने को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि 2019 में हमने राज्य के विकास की नींव डाली। अब बिल्डिंग बनाना है। मैं बोलने का इच्छुक नहीं काम कर के दिखाना चाहता हूं। राज्य अलग होने के बाद परिवर्तन दिखा है, तो साल 2019 के बाद ही दिखा है। देश का पहला राज्य है, जिसने मजदूरों के लिए कानून बनाया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के साथियों से भी सहयोग की अपेक्षा होगी। इस राज्य के हर वर्ग की जरूरतों को पूरा करने में हमारी सरकार कटिबद्ध है। हमलोगों ने राज्य के सर्वांगीण विकास की नींव रख दी है, अब उसपर इमारत खड़ी करनी है। यह मामला चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो, रोजगार का हो, स्वास्थ्य का हो, सभी क्षेत्रों में युद्धस्तर पर काम किया जायेगा।

## जो वादे किये हैं, उन्हें पूरा करेगी सरकार: कल्पना सोरेन



रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए कहा कि अबुआ सरकार चुनाव प्रचार के दौरान किये गये हर वादे को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि बिजली बिल माफी, मंईयां सम्मान योजना, हरा कार्ड और कृषि ऋण माफी जैसी योजनाओं को जनता का समर्थन मिला है। कल्पना सोरेन ने कहा कि रांची के आसपास पर्यटन के इतने मौके हैं और इस पर ध्यान देने की जरूरत है। इंडिया गठबंधन की जीत में दो कारणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। जनता में भाजपा के प्रति गुस्सा रहा है। भाजपा ने झामुमो गठबंधन सरकार को गिराने की कई कोशिशें कीं और हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजा गया। कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन सोना झारखंड बनाने का वादा कर चुके हैं और इसमें सफलता मिलेगी। उन्होंने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम आवास के आवंटन में झारखंड को सबसे नीचे रखा जाता है।खेलो इंडिया में भी झारखंड को नीचे रखा जाता है। मजदूरों को भी न्यूनतम राशि दी जाती है।

## अंकगणित में भाजपा पीछे रही, पर वोट में आगे: बाबूलाल



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा अंकगणित में पीछे रही, पर वोट में आगे रही। भाजपा को 37.37 फीसदी वोट मिले, जबकि कांग्रेस को 15.56 फीसदी ही वोट मिले। सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जिन मुख्यमंत्रियों का नाम ले रहे हैं, उनका खौफ आज भी सत्ता पक्ष में दिखाइयी दे रहा है। उन्होंने चाइबासा के गुदरी का जिक्र करते हुए कहा कि आज लोग वहां जाने से कतरा रहे हैं। सेंदरा कर लोगों को मारा जा रहा है। कानून को जनता हाथ में ले रही है, पुलिस कोई काम की नहीं है। वहां जाकर देखना चाहिए। बाबूलाल ने कहा कि डेमोग्राफी का बदलना चिंता की बात है। संताल परगना सबसे ज्यादा प्रभावित है। झारखंड में एनआरसी करा दें, तो पता चल जायेगा कि कौन कहां से आया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में बहाली की चर्चा की गयी है, लेकिन सीजीएल रिजल्ट का विरोध हो रहा है। इसकी सीबीआइ से जांच करायें, दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। झारखंड की बुनियाद को बर्बाद किया जा रहा है। धान खरीद और मंईयां योजना की चर्चा हो रही है, लेकिन रांची डीसी ने सभी बीडीओ को पत्र जारी कर कहा है कि अयोग्य की पहचान कर पैसा वसूल किया जाये। इससे पूरे राज्य की महिलाएं सशंकित हैं। सरकार बालू की नीलामी नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि बालू घाटों की नीलामी नहीं होने तक गृह निर्माण के लिए बालू फ्री किया जाये। बालू घाट लूटा जा रहा है। अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास के लिए बालू नहीं मिल रहा है।

## आंदोलनकारी परिवारों को भी मिले पांच फीसदी आरक्षण: जयराम



रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल के अभिभाषण पर जेएलकेएम विधायक जयराम महतो ने कहा कि शहीदों का सम्मान होना चाहिए। आंदोलनकारी परिवारों को पांच फीसदी आरक्षण मिलना चाहिए। उद्योगों को दी गयी खाली जमीन को वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक लाख 36 हजार करोड़ बकाया मिलना चाहिए। लेकिन राज्य के सभी बैंकों में जो पांच लाख 55 हजार 17 हजार करोड़ रुपये, जो दूसरे राज्यों को दिये गये हैं, उसे लाकर समस्याओं का समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 18 से 30 वर्ष की बच्चियों को 2500 रुपये देकर सरकार आलसी बना रही है, उन्हें यह पैसा पढ़ने पर स्कॉलरशिप के रूप में देना चाहिए।

## राज्यपाल के अभिभाषण में नीति की झलक नहीं: सरयू राय



रांची (आजाद सिपाही)। जदयू विधायक सरयू राय ने कहा कि अपार बहुमत के साथ यह सरकार आयी है। राज्यपाल के अभिभाषण में इस सरकार की नीति की झलक दिखनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि 2020 में जब यह सरकार बनी थी, तो हिंदी समेत अन्य भाषाओं के विकास के लिए आयोग की बात कही गयी थी। इस बार राज्यपाल के अभिभाषण में उर्दू अकादमी, मदरसा बोर्ड और अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड के गठन की केवल बात है। सरकार को अपने उत्तर में इसे साफ करना चाहिए। सरयू राय ने कहा कि अभिभाषण में कुछ चीजें अस्पष्ट हैं। केजी से पीएचडी तक निःशुल्क शिक्षा की बात कही गयी है। इसे स्पष्ट नहीं किया गया है। सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना देने की बात कही गयी है, जबकि 18 से 59 वर्ष तक की महिलाओं को दिया जा रहा है। इती तरह कई अन्य बातें हैं, जो स्पष्ट नहीं हैं। सरकार को अपने उत्तर में इन सभी बातों को साफ करना चाहिए।

## न्यूज रील्स

### 11,697.45 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट पारित

रांची। षष्ठम विधानसभा सत्र के चौथे और आखिरी दिन गुरुवार को वर्ष 2024-25 के लिए 11,697.45 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। इसमें महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के लिए सबसे ज्यादा 6,390.55 करोड़ और ऊर्जा विभाग के लिए 2,577.92 करोड़ रु. आवंटित किये गये हैं।

(विस्तृत खबर पेज-3 पर)

### 18 साल के गुकेश शतरंज के नये वर्ल्ड चैंपियन

सिंगापुर। 18 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सिंगापुर में गुरुवार को वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। उन्होंने चीन के डिफेंडिंग चैंपियन डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से फाइनल हराया। ऐसा करने वाले वह दुनिया के सबसे युवा खिलाड़ी बने। इससे पहले 1985 में रूस के गैरी कैस्परोव ने 22 साल की उम्र में खिताब जीता था। गुकेश ने चीनी खिलाड़ी को 14वें गेम में हराकर टाइटल जीता।

# दिल्ली में महिलाओं को हर माह मिलेंगे एक हजार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** महिला सम्मान योजना को दिल्ली कैबिनेट से मंजूरी मिल गयी है। इस योजना के तहत महिलाओं को एक हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जायेगी। हालांकि दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने इसे बढ़ाकर 2100 रुपये करने का एलान भी किया है। गुरुवार को दिल्ली सरकार की कैबिनेट बैठक में महिला सम्मान योजना को मंजूरी दे दी गयी है। इससे पहले वित्त विभाग ने इस योजना पर आपत्ति जतायी थी। अरविंद केजरीवाल ने इसे आप की सातवीं रेवड़ी बताया था। इस योजना की घोषणा करते हुए केजरीवाल ने कहा, दिल्ली सरकार ने अपना वादा पूरा किया है। दिल्ली में महिला सम्मान योजना लागू कर दी गयी है। महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये डाले जायेंगे। 2025 में सरकार बनने पर इसे 2100 रुपये कर दिया जायेगा। रजिस्ट्रेशन के बाद पैसा आना शुरू हो जायेगा। ये सम्मान महिलाओं का अधिकार है। केजरीवाल जो ठान लेता है, वो करके रहता है। जो बोला, वो करके दिखाया। माताओं-बहनों को उनका हक मिलेगा। केजरीवाल ने कहा कि मैंने वादा किया था कि हर महिला को एक हजार रुपये दूंगा। आज सुबह आतिशी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया। अब यह योजना दिल्ली में लागू हो गयी है। 10-15 दिन में चुनावों की घोषणा हो जायेगी, इसलिए अभी खाते में पैसे ट्रांसफर करना संभव नहीं है।

# चार दिवसीय सत्र का सुखद समापन: स्पीकर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** षष्ठम विधानसमा का चार दिवसीय पहला सत्र गुरुवार को संपन्न हो गया। सत्र के आखिरी दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के बाद सरकार का जवाब आया। सदन से 11,697 करोड़ का अनुपूरक बजट चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित हुआ। कार्यवाही के अंत में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस सत्र में सभी नव निर्वाचित माननीय सदस्यों का शपथ ग्रहण संम्पन्न हुआ। मैं समझता हूं कि यह गौरव का क्षण होता है और जनता के प्रति उत्तरदायी होने का एहसास कराता है। सदन में राज्यपाल का अभिभाषण हुआ। अभिभाषण के माध्यम से नवगठित सरकार ने अपनी प्राथमिकताओं को रेखांकित किया। इसके साथ ही राज्य के चहुमुखी विकास के लिए अपनी नीतियों और दिशा तय करने



का प्रयास किया। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण और पोषण इत्यादि पर जोर दिया है। अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित करके आप सभी माननीय सदस्यों ने कृतज्ञता ज्ञापित की है। सभा द्वारा पारित धन्यवाद प्रस्ताव की सूचना माननीय राज्यपाल महोदय को प्रेषित कर दी जायेगी। अध्यक्ष ने कहा कि यहां पर सभी माननीय सदस्य अलग-अलग दलों से अलग-अलग विचारधाराओं और अलग-अलग क्षेत्रों से आते हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि पूर्व कार्यकाल के भांति मेरे सभी सदस्य एक परिवार जैसा लगे आत्मीक भाव हो। हमेशा मेरे जीवन में अविस्मरणीय हो, न पक्ष, न विपक्ष सब मेरे लिए सदस्य हैं। इस सत्र में वर्तमान वित्तीय वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया गया। इस पर माननीय सदस्यों ने सार्थक रवनात्मक चर्चा की। इसे सदन से पारित किया गया। उन्होंने कहा कि चार दिनों का यह सत्र में मैंने महसूस किया कि राज्य के कल्याण के लिए, यहां की साढ़े तीन करोड़ की जनता के अपेक्षाओं और आंकाक्षाओं को पूरा करने के लिए, राज्य को एक उच्च स्थान पर ले जाने के लिए, पक्ष और विपक्ष दोनों की भावनाएं एक जैसी है। आने वाले समय में यह भावना हमारे बीच कायम रहे, मैं यह कामना करता हूं।

# ‘एक देश-एक चुनाव’ विधेयक को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

**शीतकालीन सत्र में इसे सदन में पेश कर सकती है सरकार**


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को केंद्रीय कैबिनेट की अहम बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ‘एक देश एक चुनाव’ विधेयक को मंजूरी दे दी। अब केंद्र सरकार शीतकालीन सत्र में इसे सदन में पेश कर सकती है। इससे पहले ‘एक देश, एक चुनाव’ पर बनी कोविंद समिति की रिपोर्ट को 18 सितंबर को केंद्रीय



कैबिनेट से मंजूरी मिल गयी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले 2019 में 73वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ‘एक देश एक चुनाव’ के अपने विचार को आगे बढ़ाया था। उन्होंने कहा था कि देश के एकीकरण की प्रक्रिया हमेशा चलती रहनी चाहिए। 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भी प्रधानमंत्री ने इस पर विचार रखा।

**क्या है एक देश एक चुनाव की बहस :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 के स्वतंत्रता दिवस पर ‘एक देश एक चुनाव’ का जिक्र किया था। तब से अब तक कई मौकों पर भाजपा की ओर ‘एक देश एक चुनाव’ की बात की जाती रही है। ये विचार इस पर आधारित है कि देश में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हों। अभी लोकसभा यानी आम चुनाव और विधानसभा चुनाव पांच साल के अंतराल में होते हैं। इसकी व्यवस्था भारतीय संविधान में की गयी है। अलग-अलग राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल अलग-अलग समय पर पूरा होता है। उसी के हिसाब से उस राज्य में विधानसभा चुनाव होते हैं। हालांकि कुछ राज्य ऐसे भी हैं, जहां विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओड़िशा और सिक्किम जैसे राज्य शामिल हैं।






सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 72,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 95,000 रु./प्रति किलो |



# सत्ता में रहें या न रहें, जनता के बीच जरूर रहते हैं: संजय यादव

## ■ हमारी सफलता की पूंजी है जनता से व्यक्तिगत जुड़ाव

## ■ लालू यादव लालू यादव हैं, हमारे गुरुदेव और गाइड भी

## ■ राजद अब सर्वजन की पार्टी बन गयी है यानी ए टू जेड की पार्टी

## ■ हेमंत चाहते हैं कि झारखंड में उद्योग का विस्तार हो ताकि पलायन रुके

**आजाद सिपाही विशेष**

आज हम बात कर रहे हैं संजय प्रसाद यादव की। इन्हें राजद कोटे से हेमंत सोरेन सरकार में उद्योग, श्रम नियोजन और कौशल विकास मंत्री बनाया गया है। ये शुरू से ही तेज-तर्रार नेता के रूप में जाने जाते रहे हैं। अब तक ये गोड्डा से राजद के टिकट पर तीन बार वर्ष 2000, 2009, और 2024 में विधानसभा का चुनाव जीत चुके हैं। श्री यादव स्पष्टवादी नेता हैं। वह किसी भी मुद्दे पर बड़ी बेबाकी से अपनी राय रखते हैं। इन्हें घुमा-फिरा कर बात करना पसंद नहीं। राजनीति में लंबा अनुभव रखने वाले संजय यादव, लालू प्रसाद यादव के बेहद करीबी भी माने जाते हैं। लालू प्रसाद यादव को गुरु मान, इन्होंने राजनीति में कदम रखा। श्री यादव के लिए जनता ही मालिक है। उनका मानना है, वह जो कुछ भी आज हैं, लालू प्रसाद यादव का आशीर्वाद और जनता के स्नेह के कारण ही हैं। संजय बड़े व्यवसायी भी हैं। उनका व्यवसाय में अच्छा-खासा अनुभव है। वह कहते हैं व्यवसायी होने के नाते वह उद्योग के क्षेत्र को अच्छी तरह समझते हैं। एक व्यवसायी और उद्योगपति को कैसी मुश्किलों से गुजरना पड़ता है, उसका उन्हें अनुभव है। हेमंत सोरेन सरकार यह चाहती है कि यहां उद्योग का विस्तार हो, ताकि पलायन रूक सके। वह इस क्षेत्र में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बेहतर काम करने का विजन रखते हैं। **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह ने मंत्री संजय प्रसाद यादव** से खास बातचीत की। प्रस्तुत है, उनसे हुई बातचीत के प्रमुख अंश।



**झारखंड राज्य में जो गरीबी है और यहां जो पलायन की स्थिति है, उसको हम कैसे रोक पायें और कैसे काम करें, यह हमारे लिए प्राथमिकता में है।**

***सवाल: सबसे पहले मंत्री पद के लिए आपको बहुत-बहुत बधाई। हेमंत सोरेन सरकार में आपको उद्योग, श्रम नियोजन और कौशल विकास विभाग का मंत्री बनाया गया है। झारखंड में उद्योगों के विकास और श्रमिकों के कल्याण को लेकर आपका विजन क्या है? आज झारखंड में उद्योग की जो मौजूदा स्थिति है, वह किसी से छिपी नहीं है, आप इसे कैसे देखते हैं और इसे कैसे डेवलप करेंगे?***

**जवाब:** सबसे पहले आजाद सिपाही की पूरी टीम को मैं, अपनी पार्टी की ओर से और गठबंधन की ओर से बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। आप लोग बहुत अच्छी तरह, पूरे राज्य की स्थिति को अखबार और चैनल के माध्यम से दिखा रहे हैं, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। आपने प्रश्न किया कि झारखंड में क्या स्कोप है। चूंकि मैं अभी-अभी मंत्री बना हूं। सदन भी चल रहा था। पदभार संभाले अभी कुछ ही दिन हुआ है। फिलहाल अफसर लोगों के साथ, पूरी टीम के साथ, परिचय प्राप्त हुआ है। सेक्रेटरी से भी हमने पर्सनली बात की है। देखिये झारखंड राज्य में जो गरीबी है और यहां जो पलायन की स्थिति है, उसको हम कैसे रोक पायें और कैसे काम करें, यह हमारे लिए प्राथमिकता में है। चूंकि बड़ी उम्मीद से हमारे मालिकों यानी जनता ने, गठबंधन को ऐसा जनमत दिया है, अपार बहुमत दिया है और हम लोगों ने जो वादा किया है, उस पर हम कैसे खरा उतर सकते हैं इसे लेकर हम रोड मैप बना रहे हैं। हमारे पास जो विभाग है, उसको कैसे झारखंड और यहां के निवासियों के हित में डवल कर सकते हैं, इस पर हम गहन मंथन कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि विकास का ऐसा रोल मॉडल बनाया जाये कि पूरे देश और विश्व में मैसेज जाये कि झारखंड राज्य आज कितना डेवलप कर रहा है। उन्होंने कहा, हेमंत सरकार का पूरा फोकस इस बात पर है कि यहां के लोगों का रोजी-रोजगार के लिए पलायन कैसे रूके। सरकार चाहती है कि हम खुद ही अपने यहां इतना अवसर पैदा करें कि लोगों को दो जून की रोटी के लिए दूसरे राज्यों में पलायन नहीं करना पड़ा।



**हेमंत सरकार का पूरा फोकस इस बात पर है कि यहां के लोगों का रोजी-रोजगार के लिए पलायन कैसे रूके। सरकार चाहती है कि हम खुद ही अपने यहां इतना अवसर पैदा करें कि लोगों को दो जून की रोटी के लिए दूसरे राज्यों में पलायन नहीं करना पड़े।**

***सवाल: पलायन झारखंड की बड़ी समस्याओं में से एक है। लोग मजबूर हो जाते हैं, दूसरे राज्यों में काम करने के लिए। इसको लेकर आप क्या सोचते हैं ?***

**जवाब:** पलायन को लेकर हमारे मुख्यमंत्री काफी चिंतित हैं। ऐसे भी मुख्यमंत्री जी का सोच भी है कि झारखंड के लोगों को कैसे हम ताकत दें, रोजगार दें, क्योंकि बड़ी उम्मीद और विश्वास के साथ, हमारे मालिकों यानी जनता ने हमें चुना है। हम उसी जनता के बल पर आज विधायक बने हैं, मंत्री बने हैं। इन विषयों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगे बढ़ कर काम भी कर रहे हैं। मैंने भी खुद इस विषय पर काफी चिंतन किया है। आपने देखा भी कि जिस तरह से बजट राज्यपाल महोदय ने बजट पेश किया,उससे स्पष्ट है कि इस राकर में डायरेक्ट जनता के हित के लिए काम किया जा रहा है।



***सवाल: 2019 में आरजेडी एक सीट पर थी, कौन सी जादू की छड़ी आप लोगों ने घुमायी कि आरजेडी चार सीट झटक ले गयी?***

**जवाब:** देखिए चूंकि, 24 साल के दरम्यान, करीब-करीब 17-18 साल बीजेपी का शासन रहा। बीजेपी के टारगेट पर आरजेडी ही हमेशा रहा। जिस तरह से पीएम मोदी ने देवघर क्षेत्र में प्रोग्राम किया आप लोगों को मालूम ही है। एक तरफ हमारे मुख्यमंत्री और प्रतिपक्ष के नेता भाई तेजस्वी यादव जी की सभा हुई और उसी जगह जस्ट सामने मोदी जी की सभा हुई। जिस तरह से मेरे नॉमिनेशन में लोग उपस्थित हुए थे और सीएम हेमंत सोरेन और तेजस्वी यादव का भाषण सुनने के लिए लोग आये थे, उसी दिन यह तय हो गया था कि यहां कोई भी आ जाये, कोई अंतर पड़ने वाला नहीं है। इस बार झारखंड के लोगों ने मन बना लिया था कि इंडिया गठबंधन को ही मदद करनी है। और इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनानी है। आपने कहा कि आरजेडी कैसे एक से चार हो गयी। देखिये, हम लोग जब बिहार से झारखंड आये थे, तो 13 सीट जेएमएम के पास थी, 11 सीट कांग्रेस के पास थी और नौ सीट हमारे यानी राजद के पास थी। मैं खुद बिहार से 2000 में जीत कर आया था, मैं 2009 में भी जीता था। देखिये आप लोगों को भी पता है कि गोड्डा हम लोगों की पारंपरिक सीट नहीं है। क्योंकि हमारी आबादी भी वहां कम है, कम नहीं काफी कम है और सब दिग्गज वहीं लड़ते हैं। लेकिन उसके बावजूद हमारे मालिकों (जनता) ने तीन-तीन बार मुझ पर विश्वास किया। देखिये मेरे काम करने का एक अलग ही स्टाइल है। मैं हमेशा लोगों के संपर्क में रहता हूं। चाहे मैं विधायक रहा या न रहा। मेरा आज तक कोई पीए भी नहीं रहा। मैं खुद अपने मालिक यानी जनता से डायरेक्ट संपर्क में रहता हूं। उनका फोन उठाता हूं। उनकी समस्याओं को सुनता हूं। मैं विधायक रहूं या न रहूं, मेरे क्षेत्र की जनता मुझे हमेशा एक विधायक के रूप में ही देखती है। आपको पता होगा कि मैं पहली बार 32 हजार वोट लाया था। उसके बाद लगातार 15 हजार, 20 हजार वोट बढ़ता गया। मेरा वोट कभी घटा नहीं। मैं विश्वास के साथ काम करता हूं। देखिये हार-जीत लगी रहती है, लेकिन जनता ने तो मुझे अपार समर्थन दिया।



**इस बार झारखंड के लोगों ने मन बना लिया था कि इंडिया गठबंधन को ही मदद करनी है। और इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनानी है।**

***सवाल: राजद की बेहतरीन परफॉरमेंस का मूल कारण क्या रहा, आप लोग भाजपा से देवघर छीन लेते हैं, गोड्डा आपके पास है, हुसैनाबाद आपके पास है, विश्रामपुर आपके पास है। जीत का मूल कारण बताइये?***

**जवाब:** देखिये, हम लोग अपने लोगों से, अपने मालिक से 24 घंटा संपर्क में रहते हैं। उनके साथ हम लोग सुख-दुःख में साथ रहे। चाहे किसी का एक्सीडेंट हो जाये, चाहे कोई थाना का चक्कर हो, चाहे उनके विकास का कोई मुद्दा हो, चाहे शादी-ब्याह हो, श्राद्ध हो, पूजा-पाठ हो, हम लोग हमेशा उनके साथ रहे और रहते हैं। मैं अगर अपनी बात कहूं तो अगर मैं कहीं उपस्थित नहीं हो पाता तो मेरा बेटा उनके साथ हो लेता है। मैं नहीं हूं तो मेरी पत्नी उनके सुख दुःख में चली जाती हैं। जो समस्या का निदान मेरा बेटा नहीं कर पाया, तो पत्नी कर देती हैं, अगर वह नहीं कर पातीं तो मैं कर देता हूं। चूंकि मेरा पूरा परिवार पॉलिटिकल परिवार है। आपको पता है कि बिहार में भी मेरे भाई एमएलए हैं। जब से मुखिया का चुनाव हो रहा है, पहले भैया थे, अब भाभी हैं। जिला परिषद में मेरे छोटे भाई की पत्नी हैं, मेरी सरहज गोड्डा जिला की उपाध्यक्ष हैं। मेरी पत्नी अध्यक्ष रह चुकी हैं, उसके बाद वह चुनाव ही नहीं लड़ीं, जनता तो चाह रही थी, लेकिन मैंने ही मना कर दिया। देखिये हम लोग पूरा पॉलिटिकल परिवार हैं। हमें पता है कि जनता को क्या चाहिए। आपको पता होगा, काफी लोग दिखा रहे थे कि अभी जो एमपी का चुनाव हुआ, अगर बांका से मुझे टिकट मिला होता तो आज मैं एमपी होता। मैं तो गोड्डा से भी टिकट मांग रहा था। अगर गोड्डा से भी टिकट मिल जाता तो मैं वहां से भी लड़ता। आप एक चीज जान लीजिए कि हम ही लोग निशिकांत दुबे को मात दे सकते हैं। ठीक है गठबंधन में सीट शेयरिंग के हिसाब से काम हुआ। लेकिन जो कैंडिडेट सामने है, उसको कौन मजबूती से सामना कर सकता है, उससे कौन लड़ सकता है और उसका वोट कौन काट सकता है, जब तक उसका वोट हम नहीं काटते हैं, तब तक वहां जीत नहीं होगी। सब मालिक यानी के ऊपर है।



**हमें पता है कि जनता को क्या चाहिए। आपको पता होगा, काफी लोग दिखा रहे थे कि अभी जो एमपी का चुनाव हुआ, अगर बांका से मुझे टिकट मिला होता तो आज मैं एमपी होता।**

***सवाल: मंत्री बनने के बाद एक बड़ी रिस्पांसिबिलिटी आपके पास आ गयी है। मंत्री बनने के बाद आप लालू प्रसाद यादव से भी आशीर्वाद लेने गये थे। क्या कहा उन्होने ?***

**जवाब:** देखिये लालू प्रसाद यादव जी ने तो मुझे बच्चे की तरह खेलाया भी है। विधायक भी बनाया है। तो उनसे बहुत सारी चीजों को हमने सीखा है। आप लगातार देखे होंगे, जिस तरह से झारखंड बिहार में हम कैंप करते हैं, हमारे जो लोग हैं, हमारी जो पहचान है, एक अलग तरीके की है। हमसे किसी को नाराजगी नहीं हो सकती है। मैं पहला व्यक्ति हूं जिसे सभी समुदाय का वोट मिलता है।

आप लोगों को पता है कि गोड्डा में हमारे मैथिलि समाज का गढ़ है। ब्राह्मण समुदाय का गढ़। उन्होंने भी दिल से मुझे वोट दिया। बहुत ब्राह्मण अफसर, ब्राह्मण नेता बरगलाने के लिए कह रहे थे आरजेडी को क्यों, क्यों आरजेडी का आप लोग पट्टा पहन के घूम रहे हैं। मोतिया जैसा गांव, डुमरिया जैसा गाव, महेशपुर जैसा गांव, सनौर, डरमा, बोदरा, बंदरवाल, लखन पहाड़ी, और आसपास के गांवों में मेरा व्यक्तिगत रिश्ता है। यहां मैंने एक पारिवारिक रिश्ता कायम किया है। मैं विधायक के रूप में काम नहीं करता, मैं भाई बन कर, बेटा बन कर, दोस्त बन कर काम करता हूं। चाहे हमारी मां हों, बहन हों, सारे लोग हमें विधायक के रूप में नहीं देखते हैं। वे मुझे बेटा के रूप में देखते हैं। और सबकी जुबान पर संजय यादव है। यही कमाई है मेरी। यही पूंजी है, यही लालू यादव ने हमें सिखाया है। हमारे नेता तेजस्वी यादव तो बहुत बेहतरीन काम कर रहे हैं। देखिये एक बात तो स्पष्ट है कि हमारी पार्टी ए टू जेड की पार्टी हो गयी है। अब तो ये रहा नहीं कि एमवाई समीकरण, या फलना जो पहले लोग बोलते थे। अब हमारी पार्टी ए तो जेड की पार्टी है। उस हिसाब से हमारी पार्टी काम कर रही है। हम लोग सभी लोगों को लेकर चलेंगे, किसी का अपमान नहीं होने देंगे। उनकी जो भी समस्याएं रहेंगी उसका निदान करेंगे।



**लालू जी का जमाना कुछ और अभी का जमाना कुछ और हो गया है। निश्चित रूप से जो नयी चीजें हैं, वह भी साहेब को बतायी जाती है। फिर साहेब उन चीजों का मंथन करते हैं। उसके बाद साहेब तेजस्वी यादव को गाइड करते हैं।**

***सवाल: तेजस्वी यादव जब से पार्टी की रिस्पांसिबिलिटी संभाले हैं, तो क्या डिफरेंस दिखता है लालू यादव जी के नेतृत्व में और अभी तेजस्वी यादव के नेतृत्व में? चूंकि तेजस्वी यादव युवा हैं, अलग उत्साह लाये हैं पार्टी में।***


**जवाब:** देखिये लालू यादव, लालू यादव हैं। लालू यादव हम लोगों के गुरुदेव हैं। हम लोगों ने जो कुछ भी सीखा है, उन्ही से सीखा है। लालू यादव जी बीच-बीच में हमें डायरेक्शन भी देते हैं। वह हमें गाइड करते हैं कि ऐसे करने से यह होगा, वैसे करने से यह होगा। हमें हर तरह का डायरेक्शन उनसे मिलता है। आपको क्या लगता है कि तेजस्वी जी बगैर लालू जी से बिना पूछे कोई काम करते हैं क्या। देखिये लालू जी का जमाना कुछ और अभी का जमाना कुछ और हो गया है। निश्चित रूप से जो नयी चीजें हैं, वह भी साहेब को बतायी जाती है। फिर साहेब उन चीजों का मंथन करते हैं। उसके बाद साहेब तेजस्वी यादव को गाइड करते हैं। लालू यादव जी के डायरेक्शन के बिना एक चीज इधर-उधर नहीं होती। उन्होंने बार-बार जोर देकर कहा कि हम सत्ता में रहे या न रहें, जनता के बीच में जरूर रहते हैं।

# मुख्यमंत्री के आदेश पर झारखंड के मजदूरों को कैमरून भेजने वाले नियोजकों पर प्राथमिकी दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद कैमरून (मध्य अफ्रीका) में फंसे झारखंड के श्रमिकों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। मुख्यमंत्री ने कैमरून में फंसे झारखंड के 47 प्रवासी श्रमिकों के वेतन भुगतान नहीं किये जाने के संदर्भ में प्राप्त शिकायत पर श्रमायुक्त को निर्देश दिया कि नियोजकों, नियोक्ताओं और मिडिलमैन के विरुद्ध एफआइआर दर्ज करने की कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद गुरुवार को श्रमायुक्त ने नियोजकों, नियोक्ताओं और मिडिलमैन के विरुद्ध हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह में प्राथमिकी दर्ज करा दी है।

प्राथमिकी में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि नियोजकों, नियोक्ताओं और मिडिलमैन के जरिये उक्त श्रमिकों को अंतरराज्यीय प्रवासी श्रमिक (नियोजन का विनियमन और सेवा शर्त) अधिनियम, 1979 के तहत बिना प्रवासी मजदूर के रूप में निबंधन कराये और बगैर लाइसेंस प्राप्त किये, धोखे से और जालसाजी कर मध्य अफ्रीका स्थित कैमरून भेजा गया है, जो गैरकानूनी है।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को विगत दिनों जानकारी प्राप्त हुई कि झारखंड के कुछ श्रमिक एम/एस ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड कैमरून, सेंट्रल अफ्रीका में कार्यरत हैं। इन सभी श्रमिकों का तीन माह का वेतन लंबित है और वे भारत वापसी की मांग कर रहे हैं। मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद श्रमायुक्त के दिशा निर्देश में राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क किया। कंपनी ने बताया कि श्रमिकों को 100 डॉलर प्रति माह का भुगतान किया गया है और बाकी बकाया राशि उनके भारतीय खातों में ट्रांसफर की जायेगी। श्रमिकों ने इस भुगतान की पुष्टि की है। श्रमायुक्त के निर्देश पर राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने कंपनी को अनुबंध की प्रति, वेतन भुगतान की जानकारी और अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश एवं श्रम विभाग ने पीओई रांची और अन्य संबंधित विभागों को पत्र भेजा है और आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है। कंपनी से कंट्रोल रूम ने पुनः संपर्क किया है। उन्होंने मामले के शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया है, जिसके अनुसार उप-कॉन्ट्रैक्टर से बातचीत कर श्रमिकों के बकाया वेतन भुगतान का समाधान किया जायेगा। बकाया राशि उनके भारतीय खातों में ट्रांसफर की जायेगी। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने सूचित किया है कि एम/एस ट्रांसरेल कंपनी श्रमिकों के साथ बातचीत कर रही है और इन फंसे हुए श्रमिकों की सुरक्षित वापसी, उनके लंबित भुगतान और दस्तावेजों का समाधान करेगी। कंट्रोल रूम टीम लगातार ईमेल और फोन के माध्यम से अधिकारियों और श्रमिकों से संपर्क कर सुरक्षित वापसी के प्रयासों में लगी है। यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि ठेकेदार वेतन भुगतान करने में असफल होंगे तो उनके साथ समझौता रद्द किया जायेगा।

# संजय सेठ विशेष अलंकरण समारोह में सम्मिलित हुए



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को राष्ट्रपति भवन, नयी दिल्ली में भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विशेष अलंकरण समारोह में सम्मिलित हुए। माननीया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नेपाल के सेनाध्यक्ष जनरल अशोक राज सिगडेल को भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक प्रदान की। यह रैंक उन्हें सराहनीय सैन्य कौशल और भारत के साथ नेपाल के दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण सम्बंधों को और आगे बढ़ाने में उनके अतुलनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.2 °c | 8.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.04 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.20 बजे |

# झारखंड विधानसभा में 11,697 करोड़ का अनुपूरक बजट पारित

## सरेंडर होनेवाली राशि का इस्तेमाल मंईयां सम्मान योजना और मुफ्त बिजली बिल के लिए किया : राधाकृष्ण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** षष्ठम विधानसभा सत्र के चौथे और आखिरी दिन गुरुवार को वर्ष 2024-25 के लिए 11697.45 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। इसमें महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के लिए सबसे ज्यादा 6390.55 करोड़ और ऊर्जा विभाग के लिए 2577.92 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के कटौती प्रस्ताव का जवाब देते हुए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन को बताया कि आखिर द्वितीय अनुपूरक बजट क्यों लाना पड़ा। इससे पहेल सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने अनुपूरक बजट पर अपना विचार रखा।

वित्त मंत्री ने विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि 1,697 करोड़ रुपये सरकार के संकेत पर सरेंडर नहीं हुआ है। चुनावी वर्ष में जो विभाग राशि खर्च नहीं कर पाये, तो सरकार ने उसे सरेंडर होने से बचाते हुए मंईयां सम्मान योजना और मुफ्त बिजली बिल के लिए इस्तेमाल किया। वित्त मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारें भी ऐसा करती रहीं हैं। उन्होंने कहा कि चुनावी वर्ष में भी राज्य सरकार ने 42 प्रतिशत राजस्व का सृजन किया है। यह कुशल मैनेजमेंट का उदाहरण है।

अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान पक्ष और विपक्ष में काफी खींचतान भी दिखी। वित्त मंत्री ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना पर व्यंग किया जा रहा है, लेकिन यह समझना चाहिए कि महिलाएं साधारण बीमारी के लिए पैसे नहीं जुटा पातीं थी। आज वे लोग खुश हैं कि सरकार उन्हें कुछ दे रही है। अब महिलाओं को दवा खरीदने के लिए हाथ नहीं पसारना पड़ेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि ये पैसे बाजार से होते हुए कर राजस्व के रूप में सरकार के खजाने में पहुंचेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड में कुल 13 वर्ष और 62 दिन भाजपा की सरकार रही। उन्होंने पूछा कि जब झारखंड बाल काल में था, तब सींचने के लिए आपने क्या किया। उस समय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए कुछ नहीं हुआ। वित्त मंत्री ने कहा कि चुनाव की रात ये लोग सिर्फ वोट खरीदने में मशगूल थे। भाजपा के पास विकास का कोई नारा नहीं था, सिर्फ घुसपैठ की बात हो रही थी।

# बहनों को राशि देकर निकम्मा बना देगी सरकार : जयराम

जेएलकेएम विधायक जयराम महतो ने कहा कि गुरुवार की बहस का केंद्र बिंदु मंईयां सम्मान योजना रही। हम भी महिला सम्मान के पक्षधर हैं। मैं कहना चाहूंगा कि बहनों को स्कूल और कॉलेज जाने से पहले अगर आप पैसे देंगे, तो आप उन्हें निकम्मा बना देंगे। उन्हें स्कॉलरशिप के रूप में पैसे दिये जाने चाहिए। 18 से 30 साल की लड़कियों को 2500 रुपये देने से उनकी प्रतिभा नष्ट हो रही है। उनकी प्रतिभा नकारात्मक दिशा में जायेगी।



जयराम महतो ने कहा कि अगर मंईयां सम्मान योजना के तहत 2500 रुपये सम्मान राशि है, तो सभी विधायकों को बस की सुविधा दी जानी चाहिए। सभी माननीयों को ट्रेन से रांची आना चाहिए। सभी डीए भत्ता का त्याग करें। जांच हो कि माननीयों के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं या गैर सरकारी स्कूलों में। अगर कसौटी में उतरते हैं, तब कहेंगे कि यह मंईयां सम्मान योजना है। सम्मान समानता से आता है। जयराम महतो ने कहा कि सीजीएल का मामला आज भी गर्म है। सांच को आंच क्या। करा लें जांच। इसको विपक्ष की साजिश नहीं कह सकते।

## सरकार फिर आंख में झोंक रही है धूल : नवीन जायसवाल



वहीं भाजपा की ओर से हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने पूछा कि हर वर्ष एक लाख नौकरी किसको देगी सरकार। राज्यपाल के अभिभाषण में थर्ड और फोर्थ ग्रेड में स्थानीय को सौ फीसदी नौकरी का जिक्र है। 2013 में यही वादा हेमंत सोरेन ने किया था। 2019 में भी वादा किया था। इससे साफ है कि वर्तमान सरकार आंख में धूल झोंक रही है।उन्होंने पूछा कि यह सरकार किस नियोजन नीति के तहत नौकरी देगी। राज्य में अभी कौन सी नियोजन नीति लागू है।

## अनुपूरक बजट से संबंधित कई सवाल का जवाब साफ नहीं: सरयू राय



अनुपूरक बजट से संबंधित कई सवालों का जवाब साफ नहीं हैं। सरकार को बताना चाहिए कि 30 नवंबर तक सरकार के किस विभाग की कितनी राशि खर्च हुई है। जब कर्ज लिया ही नहीं जा रहा है, तो 112 करोड़ इस मद में क्यों लिया जा रहा है।

# मथुरा प्रसाद महतो बने झामुमो के मुख्य सचेतक

- प्रदीप यादव होंगे कांग्रेस विधायक दल के नेता





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस ने ने पोड़ैयाहट के विधायक प्रदीप यादव को विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। बाकायदा इसकी सूचना विधानसभा अध्यक्ष को दे दी गयी है। खुद प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो से मुलाकात करने के बाद बंद लिफाफे में प्रदीप यादव का नाम दे दिया है। इसके साथ ही उप नेता भी चुन लिया गया है।

उधर टुंडी के विधायक और झारखंड मुक्ति मोरचा के वरिष्ठ नेता मथुरा प्रसाद महतो को विधानसभा में जेएमएम का मुख्य सचेतक बनाया गया है। इस बात की घोषणा सदन में की गयी है। मथुरा प्रसाद महतो ने मुख्य सचेतक बनाये जाने पर पार्टी को आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वह केंद्र नेतृत्व के फैसला को मानेंगे और पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए हर काम करेंगे।

## राधाकृष्ण किशोर ने वार्षिक प्रतिवेदन रखा

**रांची (आजाद सिपाही)।** षष्ठम विधानसभा सत्र के चौथे वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने जिला खनिज फाउंडेशन के वित्तीय वर्ष 2020-21 और 2021-22 का वार्षिक प्रतिवेदन सदन में रखा।

## क्राइम तेजी से फैल रहा है : रागिनी सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि क्राइम काफी तेजी से फैल रहा है। झारखंड की बेटी, बहू और व्यापारी कैसे सुरक्षित रहें, इस पर कोई बोल नहीं रहा।

## बालू 45 से 50 रुपये बोरी : शशिभूषण

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि पलामू में 45 से 50 रुपये बोरा बालू मिल रहा है। बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये।

## मांडू को अनुमंडल बनायें : निर्मल महतो

**रांची (आजाद सिपाही)।** आजसू विधायक निर्मल महतो ने मांडू को अनुमंडल बनाने और ढाढ़ी प्रखंड को रामगढ़ में शामिल करने की मांग की।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: एम-54-आर-क्यूडब्ल्यूएस-मुरी-पीएफ3-47, दिनांक: 12.12.2024;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रॉंची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** मुरी जंक्शन - रॉंची मंडल में मुरी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 3 पर त्वरित जल व्यवस्था प्रणाली जल पाइपलाइन का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (जीएसटी सहित):** रु. 54,99,504.96; **बयाना राशि:** रु. 1,10,000; **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 02.01.2025 को अपराह्न 03.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं ब्यौरा: www.ireps.gov.in.** (PR-899)

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोग-शोक-दु:श्चिन्ताओं से छुटकारा मिलेगा,सुख-सुविधा के साधन बनेंगे।

**वृष** परिश्रम प्रयत्न से जटिल समस्या का समाधान मिलेगा,कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण।

**मिथुन** रोजी-रोजगार में सफलता,माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।

**कर्क** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकाश होगा,परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।

**सिंह** कठिन परिश्रम-प्रयत्न से आजीविका के क्षेत्र में सफलता, आत्मबल एवं कर्मबल में वृद्धि होगी।

**कन्या** नौकरी-व्यापार की स्थिति में सुधार, नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।

**तुला** परिस्थितियों में सुधार,नौकरी में बदलाव होने की संभावना,विविध समस्याओं का समाधान।

**वृश्चिक** स्वास्थ्य में सतर्कता आवश्यक है,राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी।

**धनु** आत्मविश्वास की वृद्धि,रुके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता,संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति।

**कुंभ** लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

**मीन** चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

# मंईयां सम्मान योजना के लिए बजट में कटौती : सत्येंद्र नाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** षष्ठम विधानसभा सत्र के चौथे और आखिरी दिन गुरुवार को वर्ष 2024-25 के द्वितीय अनुपूरक बजट के कटौती प्रस्ताव पर भाजपा के सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि उनकी पार्टी इस पहल की सराहना करती है, लेकिन चुनाव के बाद जिस तरह से कुछ मानदंड लाये गये उससे वह खुश नहीं है। तिवारी ने कहा कि चुनाव के दौरान सत्तारूढ़ पार्टी ने सभी महिलाओं को मैय्या सम्मान का लाभ देने का वादा किया था, लेकिन अब वह कुछ योग्यता मानदंड लेकर आयी है। मुझे नहीं लगता कि एक प्रतिशत महिलाएं भी इस मानदंड को पूरा कर पायेंगी। तिवारी ने कहा कि कृषि सखी और पशु मित्र योजनाओं के लिए काम करने वालों को केवल 1500 रुपये का पारिश्रमिक मिलता है। उन्होंने कहा कि अब वे अपनी नौकरी छोड़कर मंईयां सम्मान योजना में अपना नाम दर्ज करा रहे हैं। वे कह रहे हैं कि अगर उन्हें बिना काम किये 2500 रुपये मिल सकते हैं, तो वे 1500 रुपये में काम क्यों करेंगे।

भाजपा के एक अन्य विधायक नवीन जायसवाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने मंईयां सम्मान योजना के लिए कृषि, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य और आदिवासी कल्याण के बजट में कटौती की है।

## अरूप चटर्जी ने सहारा में निवेश करने वालों के लिए बनी योजना को सराहा



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को विधायक अरूप चटर्जी ने सहारा में निवेश करने वालों के लिए बनायी गयी योजना को सराहा।

# किसी को भी भूखे मरने नहीं दिया जायेगा: हेमलाल

> अभिभाषण सभी विभागों के सर्वांगीण विकास का दर्पण है

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** षष्ठम विधानसभा सत्र के चौथे और आखिरी दिन राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव के पक्ष में बोलते हुए झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सभी विभागों के सर्वांगीण विकास का दर्पण है। शिक्षक नियुक्ति के साथ स्थानीय भाषा को बढ़ावा देने की बात कही गयी है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिनको नजर नहीं, वे नजरों की बात करते हैं। ये लोग अभिनय में भी कम नहीं है। इन लोगों ने गायब स्थान को रणक्षेत्र बनाया। वहां बड़े-बड़े नेता आये। आदिवासी और अल्पसंख्यक के बीच लड़ाई कराने गये। दावा ठोंका 65 पार, पर यहां की जनता को समझ नहीं पाये। खजूर में भी नहीं बबूल पर लटक गये और 21 पर आ गये। अब जनता इनको सत्ता पक्ष की ओर बैठने का मौका नहीं देगी। चुनाव के बीच गोगो दीदी योजना लेकर आये। ठगने के लिए फॉर्म भी भरवाया। पूरी पोटली बांध कर गुवाहाटी चला गया।

### जनता की नजर में रिडेक्शन माल हो गया

हेमलाल मुर्मू ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कि ये लोग जनता की नजर में रिडेक्शन माल हो गये। कमल फूल मुरझा गया और पंखुड़ी उड़ गये। चंपाई सोरेन को कौन सा भूत लगा, जो उधर भाग गये। हमको अनुभव है कि उधर क्या है। भाजपा आदिवासियों को समझ नहीं पाती है। आदिवासियों ने इन्हें नकार दिया है। यही गठबंधन की सरकार राज्य को आगे बढ़ा सकती है। आने वाले चुनाव में इन लोगों का नामोनिशान मिट जायेगा। बाबूलाल और चंपाई सोरेन को कहा कि आप अपना गाल बजाना बंद कीजिए। यह सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए काम करेगी।

# राज्यपाल का अभिभाषण कई मायनों में महत्वपूर्ण: स्टीफन

> महिला सशक्तिकरण पर फोकस किया गया है। मंईयां सम्मान योजना से आर्थिक मदद मिल रही है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण कई मायनों में महत्वपूर्ण है, जो यहां की योजनाओं को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को प्रचंड बहुमत मिला है। जिम्मेदारी बढ़ी है। झारखंड की अस्मिता की रक्षा का दायित्व भी है। राज्य के सर्वांगीण विकास की बात अभिभाषण में है। स्थानीय भाषा को स्वीकृति और शिक्षकों की नियुक्ति की बात कही गयी है। महिला सशक्तिकरण पर फोकस किया गया है। मंईयां सम्मान योजना से आर्थिक मदद मिल रही है। अंबेडकर लाइब्रेरी की बात कही गयी है। स्थानीय नीति बना कर रोजगार देने की बात कही गयी है। झारखंड ने खेल में पहचान बनायी है। स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की बात कही गयी है। क्षेत्रीय भाषा को सुदृढ़ करने के साथ मदरसा बोर्ड बनाने की बनाने की बात कही गयी है।



# सरकार ने मजबूत इच्छाशक्ति को प्रकट किया: प्रदीप यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता जाहिर की। उन्होंने कहा कि अभिभाषण में सरकार की सोच और संकल्पों को प्रदर्शित किया गया है। यह सरकार के कमिटमेंट को दर्शाता है। सरकार ने यह कहने का प्रयास किया है कि हम गरीबों के लिए हैं। सरकार ने समझा है कि नर की सेवा ही नारायण की सेवा है। सबको साथ लेकर चलने का संकल्प है। सरकार सबका साथ सबका विकास करना चाहती है।

प्रदीप यादव ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे घट कर 24 पर चले गये। हमारे संकल्पों पर जनता ने मुहर लगायी है।

जुमलों पर जनता ने विश्वास नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि दंगा-फसाद कराने का प्रयास किया गया। घुसपैठ को देखने की जिम्मेदारी केंद्रीय गृह मंत्री की है। ये घुसपैठ के नाम पर दंगा कराना चाहते हैं। प्रदीप यादव ने जाति जणगणना की वकालत की।

## हेमलाल मुर्मू की अमर्यादित टिप्पणी पर महिला विधायक भड़कीं



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा में गुरुवार को बजट प्रस्ताव के समर्थन में झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू की एक अश्लील टिप्पणी पर सियासत गरमा गयी। झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने अपने भाषण में विपक्षी नेताओं का नाम लेते हुए कहा कि ... में हल्दी लगा बावर्ची बनना बंद करिए। भाजपा विधायक डॉ नीरा यादव ने हेमलाल मुर्मू की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जतायी। नीरा यादव ने कहा कि सदन में 12 महिला सदस्य हैं। सभी स्वाभिमान के साथ जीना चाहती हैं। ऐसे में इस तरह के बयान को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। हेमलाल मुर्मू इस पर माफी मांगें। इस पर स्पीकर ने कहा कि कभी-कभी बोलते समय स्लीप ऑफ टंग हो जाता है। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि यदि इस शब्द पर आपत्ति है, तो इसे स्पंज कर दिया जायेगा। वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कोई भी सदस्य अपशब्द का प्रयोग नहीं करे। इसका ख्याल रखना पड़ेगा।

## जनभावनाओं के अनुरूप सरकार काम करने के लिए संकल्पित है : कोंगाड़ी



**रांची (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि सरकार जनभानाओं और जन आकांक्षाओं के अनुरूप काम करने के लिए संकल्पित है। सरकार ने युवाओं को रोजगार के अवसर देने की घोषणा की है। महिलाओं के सशक्तिकरण की बात कही है। उन्होंने झालको को पुनर्जीवित करने पर जोर दिया।

## सरकार ने राज्य के सभी वर्ग के लिए काम किया है : सुरेश पासवान



**रांची (आजाद सिपाही)।** राजद विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला है। दलितों-गरीबों के लिए योजनाएं बनायी गयी हैं। महिला समाज को सम्मान देने की बात कही गयी है। राज्य के सभी वर्ग के लिए काम किया गया है।

# बजट में चुनावी वादों का जिक्र नहीं दिखा: पूर्णिमा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा विधायक पूर्णिमा दास साहू ने कहा कि चुनाव के दौरान लोगों से जो वादे किये गये थे, इसका अनुपूरक बजट में जिक्र नहीं दिखा। 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का जिक्र बजट में नहीं दिखा।

सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्णिमा दास साहू ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह करते हुए कहा कि जल्द सभी योजनाओं को धरातल पर रखें। उन्होंने कहा कि सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना देने की बात कही गयी थी, लेकिन सरकार बनते ही वह चुनावी वादों से मुकर जाती है।

# बालू की कमी से राज्य में निर्माण कार्य पूरी तरह से ठप : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बालू की कमी को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को पोस्ट कर कहा है कि झारखंड में बालू की कमी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 444 बालू घाटों में से केवल 51 को स्वीकृति है और उनमें से भी केवल 24 से निकासी हो रही है। इस कारण राज्य में निर्माण कार्य पूरी तरह ठप हो गये हैं।



उन्होंने लिखा कि बालू की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी हैं। महज 10 दिनों में एक ट्रॉली बालू की कीमत में 12,000 रुपये तक का इजाफा हुआ है। पलामू सहित झारखंड के अन्य जिलों में बालू 25 से 40 रुपये प्रति बोरी बिक रहा है। इस कमी ने न सिर्फ अपार्टमेंट निर्माण, बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर भी असर डाला है। उन्होंने आगे लिखा कि अगर यह संकट जल्द हल नहीं हुआ, तो राज्य में विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि राज्य के लोगों को राहत मिले और निर्माण क्षेत्र फिर से पटरी पर लौट सके, इसके लिए जरूरी है कि बालू की कालाबाजारी पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाये। साथ ही बालू माफियाओं के खिलाफ ठोस और सख्त कदम उठाये जायें।

## बीएड कॉलेज में व्याख्यान शृंखला का शुभारंभ



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव गौरव पटेल विशिष्ट अतिथि रितेश कुमार व प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुर्वेदी, डॉ अनिल कुमार कुशवाहा ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलन कर किया। बीएड कॉलेज के सचिव गौरव पटेल ने प्रशिक्षुओं के कौशल विकास में व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन को अतिमहत्वपूर्ण बताया। व्याख्यान श्रृंखला के प्रथम दिवस में बतौर मुख्य वक्ता जीडी बगरिया महाविद्यालय, गिरिडीह के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार कुशवाहा ने प्रशिक्षु शिक्षकों को सूक्ष्म शिक्षण कौशल के द्वारा बालकेंद्रित शिक्षा और प्रभावी शिक्षण शैली पर विस्तारपूर्वक अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। समारोह का संचालन ओमकार नाथ शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन शशिभूषण देव ने किया। मौके पर आइक्यूएसी कॉर्डिनेटर और एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वणा मिश्रा, सहायक प्राध्यापकगण, बबली कुमारी, अशोक कुमार झा, वीरेन्द्र देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा, प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अद्दश मुखर्जी, डॉ सतीश चंद्र यादव, जयपाल राणा, डॉ० अम्बरीश कु० दुबे, डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु० पाठक, सीमा, छवि राम सिंह, अजीत कुमार, भुवनेश्वर कुमार महतो, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रकाश कुमार, आजाद, नाजरा सुनीता सभी सत्रों के प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

## अनुकंपा के आधार पर तीन अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र



कोडरमा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अनुकंपा पर आधारित तीन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। जिसमें रूची पांडेय, रोनाल्ड अंकित लकड़ा और सन्नी कुमार को अनुकंपा पर आधारित नियुक्ति पत्र दिया गया। रेखा पांडेय, रोनाल्ड अंकित लकड़ा को निम्नवर्गीय लिपिक और सन्नी कुमार को चौकीदार के पद पर नियुक्ति पत्र दिया गया। उपायुक्त ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी और बेहतर तरीके से कार्य करने को कहा। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम, प्रधान लिपिक तरूण लाल मौजूद रहे।

## यौन शोषण के आरोपी को भेजा जेल

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। नवलशाही थाना क्षेत्र के पूरनाडीह फुलवरिया की एक नाबालिग युवती से बहला-फुसला और शादी का झांसा देकर जबरन यौन शोषण करने को लेकर पीड़िता ने बुधवार देर शाम को नवलशाही थाना में आवेदन दिया था। दिये गये आवेदन के आलोक में थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार ने कांड संख्या 70/24 के तहत मामला दर्ज करते हुए ग्राम जरीडीह दुम्मा जमुआ थाना क्षेत्र के निवासी विक्रम गोस्वामी पिता भरत गोस्वामी को देवघर जिला से गिरफ्तार करते हुए कोडरमा जेल भेज दिया। थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार ने उक्त जानकारी दी।

## कांग्रेस की विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण आश्रम में हजारीबाग विधानसभा में हुए चुनाव के नतीजे को लेकर एक समिक्षा बैठक बरही विधानसभा, मांडू विधानसभा तथा बड़कागांव विधानसभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की। इस बैठक मुख्य अतिथि हजारीबाग जिला चुनाव समिक्षा समिति के संयोजक पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और विशिष्ट अतिथि जिला चुनाव समिक्षा समिति के सदस्य सुल्तान अहमद, रविन्द्र झा और संविधान रक्षक अभियान के जिला संयोजक शांतनु मिश्रा उपस्थित हुए। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदेश प्रतिनिधि जिला के पदाधिकारी कार्यकारिणी के सदस्य प्रखंड अध्यक्ष प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मंच मोर्चा के अध्यक्ष तथा कार्यकताओं ने अपने-अपने विचारों को रखा। जिला समिक्षा समिति के संयोजक पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने लोगों की बातों को गंभीरतापूर्वक सुन कर कहा कि जिला के विधान सभाओं में पार्टी की जो हार हुई है इस समिक्षा बैठक में छन कर आयी है। इन सभी बिंदुओं को प्रदेश के उच्च पदाधिकारी के सामने रख कर कहा भूल और कहा चुक हुई इस पर चिंतन और मंथन कर इसे दुरूस्त किया जायेगा ताकि आने वाले लोकसभा या विधानसभा में इसकी पुनरावृति न हो। उन्होंने कहा कि इस हार से कांग्रेस हताश नहीं है। झारखंड में महागठबंधन की सरकार है। हम सरकार द्वारा संचालित जन हित में लाभकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध हैं। प्रवक्ता निसार खान ने बताया की बरही विधानसभा के प्रत्याशी अरूण साहु मांडु विधानसभा के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, प्रदेश सचिव अवधेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## पोषण भी, पढ़ाई भी को लेकर सेविकाओं के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



कोडरमा (आजाद सिपाही)। पोषण भी, पढ़ाई भी के तहत सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का कोडरमा प्रखंड सभागार में आयोजित किया गया। आज पहले बैच का समापन के अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की ने सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए पोषण भी पढ़ाई भी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने द्वारा सेविकाओं को इसके तकनीकी पहलु के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक परियोजना के कुल 751 आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण 9 जनवरी तक सभी परियोजना में संचालन किया जायेगा। प्रारंभिक बचपन की शिक्षा एवं पोषण में सुधार के उद्देश्य से पोषण भी पढ़ाई भी अभियान की शुरुआत की गयी है। सुशील कुमार, जिला परियोजना सहायक ने बताया कि पोषण भी पढ़ाई भी के अंतर्गत पोषण ट्रैकर में लाभुकों का शत-प्रतिशत डाटा इंट्री, लाभुकों का आधार सत्यापन, लाभुकों का मोबाईल नम्बर का सत्यापन, आधारभूत संरचना की डाटा एंट्री, कम जगह में पोषण वाटिका का निर्माण, केंद्रों की साफ-सफाई, बच्चों के प्रारंभिक बाल्यावस्था में देखभाल, शिक्षा और पोषण सेवा प्रदान करने में उनकी क्षमता की वृद्धि होगी।

## विधायक प्रदीप प्रसाद ने बाबूलाल मरांडी से की मुलाकात

# सदर विस की समस्याओं पर की चर्चा

**हमारा उद्देश्य केवल समस्याओं को उजागर करना नहीं, बल्कि उनका समाधान करना है: प्रदीप प्रसाद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने हजारीबाग क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें गहरायी से जानकारी दी। श्री प्रसाद ने क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले डेढ़ महीने में हजारीबाग में तीन हत्याओं की घटनाएं हुई हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, पुलिस प्रशासन अभी तक इन मामलों का ठोस खुलासा नहीं कर पाया है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति न केवल कानून-व्यवस्था की विफलता को दर्शाती है, बल्कि आम जनता के बीच असुरक्षा की भावना को भी बढ़ाती है।

विधायक श्री प्रसाद ने सड़क, बिजली, पानी की किल्लत, स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा, और शिक्षा व्यवस्था जैसी अन्य गंभीर समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने श्री मरांडी से इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनता ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। साथ ही सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने बाबूलाल मरांडी को अब तक के विकास कार्यों की जानकारी दी।

# संदिग्ध अवस्था में मिला वृद्ध का शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र के बंडासिंघा जलैहिया पुल से तूईयो मार्ग पर एक पेड़ के नीचे से एक वृद्ध का शव संदिग्ध हालात में बरामद किया गया। मृतक की पहचान त्रिवेणी राणा 65 वर्ष पिता स्व आतो राणा बंडासिंघा निवासी के रूप में की गयी है। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक बुधवार तीन बजे के लगभग कपका बाजार गया था। वापस नहीं लौटने पर पुत्र राजू राणा ने रात में खोजबीन करना चालू कर दिया। वहीं गुरुवार सुबह सात बजे खलिहान में काम कर रहे किसान ने एक पेड़ के नीचे पड़े शव को देख हो हल्ला किया। साथ ही इसकी सूचना गोरहर थाना को दिया गया। खबर पाते ही गोरहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक के शरीर पर कई जगहों चोट का निशान देखा गया। साथ ही गर्दन गमछा से कसकर बांधा पाया गया। इसलिए प्रथम दृष्टया में यह हत्या का मामला प्रतीत होता है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस से हत्या में शामिल आरोपियों को जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। खबर लिखे जाने तक थाना में आवेदन नहीं दिया गया था। ग्रामीणों के मुताबिक जिस सुनसान जगह पर त्रिवेणी राणा की हत्या की गयी है उसके आसपास साइबर अपराधियों और नशेड़ियों का अड्डा रहता है। उक्त स्थल पर कई शराब की खाली बोतलें भी देखी गयी प्रत्येक दिन वहां शाम से लगभग बारह बजे रात तक नशेड़ियों का जमावाड़ा रहता है। ग्रामीणों ने पुलिस से नशेड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

कोडरमा (आजाद सिपाही)। नवलशाही थाना क्षेत्र के पूणार्डीह हाई स्कूल के समीप बाइक की चपेट मे आने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी। मृतका की पहचान सावित्री देवी (55 वर्ष, पति स्वर्गीय तुलसी मेहता, फुलवरिया) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग महिला कुछ सामान लेकर रोड के किनारे चल रही थी, बाइक के टक्कर मार देने से महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। इसके बाद आनन फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में इसकी मौत हो गयी। सदर अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसकी सूचना पुलिस को मिलने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करके परिजनों को सौंप दिया गया।

## विद्यालय में शिक्षक अभिभावक की बैठक

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत खैरा पंचायत के रा. म. विद्यालय बेडमक्का में तृतीय पीटीएम बैठक का आयोजन गुरूवार को खैरा पंचायत मुखिया कुमारी माधुरी, प्रभारी प्रधानाध्यापक सरयु पांडेय की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान सरकार के द्वारा संचालित एमडीएम मेनु के अनुसार भोजन, शत प्रतिशत नामांकन, पोशाक वितरण, विद्यालय किट वितरण, नवोदय विद्यालय में फार्म भरना, निपुण भारत कार्यक्रम, एफएलएन पर चर्चा, मद्यपान निषेध पर चर्चा, खेलकूद, पोक्सो अधिनियम, बाल-विवाह निषेध कानून, सुझाव पेटी, कूड़ेदान की उपयोगिता, आयरन गोली वितरण, कृमि मुक्ति हेतु दस साल में गोली का निर्धारित समय पर बच्चों को देना, और रेल प्रोजेक्ट के टॉपर विद्यार्थी को सम्मानित करने आदि सभी विषयों पर चर्चा की गयी। इस बैठक में पप्पू रविदास, सुरेंद्र रविदास, पिंटु प्रसाद, रीता देवी, राधा देवी, मालती देवी, उषा देवी, कौशल्या देवी, ममता कुमारी, अर्चना कुमारी, संजय कुमार रवि, तालेश्वर प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद यादव समेत अन्य शिक्षक-अभिभावक मौजूद थे।

## जयनगर में विधिक शिविर का आयोजन

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में पीएलवी शिव कुमार मोदी के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने किया। उन्होंने शिविर को संबोधित करते हुए कानून की जानकारी जैसे बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी, घरेलू हिंसा, डायन बिसाही सहित सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मंईया सम्मान योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, अबुआ आवास योजना इत्यादि के बारे में जानकारी दिया। वहीं पीएलवी शिवकुमार मोदी ने कहा कि कोई भी गरीब लाचार व्यक्ति न्याय से वंचित न रहे। इसके लिए कोर्ट में कम खर्च पर तथा कुछ मामलों में नि:शुल्क न्याय की व्यवस्था की गयी और प्रत्येक महीना लोक अदालत का शिविर भी लगाया जाता है। शिविर में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, आकांक्षी प्रखंड फेलो अशोक कुमार, प्रखंड नाजिर तानेश्वर राम, अंचल सहायक गिरधारी प्रसाद, राकेश राय, जनसेवक दिलीप कुमार यादव, लाखपत यादव कई लोग शिविर में उपस्थित थे।

# कैंपस प्लेसमेंट में कृषि विभाग के दस विद्यार्थियों का चयन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** आइसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कृषि विभाग से 10 विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन फार्मर रिलेशनशिप मैनेजर के तौर पर हुआ है। इससे पूर्व भी नवंबर माह में विश्वविद्यालय के 11 विद्यार्थियों का चयन इसी पद के लिए किया गया था। चयनित विद्यार्थियों में इशिका कुमारी, नीरज कुमार, संजय कुमार महतो, पूनम कुमारी, ज्योति कुमारी, प्रिया श्रीवास्तव, रोयल कुमार, चंदन कुमार, हरि किशोर प्रसाद और अभिषेक कुमार के नाम शामिल हैं। बता दें कि सभी विद्यार्थियों का चयन फार्मर फेस कंपनी के लिए एचआर अर्चना चतुर्वेदी और अमर कुमार के द्वारा लिए गये वर्चुअल साक्षात्कार के आधार पर हुआ है। आइसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि कृषि विभाग में भविष्य की अपार संभावनाएं हैं। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि विश्वविद्यालय की यह कोशिश है कि यहां के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ प्लेसमेंट का भी अवसर प्राप्त हो, जिससे उनके सफल जीवन को एक सही दिशा मिल सके। कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार ने कहा कि कृषि विभाग के विद्यार्थियों को थ्योरी के साथ-साथ लगातार प्रैक्टिकल वर्क कराये जाते हैं। साथ ही पाठ्यक्रम के मुताबिक इंटर्नशिप भी करायेजाते हैं, जिससे विद्यार्थियों को अधिक लाभ मिलता है। टीपीओ मनोज कुमार ने बताया कि लगातार विभिन्न कंपनियों के संपर्क में हैं और कैंपस प्लेसमेंट बढ़ाने की दिशा में विश्वविद्यालय तेजी से आगे बढ़ रहा है। विश्वविद्यालय डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, कृषि विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा, प्रभात किरण, फरहीन सिद्दीकी, प्रतिभा हेंब्रम सहित अन्य ने सभी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## पंचायत समिति के सदस्यों ने किया बैठक का बहिष्कार

# विभिन्न मांगों को लेकर बैठे धरना पर



**बीडीओ के आश्वासन के बाद धरना हुआ समाप्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा को लेकर प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक बुलायी गयी। जिसका बड़कागांव प्रखंड प्रमुख फुलवा देवी के नेतृत्व में सभी पंचायत समिति सदस्यों ने सामूहिक रूप से बहिष्कार कर दिया और बड़कागांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय के गेट के समीप धरना पर बैठ गये। मौके पर प्रखंड प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। यहां पर आम लोगों का काम नहीं हो पता है और दलालों के द्वारा सभी कार्यों का निर्वाहन किया जा रहा है जो सरासर गलत है इसमें लगाम लगाने की जरूरत है। वही सभी पंचायत समिति सदस्यों का कहना है कि आज तक जितनी भी बैठकें हुई उसका एक भी पारित किये गये प्रस्तावों पर कार्यवाही नहीं की गयी इसलिए हम लोग अपने क्षेत्र में जवाब देने के काबिल नहीं बचे और जब तक कार्यवाही नहीं होगी तब तक बैठकों का बहिष्कार होता रहेगा। उधर इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल से पूछे जाने पर बताया कि प्रधान लिपिक खुर्शीद आलम की अनुपस्थित होने के कारण पिछले मीटिंग का प्रोसिडिंग नहीं मिल पा रहा है जिससे नाराज होकर जनप्रतिनिधि बैठक का बहिष्कार किया जिसको लेकर प्रधान लेकर खुर्शीद आलम, बीईओ पंकज कुमार एवं कंप्यूटर ऑपरेटर आशीष कुमार को कारण बताओं नोटिस जारी कर 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा गया है। इसके बाद पंचायत समिति सदस्यों द्वारा दिये जा रहे धरना को समाप्त किया गया।

### क्या-क्या है मांग

बहिष्कार करने के उपरांत धरना पर बैठे पंचायत समिति सदस्यों ने सामूहिक रूप से बताया कि विधिवत सभी पंचायत समिति सदस्य व मुखिया और जनप्रतिनिधि के प्रतिनिधि के बीच विभागों का बंटवारा किया गया जिस पर कोई कार्य न होना, प्रखंड सह अंचल कार्यालय में समय पर पदाधिकारी और कर्मचारियों का न पहुंचना, गरीब लोगों को काम न होकर लेनदेन करने वालों का काम होना जिसके कारण प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर रहना, अंचल कर्मी और पदाधिकारी का किसी भी बैठक में शामिल न होना, कर्मचारियों द्वारा हल्का और पंचायत भवन में उपस्थित न होना, गोंदलपुरा पंचायत समिति सदस्य मोहन महतो की हत्या का आज तक उद्भेदन नहीं होना मुख्य मांगों में शामिल है। मौके पर प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, किशोर कुमार बेदिया, रितेश ठाकुर, रणजीत कुमार चौबे, कृष्णा राम, उर्मिला कुमारी, कोशिला कुमारी, सुनीता देवी, रमणिका कुमारी, सुमन कुमारी, सुनीता देवी, मेधा कुमारी, गणेश साव, गीता देवी, बामणी देवी, प्रभु राम आदि मौजूद थे।

## मानगो निवासी मुरली चौधरी लापता



चलकुशा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मानगो निवासी मुरली चौधरी 7 दिसंबर को गिरिडीह इलाज करवाने जा रहे थे। जिसके बाद से वापस घर नहीं लौटे हैं। उनका मोबाइल भी बंद आ रहा है जिसका आखरी लोकेशन सरिया स्टेशन पता चला था, उसके बाद उनसे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। घरवाले खोजबीन कर परेशान हैं मामले की जानकारी स्थानीय थाना में देकर मदद की गुहार लगायी है। यदि किन्ही व्यक्ति को नजर पड़े या कोई जानकारी मिले तो कृपया 6207060370 या 9431504180 या 9572036014 पर जानकारी दें।

## मरकच्चो के कृष्णा बरनवाल लापता



मरकच्चो (आजाद सिपाही)। मरकच्चो प्रखंड से गगरेसिंगा निवासी कृष्णा बरनवाल (42, पिता स्व जगदीश मोदी) पिछले 12 दिनों से लापता हैं। इस सम्बंध में उनके भाई राजेन्द्र बरनवाल ने बताया कि उनकी मानसिक अवस्था अच्छी नहीं है। उन्होंने उनका पता चलने पर 9934546469 पर बताने की अपील की है।

## मानव हृदय विषय पर सेमिनार आयोजित




इचाक (आजाद सिपाही)। मानव विकास द्वारा संचालित विद्यालय कैंपियन बेसिक एकेडमी में मानव हृदय विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्देश्य बच्चों में हृदय संबंधित जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे विज्ञान के शिक्षक शैलेश कुमार ने कहा कि आजकल हृदय संबंधित जानकारियां नहीं होने से युवा अवस्था में ही युवाओं को हृदयघात जैसी गंभीर बीमारी हो रही है। योग, व्यायाम और संतुलित आहार के माध्यम से हृदयघात जैसी गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। मौके पर उपस्थित प्राचार्या सुरभि वर्मा ने कहा कि इस तरह के सेमिनार से बच्चों में हृदय संबंधित जानकारियां प्राप्त होती है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम पांच विद्यार्थियों का विद्यालय सचिव बीरबल प्रसाद, प्रबंधक गणेश शंकर मदन और प्राचार्या सुरभि वर्मा के द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान रेहान, द्वितीय अनुप्रिया, तृतीय आफिया, चतुर्थ सिमरन और पंचम स्थान सूरज कुमार और शिवम ने प्राप्त ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंधक, विज्ञान शिक्षक, प्राचार्या और छात्रा उन्नति सिन्हा और इशिका सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## बड़कागांव में ग्राम सभा का आयोजन



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी बादम कोल खनन परियोजना के एम डी ओ कंपनी बीजीआर माइनिंग लिमिटेड के द्वारा बड़कागांव प्रखंड के अंबाजीत गांव स्थित दुर्गा मंडप के समीप ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने कंपनी के प्रतिनिधियों से कहा के अगर हमारी मांगे पूरी की जाती है तो हमलोग कंपनी का समर्थन करेंगे। हमारी मुख्य मांगे कंपनी में रोजगार में स्थानीय ग्रामीणों और रैयतों को प्राथमिकता दी जाये, बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी और बिजली की सुविधा की गारंटी अगर कंपनी के द्वारा दी जायेगी तो हमलोग कंपनी का समर्थन करेंगे। कंपनी के प्रतिनिधि ने कहा के हमलोग बहुत दिनों से ग्रामीणों के साथ मीटिंग के प्रयास में थे। काफी प्रयास के बाद मीटिंग हो सका है। ग्रामीणों की जो मांग है वो जायज है। ग्रामीणों के द्वारा जो मांग की गयी है उसे शत प्रतिशत पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। खनन क्षेत्र के प्रभावित हर एक गांव से लोगों का कमिटी बनाया जायेगा और कमेटी के माध्यम से क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों को किया जायेगा।

## जिला प्रशासन ने किया एनटीपीसी को सम्मानित



केरेडारी (आजाद सिपाही)। जिले की डीसी नैन्सी सहाय के द्वारा एनटीपीसी को रामनवमी-2024, 14वीं लोकसभा निर्वाचन 2024 और विधानसभा निर्वाचन 2024 के दौरान उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इन परियोजनाओं ने सामाजिक सौहार्द, शांति-व्यवस्था और निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अहम भूमिका निभायी। चट्टी बरियातू कोल परियोजना के परियोजना प्रमुख नवीन गुप्ता ने कहा की हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हजारीबाग जिला प्रशासन ने हमारे प्रयासों को सराहा। हमने हर संभव सहायता प्रदान करने की कोशिश की, चाहे वह रामनवमी के दौरान पानी के टैंकर मुहैया कराना हो या चुनावों के दौरान प्रशासनिक सहयोग देनो भविष्य में भी हम इसी समर्पण के साथ जिला प्रशासन का सहयोग करते रहेंगे। केरेडारी कोल परियोजना के परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद ने इस अवसर पर कहा की एनटीपीसी का उद्देश्य केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं है बल्कि स्थानीय समुदायों के विकास और उनकी जरूरतों में सहयोग देना भी है हजारीबाग जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम करना हमारे लिए एक सम्मानजनक अनुभव रहा। इस अवसर पर उपायुक्त नैन्सी सहाय ने कहा की एनटीपीसी की दोनों परियोजनाओं ने न केवल प्रशासन को तकनीकी और रसद सहायता प्रदान की बल्कि सामुदायिक सौहार्द बनाये रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। हमें आशा है कि यह सहयोग भविष्य में भी इसी तरह जारी रहेगा।

## योजनाओं को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

चंदवारा (आजाद सिपाही)। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग कोडरमा और स्वयंसेवी संस्था जीवन ज्योति के संयुक्त तत्वावधान में सर्वजन पेंशन योजनाओं से संबंधित गीत संगीत द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन चंदवारा प्रखंड के थाम, भोंडो, ढाब और उरवां में किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना, ट्रांसजेंडर, तृतीय लिंग के व्यक्तियों के लिए पेंशन योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। मौके पर कलाकार विकास कुमार, दयाल कुमार, किशोर सिंह, मुकेश कुमार मौजूद थे।

## पांच साल से फरार अभियुक्त गिरफ्तार

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरमा गांव निवासी जुनैद अंसारी पिता मोहम्मद हुसैन को बड़कागांव पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त अभियुक्त पर 138 एनआई एक्ट चेक बाउंस के कोर्ट कंप्लेंट केस था जिसमें पिछले 5 सालों से फरार चल रहा था जिसका छापामारी बड़कागांव थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल के निर्देशानुसार पुलिस लगातार कर रही थी जिसे बीते देर रात बड़कागांव पुलिस ने चतरा जिला के लावालौंग से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापामारी दल में मुख्य रूप से एसआइ इंद्रजीत कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## कुजू में भाजपाइयों ने मनोनीत सांसद प्रतिनिधियों का किया स्वागत



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा मांडू प्रखंड समिति की ओर से मनोनीत सांसद प्रतिनिधियों का स्वागत कुजू में किया गया। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल के प्रतिनिधि बने अनिल मिश्रा, सत्येंद्र नारायण सिंह और राजीव जायसवाल को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए बधाई दी। मौके पर सांसद प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कहा कि सांसद मनीष जायसवाल ने जिस आशा और विश्वास के साथ हम सभी को अपना प्रतिनिधि बनाया है। हमारा दायित्व जनता के समस्याओं को दूर करना है। स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रदीप सिन्हा, मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, महामंत्री अशोक कुमार, उपाध्यक्ष रतन प्रसाद, अरविंद कुमार, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रवि साहू, आशीष साहू, गणेश सोनी, शंभूलाल ठाकुर, पंचित महतो, सूरज महतो, वीरेंद्र करमाली, श्रवण साह, रामू तूरी, राजू प्रसाद आदि शामिल रहे।

## राष्ट्रीय पैरा तैराकी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दिव्यांग को डीसी ने किया सम्मानित



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** 19 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक देश के गोवा राज्य में आयोजित राष्ट्रीय पैरा तैराकी प्रतियोगिता 2024 में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले रामगढ़ जिले के चितरपुर प्रखंड अंतर्गत बड़की लारी कला निवासी जितेंद्र कुमार पटेल को गुरुवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में पौधा देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर उपायुक्त ने उन्हें आगे भी इसी तरह बेहतरीन प्रदर्शन करने और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## पंचायत समिति कार्यकारिणी की मासिक बैठक



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति कार्यकारणी की मासिक बैठक की गयी। इस बैठक में प्रखंड प्रशासन से जुड़े संबंधित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुऐ। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख रीना कुमारी, संचालन बीडीओ देवलाल उरांव ने किया। इसमें सीओ विजय कुमार दास मुख्य रूप से उपस्तिथ थे। बैठक में प्रखंड में पंचायतवार समस्याओं को सुना गया। जिसमें निर्णय ली गयी की एनटीपीसी के विस्थापित छह का विकास की जिम्मेवारी लिया जाता है। उसमे एनटीपीसी पदाधिकारी छह गांव के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर योजनाओं का क्रियान्वयन करने की नर्देश जारी किया गया। वहीं वन विभाग के पदाधिकारी से कहा गया की इस वर्ष जंगली हाथियों द्वारा क्षेत्र में क्षति किये जाने आलकन कर शीघ्र मुआवजा के भुगतान किये जाये। वहीं पुलिस प्रशासन अबुआ आवास में बालू की आपूर्ति जांच कर छोड़ने, बैंक पदाधिकारियों को किसानो को केसीसी अधिक से अधिक दिये जाने की बात कही गयी। वहीं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया की जिस जिस विद्यालय में बच्चे अधिक है वहां शिक्षक बढ़ाने की बात कही गयी। ऐसे बैठक में कपकपाती ठंड के मुद्दे, ट्रांसपोर्टिंग के द्वारा अप्रत्याशित दुर्घटना की मुद्दे मुख्य रूप से छाया रहा। सीओ बिजय दास ने आश्वस्त किया की समिति सदस्यों के द्वारा जितने भी समस्याओं को उठाया गया है उस पर प्रखंड व अंचल अधिकारी के पदाधिकारी पूरी तरह से खरी उतरेगी। उस पर अक्षरश: कार्रवाई होगी का भरोषा जताया। इस मौके पर प्रखंड कर्मी मुरारी पांडेय, कबरा पंसस शशिबाला देवी, मुखिया महेश मुंडा, नेहाल वारसी, टंडवा सीएचसी प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार, जानकी महतो, उदय पांडेय सहित कई उपस्तिथ थे।

## विभागीय लापरवाही की भेंट चढ़ गयी नल-जल योजना



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी कि समस्या से निजात पाने के उद्देश्य से सरकार ने एक महत्वाकांक्षी नल जल योजना लागू किया था। लेकिन संवेदक की मनमानी और विभागीय पदाधिकारी की लापरवाही के कारण प्रखंड क्षेत्र में अधिकतर जल मीनार दम तोड़ रही है। एक ओर सरकार करोड़ों रुपया खर्च कर ग्रामीण की प्यास बुझाने के लिए जल मीनार लगा रही है तो दूसरे ओर जल मीनार खुद प्यासा बेकार पड़ा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार कई जगह जलमीनार चालू होते ही खराब हो गया है। कई स्थानों में सिर्फ टंकी लगाकर छोड़ दिया गया है तो कई स्थानों पर मोटर ही नहीं लगाया गया है। कई स्थानों पर पाइप लाइन का काम नहीं किया गया है। कई स्थानों पर खराब मोटर लगाकर खानापूर्ति कर दी गयी है। जिसके कारण पेयजल की समस्या ग्रामीणों के बीच जस की तस बनी हुई है। नल जल योजना चालू होने से लोगो में थोड़ी उम्मीद जागी थी कि अब ग्रामीणों को पीने का शुद्ध पानी की समस्या से निजात मिल पायेगा। लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी लोगों को पानी ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, स्थानीय सांसद और विधायक से इस महत्वाकांक्षी योजना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पेयजल की समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाने की पहल करने की मांग की है।

## पतरातू रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण स्थल पर नाली निर्माण का कार्य शुरू



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू रेलवे गेट के पास बन रहे ओवरब्रिज निर्माण स्थल पर मंगलवार को हुई गोलीबारी के बाद बुधवार को निर्माण कार्य बंद रहा। परंतु बताया जाता है कि पुलिस के देख रेख में गुरुवार को निर्माण कार्य शुरू हुआ। इधर ओवरब्रिज निर्माण के अंदर ही मेन रोड में सड़क के किनारे नाली निर्माण करना है। इसका काम गुरुवार को शुरू किया गया। काम शुरू होने से पुलिस के प्रति पतरातू क्षेत्र के आम आवाम का भरोसा बढ़ा है। दूसरी ओर पुलिस गुरुवार को भी जांच पड़ताल में जुटी रही।

# ठेकेदारों से रंगदारी मांग रहे थे पांडे गिरोह के सदस्य, चार गिरफ्तार

**भारतमाला प्रोजेक्ट से भी लगातार मांगी जा रही थी रंगदारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में पांडे गिरोह लगातार ठेकेदारों से रंगदारी मांग रहा था। पांडे गिरोह के नाम पर ठेकेदारों को लगातार फोन किया जा रहा था। भारतमाला प्रोजेक्ट के अलावा निर्माण कार्य में लगी कंपनियों के प्रतिनिधियों को रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। पुलिस की सक्रियता से पांडे गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने इस मामले की जानकारी प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में रामगढ़ शहर के दुसाध मोहल्ला निवासी विक्की कुमार पासवान, प्रीतम कुमार, अनिकेत उर्फ बिल्ला और झंडा चौक निवासी बैजू शाह उर्फ बैजू कुमार साहू शामिल हैं। उनके पास से पुलिस ने दो मोबाइल फोन जब्त किया है। साथ ही कांड को अंजाम देने के लिए प्रयुक्त की गयी बुलेट मोटरसाइकिल के जेएच 24 जे 7488 और स्कूटी जेएच 02 एआर 8776 जप्त किया गया है।



### विकास तिवारी के इशारे पर सक्रिय थे अपराधी

रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि रामगढ़ जिले के विभिन्न इलाकों में पांडे गिरोह के मुख्य सरगना विकास तिवारी के इशारे पर अपराधी सक्रिय थे। विक्की, प्रीतम, अनिकेत और बैजू रजरप्पा थाना क्षेत्र और पतरातू प्रखंड क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन के काम में लगी कंपनियों के प्रतिनिधियों को फोन कर रहे थे। रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने गुप्त सूचना के आधार पर इन चारों अपराधियों को दुलमी प्रखंड क्षेत्र से गिरफ्तार किया। यह चारों अपराधी दुलमी प्रखंड क्षेत्र में हिंसक कार्रवाई को अंजाम देने के लिए एक साथ जुटे हुए थे। रजरप्पा थाना प्रभारी ने वहां छापेमारी की और 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया। इनमें विक्की, प्रीतम और अनिकेत शामिल थे। इसके बाद 3 वर्षों से फरार बैजू साहू को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया।

### भारतमाला प्रोजेक्ट से भी मांगी जा रही थी रंगदारी

कोलकाता से बनारस तक बन रही भारत माला प्रोजेक्ट में छत्तीसगढ़ की कंपनी कम कर रही है। इस कंपनी के प्रतिनिधि से रंगदारी पांडे गिरोह के द्वारा मांगी जा रही थी। नवंबर में माह में भी इस कंपनी को फोन किया गया था। कंपनी के प्रतिनिधियों ने रजरप्पा थाना क्षेत्र में कांड संख्या 178/24 दर्ज कराया था। दोबारा जब 10 दिसंबर को कंपनी के प्रतिनिधियों को रंगदारी के लिए फोन किया गया तो उसे मामले में भी कांड संख्या 195 / 24 दर्ज हुआ था। इससे पहले भी बरकाकाना ओपी क्षेत्र में 179/ 24 और रजरप्पा थाना क्षेत्र में 89 / 21 कांड संख्या दर्ज है। टीम में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रजरप्पा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडे, सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार, रंजीत महतो, ओमकार पाल और तकनीकी शाखा और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सत्येंद्र और अनिल को सांसद प्रतिनिधि बनने पर दी बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**उरीमारी।** हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा सत्येन्द्र नारायण सिंह को लोकसभा सांसद प्रतिनिधि और अनिल मिश्रा को हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किये जाने पर गुरुवार को प्रतिनिधियों के आवास पर भारतीय जनता पार्टी उरीमारी मंडल महामंत्री दिनेश करमाली के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने मुलाकात कर सांसद प्रतिनिधि बनने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी। वहीं भाजपा नेता दिनेश करमाली ने कहा कि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा संसदीय क्षेत्र में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का यह एक उचित पहल है। नव नियुक्त सांसद प्रतिनिधियों को नई जिम्मेदारी के साथ क्षेत्र में भाजपा के विकास योजनाओं को घर-घर पहुंचाना है। नव नियुक्त सांसद प्रतिनिधियों से मुलाकात करने वालो में उरीमारी मंडल महामंत्री दिनेश करमाली, अध्यक्ष खेमलाल महतो, सुखू मांझी, जुगनू सिंह आदि मौजूद रहे।

## उज्ज्वला फाउंडेशन बनायेगा महिलाओं को आत्मनिर्भर : जगेश्वर प्रजापति



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** उज्ज्वला फाउंडेशन की बैठक गुरुवार को बोंगावार फोरलेन स्थित कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति और संचालन वीणा कुमारी ने की। बैठक के दौरान फाउंडेशन की मजबूती समेत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। बैठक के दौरान फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि फाउंडेशन का निर्माण उद्देश्य महिलाओं को सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनाना है। जिसकी पहल निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि आगामी 2025 के शुरुआत से ही फाउंडेशन से जुड़े 18 से 35 वर्ष के सदस्यों को रोजगार दिलाने का कार्य किया जायेगा। साथ ही, उससे आगे उम्र की महिलाओं को जोड़कर लाभ दिया जायेगा। इधर, उन्होंने बैठक में ससमय पर नहीं आने वाले सदस्यों से दंड शुल्क लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में आशा कुमारी, शांति देवी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, अनिता देवी, रेखा देवी, सुनिता देवी आदि शामिल रहे।

## डायन कुप्रथा को लेकर नुक्कड़ नाटक



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** सूचना और जनसंपर्क विभाग रामगढ़ के निर्देशन में पतरातू प्रखंड अंतर्गत पालू पंचायत के किरिगढ़ा सहित कई गावों में गुरुवार को नृत्य, गीत और नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को डायन कुप्रथा की रोकथाम को लकेर डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। अगर कोई व्यक्ति किसी औरत को डायन के रूप में पहचान कर उसे शारीरिक या मानसिक यातना और प्रताड़ित करता है, तो उसे छह माह की सजा या दो हजार रूपये जुर्माने अथवा दोनों सजाओं से दंडित किया जायेगा। साथ ही इससे जुड़े अन्य अपराधों और उसमें दिये जाने वाले सजाओं के विषय में ग्रामीणों बताया गया।

### जिला स्तरीय अनुमोदन समिति की बैठक संपन्न

## 109 लाभुकों के आवेदनों को अनुमोदित करते हुए लाभान्वित करने का लिया गया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन अंतर्गत जिला स्तरीय अनुमोदन समिति की बैठक की गयी। बैठक में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक वर्ग और पिछड़ा वर्ग के लाभुकों का सूक्ष्म ऋण-25, व्यवसाय ऋण - 55, कॉमर्शियल वाहन ऋण -28 और प्लांट एंड मशीनरी-01 कुल - 109 लाभुकों द्वारा प्राप्त आवेदनों को अनुमोदित करते हुए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी शिशिर पंडित, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक और महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र चतरा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।



# शादी समारोह में शामिल होने गया परिवार, घर में हुई चोरी

**घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शुरू की जांच, चोरों के खिलाफ हो रही छापेमारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के न्यू बगीचा स्थित पोस्ट कॉलोनी में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की घटना तब घटी जब परिवार के लोग शादी समारोह में शामिल होने के लिए रजरप्पा प्रोजेक्ट गये हुए थे। गुरुवार को रामगढ़ पुलिस को चोरी की सूचना मिलते ही घटनास्थल पहुंची और मामले की जांच में जुट गयी। भुक्तभोगी डाककर्मी बबन कुमार राय ने बताया कि अपने एक स्टाफ की शादी समारोह में शामिल होने के लिए 11 दिसंबर को रजरप्पा प्रोजेक्ट गये थे। 12 दिसंबर की सुबह 11 बजे बेटी निशा कुमारी घर पहुंची तो देखें कि बाहर का ताला टूटा हुआ है। जब अंदर किसी तरह गयी तो उनके घर का सभी सामान बिखरा हुआ पाया। उन्होंने बताया कि घर से चोरों ने चार सोने का कंगन, कान का टॉप, पायल, लैपटॉप, इंडक्शन चूल्हा, मिक्सी, टीवी और कुछ नगद घर से गायब है। इधर, घटना की सूचना पाकर रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर उपेंद्र कुमार घटनास्थल पहुंचकर घटना से संबंधित जानकारी परिवार वालों से ली। साथ ही फॉरेंसिक टीम पहुंचकर साक्ष्य जुटाने में जुट गयी।



## जिंदल आशा पतरातू में चल रहा सात दिवसीय शीतकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जिंदल फाउंडेशन पतरातू के द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए जिंदल आशा के खेल मैदान में 5 दिसंबर से चल रहे शीतकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हो गया। इस दौरान बच्चों को विभिन्न खेलों जैसे फुटबॉल, बैडमिंटन, पावरलिफ्टिंग, बॉक्सिंग और एथलेटिक्स आदि खेलों का आयोजन किया गया। यह कैम्प जिंदल फाउंडेशन के द्वारा आयोजित किया गया और इसमें स्पेशल ओलंपिक भारत के झारखंड अध्यक्ष सतवीर सिंह और उनके टीम के विकास तोम्बे, नरेंद्र हांसदा, सुष्मिता सोरेन और रितेश के देखरेख में कैंप संचालित किया गया। जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल के नेतृत्व में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, टीम वर्क, शिक्षा, चिकित्सा आदि सेवा प्रदान किया जा रहा है। साथ ही जिंदल आशा केंद्र के माध्यम से मुख्य धारा में शामिल करने का निरंतर प्रयास जारी है। कैंप के समापन में पंजाब रेजीमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष मिश्रा बीनू, प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह, गुरदीप कौर, सतीश कुमार सिंह, शरण, रूपेश कुमार, परमेश्वर राय, सीएसआर प्रमुख रवि निवास के द्वारा सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए जिंदल हर संभव मदद कर उन्हें मुख्य धारा में लाने का प्रयास करती रहेगी। इस कैंप में विशेष आवश्यकता वाले बच्चे सभी तरह के खेल और गतिविधियों में बढ़-चढ़कर अपने खेल का प्रदर्शन कर रहे थे। इसे देख प्रतिभागियों के अभिभावकों में काफी उत्साह का माहौल देखने को मिला। अभिभावकों ने आसपास के ग्रामीण इलाकों में जिंदल की प्रयास की जमकर सराहना किये।

## पुलिस ने एक को भेजा जेल

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ थाना पुलिस ने गुरुवार को एक युवक को जेल भेज दी है। भेजे गये युवक पर रामगढ़ थाना कांड संख्या 349/24 के आरोपित मो जावेद उर्फ जावेद खान पिता मो सलीम उर्फ सलीम खान पर नशीला इंजेक्शन बेचने का आरोप था और पुलिस उसे लंबे समय से उसकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही थी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अन्य लोगों को भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

## प्रबंधन समिति ने बांटी पोशाक

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड गुरुवार को नामांकित छात्र कक्षा 1और 2 में नामांकित सत्र 2024-25 के बच्चों को पोशाक वितरण किया गया। वितरण कर्ता मीरगंज मुखिया मंटू चौधरी, बीआरपी शहजाद आलम और विद्यालय प्रबंधन समिति और विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक कैलाश प्रसाद दांगी द्वारा उपस्थित कुल 63 बच्चों को पोशाक वितरण किया।

## युवक के निधन पर परिजनों से मिलकर शोक जताया

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गोहल निवासी सुभाष राणा के पुत्र मोहित राणा (उम्र 22 वर्ष) का अपने मामा घर सरिया बालेडीह (गिरिडीह) के तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गयी थी। तालाब से शव को एनडीआर एफटीम के कठिन मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। उनके पैतृक गांव गोहाल शव आने पर पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। जहां उनके परिवार का रो रो कर बुरा हाल था। इस हादसा को सुनकर जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, मुखिया बिनोद दास परिजनों से मिलकर सांत्वना दिलाने का काम किया और उसके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। मौके पर पंसस प्रतिनिधि मनोज दास, भाजपा परसाबाद मंडल अध्यक्ष विजय कुमार राणा, चंदन कुमार पासवान, बैजनाथ यादव, रामचंद्र राणा, किशोर पंडित, दिनेश्वर राणा, गंगाधर राणा, महेश राणा, बालेश्वर राणा, ललन प्रसाद राणा, लक्ष्मण राणा, विनय राणा, राजेंद्र सिंह सहित कई लोगों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है।

## पांच माह बाद भी कपिलदेव साव का पता नहीं



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** लगभग 5 माह होने चला लेकिन आज तक मरकच्चो कोटवार मुहल्ला निवासी जितेंद्र साव के पिता कपिलदेव साव का पता नहीं चल पाया है। पुत्र जितेंद्र साव व परिजन काफी परेशान है। जितेंद्र साव ने बताया कि मेरे पिता 27 जुलाई को कोलकाता से देहरादून जाने वाली ट्रेन में अपना घर मरकच्चो आने के लिए बैठे थे। उन्हें परसाबाद स्टेशन उतरना था। लेकिन वो आज तक घर नही पहुंचे है। जितेंद्र साव ने बताया है कि कपिलदेव साव की उम्र 64 वर्ष है। उनका रंग सांवला व लम्बाई 5 फीट 6 इंच है। वे कुछ ज्यादा बोलते हैं। उन्होंने आग्रह किया है कि जिन व्यक्ति को उक्त हुलिया के मुताबिक व्यक्ति दिखे तो 9998852420, 9892812599 पर खबर करें।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Series No.23-24/01 17755 Date 02.12.2024 I, **Punni Devi**, D/o Bhagat Nayak W/o Mankuvar Nayak R/o Sukurhutu P.O. Sukurhutu. P.S.-Kanke, Dist Ranchi. (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:

**1.** that my name is **PUNNI DEVI** which is mentioned in my Adhar Card, being Adhar No. is 4874 4902 9669.

**2.**That in some documents, my name is written as **SULO DEVI** which is my nick name.

**3.**That **PUNNI DEVI** and **SULO DEVI** is same and one person i.e. my name.

**4.**That my actual and correct name is **PUNNI DEVI**.

**5.** That aforesaid contents are true to the best of my knowledge

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Series No. 23-24/01 21135 Date:24.10.2024 I, **MANKUVAR NAYAK**, S/o Salkhu Nayak R/o Vill. Kadma, Tangra Nayak Mohalla, P.O. Sukurhutu. P.S.-Kanke, Dist Ranchi. (Jharkhand). do hereby solemnly affirm and declare as follows:

**1.** that my name is **MANKUVAR NAYAK** which is mentioned in my Adhar Card, being Adhar No. is 8082 7709 8393.

**2.**That in some documents, my name is written as **BODE NAYAK** which is my nick name.

**3.**That **MANKUVAR NAYAK** and **BODE NAYAK** is same and one person i.e. my name.

**4.**That my actual and correct name is **MANKUVAR NAYAK**.

**5.** That aforesaid contents are true to the best of my knowledge

**COURT NOTICE**

**IN THE COURT OF THE PRINCIPAL DISTRICT AND SESSIONS JUDGE AT JAMSHEDPUR.**

**Revocation Case No.: 34/2023**

**SUNHALA DEVI & OTHERS......**
**Applicants/Petitioners**
**VERSUS**
**SURENDER SINGH & OTHERS..**
**Opposite Parties**

To.
Surender Singh,
S/o. Mr. Salik Singh,
R/o. Lower Burdwan Compound,
Ranchi, P.O. & P.S. - Ranchi,
Dist. - Ranchi.
Owner of Vehicle No.:BR-14G-5679

Whereas the above named Applicants have filed a Revocation Case against you in this Court that whyn't the dismissal order passed in MAC Case No. 105/2010 on 03.09.2011 be set aside.

You are hereby directed to appear in this Court in person or by a pleader duly instructed on 20th day of December 2024 at 10:30 A.M. to file show cause in this case failing which the said case will be heard and determined exparte.

Given under my hand and seal of this Court on 4th day of December 2024.

**Principal District & Sessions Judge, Jamshedpur**

# सच सामने आये


इलाहाबाद हाइकोर्ट के एक जज के वायरल हुए विडियो पर जो तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है, उसे अस्वाभाविक नहीं कहा जा सकता। उस विडियो में जज साहब जिस तरह की बातें कहते दिख रहे हैं, वे देश के किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद पर बैठे किसी शख्स के मुंह से निकलना वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए हाइकोर्ट से पूरी जानकारी मांगी है, इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रामाणिक तथ्यों की रोशनी में जल्द ही पूरा सच सामने आ जायेगा, लेकिन फिलहाल मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए जो तथ्य सामने आ रहे हैं, वे सचमुच परेशान करने वाले हैं। हैरत की बात है कि संविधान के संरक्षक की भूमिका निभाने वाली न्यायपालिका का वरिष्ठ सदस्य सार्वजनिक कार्यक्रम में कहता दिखता है कि देश (संविधान और कानून के हिसाब से नहीं बल्कि) बहुसंख्यकों की मर्जी के मुताबिक चलेगा और इस विडियो के वायरल होने के बाद भी उसका कोई खंडन या स्पष्टीकरण नहीं आता। संबंधित न्यायाधीश की चुप्पी के बीच जिस तरह से एक तबका उनके इस कथित भाषण के पक्ष में सामने आया है, वह बताता है कि इस तरह की संविधान विरोधी सोच के फैलने का कितना गंभीर खतरा है। जहां आयोजक संगठन की ओर से यह कहा गया कि भाषण को संदर्भ से काट कर पेश किया जा रहा है, वहीं विश्व हिंदू परिषद के प्रमुख यहां तक बोल गये कि अगर जज ने ऐसा कुछ कहा भी है, तो उन्हें इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं लगता। ध्यान रहे, यह जुडिशरी के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा जाने अनजाने संवैधानिक मयार्दा के उल्लंघन से जुड़ा कोई पहला विवाद नहीं है। कुछ ही दिनों पहले कर्नाटक हाइकोर्ट के एक जज द्वारा एक मुस्लिम बहुल इलाके का जिक्र 'पाकिस्तान' के रूप में किये जाने का मामला सामने आया था, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई भी शुरू की थी। हालांकि बाद में उस जज के माफी मांगने पर कार्यवाही रोक दी गयी। मौजूदा विवाद से जुड़े जज की बात करें तो वह इससे पहले भी ऐसी टिप्पणियां कर चुके हैं। मसलन, जुलाई 2021 में एक मामले में फैसला सुनाते हुए उन्होंने कहा था कि 'धर्मांतरण से देश कमजोर होता है'। ऐसे में इस मामले को सिर्फ किसी एक जज के एक बयान के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। जरूरी है कि इस मामले का पूरा सच जान कर इसमें उपयुक्त कार्रवाई तो की ही जाये, पर इसके साथ ही न्यायपालिका में गिरावट लाने वाली इस व्यापक प्रवृत्ति पर रोक लगाने की दिशा में भी गंभीर प्रयास तत्काल शुरू किए जायें।

**जुलाई 2021 में एक मामले में फैसला सुनाते हुए उन्होंने कहा था कि 'धर्मांतरण से देश कमजोर होता है'। ऐसे में इस मामले को सिर्फ किसी एक जज के एक बयान के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दुनिया के पांचवें सबसे बड़े तकनीकी वस्त्र बाजार के रूप में, जिसका मूल्य 25 बिलियन डॉलर है और 2030 तक इसके 40 बिलियन डॉलर को पार करने का अनुमान है, भारत ने उल्लेखनीय निर्यात वृद्धि देखी है। यह 2014 में शून्य से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 3 बिलियन डॉलर हो चुकी है, जिसका लक्ष्य 2030 तक 10 बिलियन डॉलर है।**

# टेक्निकल टेक्सटाइल: नवाचार और स्थिरता के साथ भारत के भविष्य का निर्माण



गिरिराज सिंह



परिवर्तन ही संसार का नियम है- परिवर्तन ब्रह्मांड का नियम है। इस सशक्त संदेश के अनुरूप, भारत की वस्त्र विरासत बदलती दुनिया की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बदल रही है। तकनीकी वस्त्रों के बारे में हमारी यात्रा सिर्फ. वस्त्र के संदर्भ में नहीं है, अपितु यह सपने बुनने, भविष्य को सुरक्षित करने और 1.4 बिलियन भारतीयों के लिए एक दीर्घकालिक कल तैयार करने के बारे में है। आज, मैं यह साझा करने में गर्व का अनुभव करता हूं कि कैसे भारत का तकनीकी वस्त्र क्षेत्र हमारे पूरे देश के जीवन में क्रांति ला रहा है। पैकटेक, इंडुटेक, मोबिलटेक, क्लॉथटेक, होमटेक, मेडिटेक, एग्रोटेक, बिल्डटेक, प्रोटेक, जियोटेक, स्पोर्टेक और ओकोटेक जैसे 12 विशेष खंडों के साथ यह हर तरह के उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। दुनिया के पांचवें सबसे बड़े तकनीकी वस्त्र बाजार के रूप में, जिसका मूल्य 25 बिलियन डॉलर है और 2030 तक इसके 40 बिलियन डॉलर को पार करने का अनुमान है, भारत ने उल्लेखनीय निर्यात वृद्धि देखी है। यह 2014 में शून्य से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 3 बिलियन डॉलर हो चुकी है, जिसका लक्ष्य 2030 तक 10 बिलियन डॉलर है। पैकटेक, इंडुटेक और मोबिलटेक का निर्यात में 70 प्रतिशत की सहभागिता है, जो भारत की विनिर्माण क्षमता को उजागर करता है, जबकि बिल्डटेक क्षेत्र में 229 प्रतिशत की वृद्धि विशेष क्षेत्रों में विशेषज्ञता को दर्शाती है। इसके अलावा भारत ने अनुसंधान और विकास, उद्यमिता और स्थायी कार्य प्रणालियों के माध्यम से घरेलू मांग को प्रोत्साहित करते हुए बिल्डटेक, मेडिटेक, एग्रोटेक और अन्य उभरते क्षेत्रों सहित अन्य तकनीकी वस्त्र क्षेत्रों में निर्यात का विस्तार करने की योजना बनायी है।

**वैश्विक तकनीकी वस्त्र बाजार 2030 तक 250 बिलियन डॉलर से बढ़ कर 300 बिलियन डॉलर तक पहुंचने के साथ हमारा लक्ष्य 15 प्रतिशत बाजार की हिस्सेदारी हासिल करना है।**

अपने देश के आत्मनिर्भरता लक्ष्य का समर्थन करने के लिए, हम नायलॉन, कार्बन फाइबर, हाई-स्पेशलिटी फाइबर और अल्ट्रा-हाई-मॉलिक्यूलर-वेट पॉलीइथिलीन (यूएचएमडब्ल्यूपीइ) जैसे महत्वपूर्ण कच्चे माल पर आयात निर्भरता को कम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। जिस तरह भारत अपने रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए सेमीकंडक्टर में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य कर रहा है, उसी तरह हम तकनीकी वस्त्रों के क्षेत्र में भी ऐसा ही करने की आकांक्षा रखते हैं। इसे हासिल करने के लिए मोदी सरकार ने 1,480 करोड़ रुपए के समर्थन से राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) का शुभारंभ किया। इस पहल ने पहले ही 509 करोड़ रुपये की 168 परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी है और 5.79 करोड़ रुपये के साथ 12 स्टार्टअप को वित्त पोषित किया है। हम केवल वैश्विक प्रगति में योगदान नहीं दे रहे हैं, अपितु इसे आकार भी दे रहे हैं। हमारा विजन संख्याओं से परे है, जिसका लक्ष्य एक आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना है जो अपनी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए नवाचार के माध्यम से आगे बढ़ता है। 2.5 वर्षों के भीतर टी100 कार्बन फाइबर के घरेलू उत्पादन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारी प्रतीक्षा कर रही है, जो महत्वपूर्ण रक्षा और एयरोस्पेस अनुप्रयोगों में हमारी आयात निर्भरता को काफी हद तक कम कर देगा, जबकि हम आयातित गैर-बुने हुए पदार्थों, कार्बन फाइबर, उच्च-विशिष्ट फाइबर, नायलॉन और यूएचएमडब्ल्यूपीइ पर अपनी निर्भरता को कम करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि भारत वित्त वर्ष 2025-26 तक घरेलू कार्बन फाइबर उत्पादन का शुभारंभ कर देगा, जो आत्मनिर्भरता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम होगा। हमारा कृषि क्षेत्र तकनीकी वस्त्रों की परिवर्तनकारी क्षमता को प्रदर्शित करता है। नवोन्मेषी एग्रोटेक्सटाइल्स पिछले छह वर्षों में 5 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ 567 मिलियन डॉलर से अधिक के निर्यात को बढ़ावा दे रहे है। ग्रामीण भारत में एक किसान की कल्पना करें जो छाया के लिए जाल और गीली घास की चटाई का उपयोग कर रहा है और 40 प्रतिशत कम पानी का उपयोग करते हुए फसल की पैदावार में 30-40 प्रतिशत की वृद्धि का साक्षी बन रहा है। एनटीटीएम के अंतर्गत ग्यारह अभूतपूर्व परियोजनाओं के माध्यम से, जिसमें उत्तरी भारत वस्त्र अनुसंधान संघ द्वारा सन हेम्प फसल कवर और दक्षिण भारत वस्त्र अनुसंधान संघ (एसआइटीआरए) द्वारा हर्बल-लेपित बीज बैग शामिल हैं, हम किसानों की आय में महत्वपूर्ण रूप से 67-75 प्रतिशत की वृद्धि देख रहे हैं। यह सही मायने में सतत विकास है।

हमारे तकनीकी वस्त्रों की यात्रा में राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। हमारे सुरक्षा कर्मियों को अपने साहसपूर्ण कर्तव्य को पूर्ण करने में स्वदेशी ढाल का लाभ मिलता है। एनआइटीआरए के शोध के माध्यम से विकसित उन्नत सुरक्षात्मक वस्त्र 449 डिग्री तक के तापमान को झेल सकता है। यह उपलब्धि केवल तकनीकी उन्नति के बारे में नहीं है, बल्कि यह उन लोगों की सुरक्षा के बारे में है जो हमारी रक्षा करते हैं। भारत का ऑटोमोटिव क्षेत्र फल-फूल रहा है, वित्त वर्ष 2023-24 में वाहनों की बिक्री 40 लाख यूनिट को पार कर गयी है, जिससे एयरबैग की मांग बढ़ रही है और ऑटोलिव, जेडएफ और जॉयसन जैसे वैश्विक प्रमुखों को स्थानीय स्तर पर परिचालन का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ऑटोकॉप और मारुति सुजुकी द्वारा समर्थित 9.2 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ सीट बेल्ट वेबिंग के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजार के रूप में, भारत सुरक्षा और नवाचार में आगे बढ़ रहा है। पैकेजिंग में, उदार इंटरमीडिएट बल्क कंटेनर (एफआइबीसी) कांच, धातु और कार्डबोर्ड कंटेनर जैसी पारंपरिक सामग्रियों की जगह ले रहे हैं, जो स्थायित्व, बहुआयामी और पुनः प्रयोज्यता प्रदान करते हैं। हल्के और अधिक पर्यावरण के अनुकूल एफआइबीसी बैग कम परिवहन लागत प्रदान करते हैं और संधारणीय कार्य प्रणालियों का समर्थन करते हैं। इसके अलावा, एआइ और ब्लॉकचेन वस्त्र उत्पादन को अधिक स्मार्ट और पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक हैं। एआइ प्रक्रियाओं को स्वचालित करके, त्रुटियों को कम करके और वास्तविक समय की निगरानी को सक्षम करके दक्षता में सुधार करता है और यह उत्पाद की गुणवत्ता को बढ़ाता है। ब्लॉकचेन आपूर्ति श्रृंखला में प्रत्येक चरण को सुरक्षित रूप से रिकॉर्ड करके जवाबदेही भी रखती है, जिससे ग्राहकों और निर्माताओं को सामग्री के निर्माण, प्रामाणिकता और गुणवत्ता को सत्यापित करने की सुविधा मिलती है और इससे उद्योग में विश्वास और पारदर्शिता का निर्माण होता है। अमेरिका, जापान, यूके, जर्मनी और इजराइल जैसे वैश्विक प्रमुखों से प्रेरणा लेते हुए, हम अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास एवं उच्च तकनीक समाधानों के माध्यम से तकनीकी वस्त्रों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। प्रोटेक क्षेत्र में इजराइल के नवाचार जैसे किट 300 और उन्नत जाल और थर्मो-रिफ्लेक्टिव स्क्रीन जैसे दीर्घकालिक समाधानों के साथ एग्रोटेक में इटली का नेतृत्व, प्रमुख मॉडल के रूप में कार्य करता है। एक राष्ट्रीय ज्ञान केंद्र की स्थापना और स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करके, हम सर्वश्रेष्ठ कार्य प्रणालियों को अपना रहे हैं।

वैश्विक तकनीकी वस्त्र बाजार 2030 तक 250 बिलियन डॉलर से बढ़कर 300 बिलियन डॉलर तक पहुंचने के साथ, हमारा लक्ष्य 15 प्रतिशत बाजार की हिस्सेदारी हासिल करना है, जो इस तेजी से बढ़ते क्षेत्र में नवाचार और विकास को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जैसे-जैसे हम विजन 2047 की ओर बढ़ रहे हैं, तकनीकी वस्त्र भारत की समृद्ध वस्त्र विरासत और इसके तकनीकी भविष्य के बीच की कड़ी के रूप में उभर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम न केवल बदलाव के अनुकूल हो रहे हैं, बल्कि इसे आगे भी बढ़ा रहे हैं। हम ऐसे अभिनव फाइबर और दीर्घकालिक समाधान विकसित कर रहे हैं जो भारत के तकनीकी वस्त्रों को गुणवत्ता, नवाचार और स्थिरता का वैश्विक प्रतीक बनायेंगे। वस्त्र क्षेत्र 2030 तक 100 बिलियन डॉलर के निर्यात के साथ 350 बिलियन डॉलर के व्यापक स्तर के बाजार तक पहुंचने के लिए तैयार है।

**(लेखक : केंद्रीय कपड़ा मंत्री हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ने सात नक्सलियों को मार गिराया

रायपुर (आजाद सिपाही)। नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के जंगलों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच गुरुवार को हुई भीषण मुठभेड़ में सात नक्सली मारे गये हैं। यह मुठभेड़ तड़के तीन बजे से शुरू हुई और रुक-रुक दिन भर होती रही। इस ऑपरेशन में नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर और कोंडागांव जिलों की पुलिस, डीआरजी, एसटीएफ और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम शामिल थी। सुरक्षा बलों ने सात वर्दीधारी नक्सलियों के श्व बरामद किये हैं। कई स्वचालित हथियार और नक्सली सामान भी बरामद किया गया है। नारायणपुर के एसपी प्रभात कुमार ने इस घटना की पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि मुठभेड़ और तलाशी अभियान लगातार जारी है। सुरक्षा बल इलाके में और नक्सलियों की तलाश कर रहे हैं। इस ऑपरेशन को नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

### पूजास्थल कानून पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट का आदेश

# धार्मिक स्थलों पर नये मुकदमे नहीं दायर होंगे, न ही सर्वेक्षण का आदेश दिया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को निर्देश दिया कि धार्मिक स्थलों या तीर्थस्थलों के संबंध में कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सकता है या जिला अदालतों द्वारा सर्वेक्षण का आदेश तब तक नहीं दिया जा सकता है, जब तक कि उपासना स्थल अधिनियम, 1991 की वैधता से संबंधित मामला उसके समक्ष लंबित है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, जब मामला इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है, तो क्या अन्य लोगों के लिए इस पर अपना हाथ नहीं डालना उचित नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि हालांकि नये मुकदमे दायर किये जा सकते हैं, लेकिन उन्हें पंजीकृत नहीं किया जायेगा और जिला अदालतों द्वारा कोई प्रभावी आदेश पारित नहीं किया जायेगा।

**केंद्र को दिया चार हफ्ते का समय :** साथ ही शीर्ष अदालत ने 1991 के कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को चार सप्ताह का और समय दिया। याचिकाओं के एक समूह पर विचार करते हुए अदालत ने यह भी कहा कि कानून के क्रियान्वयन की मांग करने वाली याचिका पर भी केंद्र द्वारा कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया है। नवगठित पीठ ने नये मुकदमों पर विचार करने पर रोक लगाने के आदेश के विरोध को खारिज कर दिया। कानून की वैधता को चुनौती देने वालों की ओर से पेश वकीलों ने इस आदेश का विरोध किया था। पीठ ने कहा, मुकदमे दायर किये जाने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती। जब मामला इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है, तो क्या दूसरों के लिए इस पर रोक लगाना उचित नहीं होगा। जब तक हम मामले की जांच नहीं कर लेते, तब तक कोई प्रभावी आदेश या सर्वेक्षण आदेश पारित नहीं किया जा सकता।

**उपासना स्थल अधिनियम, 1991 क्या है :** उपासना स्थल अधिनियम, 1991 को पीवी नरसिंह राव सरकार ने राम मंदिर आंदोलन के चरम पर लागू किया था। इस कानून का उद्देश्य 15 अगस्त, 1947 को मौजूद धार्मिक स्थलों की स्थिति की रक्षा करना था। देश भर में मस्जिद और दरगाह सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर सर्वेक्षण करने के लिए लगभग 18 मुकदमे दायर किये गये हैं, जिसके बारे में मुस्लिम पक्षों ने दावा किया है कि यह कानून के प्रावधानों की अवहेलना है।

# धनखड़ ने विपक्ष की अभिव्यक्ति की आजादी को लगातार दबाया : खड़गे

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में लोकतंत्र को कुचलना आम बात हो गयी है, इस पर जोर देते हुए सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को सभापति जगदीप धनखड़ पर सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया और उनकी निष्पक्षता पर सवाल उठाया। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि राज्यसभा के सभापति ने लगातार हंगामा, प्रमाणीकरण पर अनुचित जोर, अनुचित टिप्पणियां और चर्चा के लिए सार्वजनिक महत्व के मुद्दों को सूचीबद्ध करने से इनकार के माध्यम से विपक्षी सदस्यों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लगातार दबाया है।

**विपक्ष ने पेश किया अविश्वास प्रस्ताव :** उपराष्ट्रपति की उनकी तीखी आलोचना कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी इंडिया ब्लॉक दलों की तरफ से जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए राज्यसभा में एक नोटिस प्रस्तुत करने के कुछ दिनों बाद आयी है, जिसमें उन पर अत्यधिक पक्षपातपूर्ण होने का आरोप लगाया गया है। विपक्ष की ओर से कांग्रेस नेता जयराम रमेश और नसीर हुसैन ने मंगलवार को कांग्रेस, राजद, टीएमसी, भाकपा, माकपा, झामुमो, आप, डीएमके, समाजवादी पार्टी समेत 60 विपक्षी सांसदों की तरफ से हस्ताक्षरित नोटिस राज्यसभा महासचिव पीसी मोदी को सौंपा।

गुरुवार को एक्स पर एक पोस्ट में खड़गे ने आरोप लगाया कि विपक्ष के बोलने के अधिकार और राय की अभिव्यक्ति पर रोक लगाना राज्यसभा में आम बात हो गयी है। कांग्रेस प्रमुख ने कहा, राज्यसभा में लोकतंत्र को कुचलना और सत्य को दबाना निरंकुश मानदंड बन गया है। राज्यसभा में स्थापित संसदीय प्रथाओं पर हमले को बढ़ावा दिया जाता है और नैतिक आचरण को खत्म कर दिया जाता है। उन्होंने कहा, हम झुकेंगे नहीं। हमारे हर साथी नागरिक और हमारे पवित्र संविधान के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा में मजबूती से खड़े रहेंगे। खड़गे ने कहा कि उन्हें सदन में बोलने की अनुमति नहीं दी गयी और वह भारत की जनता के सामने 10 बिंदु रखना चाहते हैं कि विपक्ष सभापति के आचरण और राज्यसभा के कामकाज में अविश्वास क्यों व्यक्त करता है।

### कल पांच घंटे तक नहीं करा सकेंगे ट्रेनों में रिजर्वेशन और कैंसिलेशन

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। अगर आप ट्रेन से सफर करने की सोच रहे है तो ध्यान दें। 14 दिसंबर की रात में 11:45 से 15 दिसंबर की सुबह 4:45 बजे तक कंप्यूटरीकृत सेवा नहीं मिलेगी। कुल पांच घंटों के लिए पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम को बंद रखने का एलान रेलवे ने किया है। इसका मतलब यह हुआ कि इस पांच घंटे के दौरान रिजर्वेशन, कैंसिलेशन, चार्टिंग, पीआरएस इंक्वायरी काउंटर के साथ 139 पर न कोई जानकारी उपलब्ध होगी और न ही इंटरनेट के माध्यम से टिकट की बुकिंग व कैंसिलेशन का काम होगा। इस संबंध में रेलवे ने औपचारिक बयान जारी किया है। पीआरएस का मतलब होता है पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम। यह रेलवे की ऑनलाइन टिकट बुकिंग सर्विस है। पीआरएस सेवा का उपयोग करके पैसेंजर ट्रेनों में रिजर्व और अनरिजर्व टिकट की बुकिंग कराते हैं। इसके तहत यात्रियों को बिना स्टेशन पहुंचे घर बैठे टिकट बुक कराने की सुविधा मिलती है। लिहाजा शनिवार देर रात को अगर आप ट्रेन से यात्रा करने की सोच रहे है तो रात पौने बारह बजे के पहले ही ऑनलाइन टिकट की बुकिंग कराकर अपने ट्रेनों की स्थिति पता करके ही घर से निकलें।

**पांच घंटे तक सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा**

1. पीएनआर पूछताछ
2. करंट रिजर्वेशन
3. निरस्तीकरण
4. चार्टिंग
5. असाधारण डेटा रिपोर्ट (इडीआर)
6. काउंटरों पर पीआरएस रिपोर्ट

# कांग्रेस ने बैंकों को एटीएम की तरह इस्तेमाल किया: सीतारमण

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आलोचना की। मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान सार्वजनिक बैंकों (पीएसबी) के कामकाज को लेकर कांग्रेस सांसद के निराधार बयानों के लिए उन्हें घेरा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल के दौरान उनके व्यापारी मित्रों के लिए एटीएम के रूप में माना जाता था।

बता दें कि इससे पहले राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिये केंद्र पर पीएसबी को अमीर और शक्तिशाली निगमों के लिए निजी फाइनेंसरों में बदलने का आरोप लगाया था। उनके इन आरोपों के बाद निर्मला सीतारमण ने पलटवार किया। राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा था, सार्वजनिक बैंकों को प्रत्येक नागरिक को ऋण तक पहुंच प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था। मोदी सरकार ने इसे अमीर और शक्तिशाली निगमों के लिए निजी फाइनेंसरों में बदल दिया। कांग्रेस सांसद के इस आरोप पर निर्मला सीतारमण ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, विपक्ष के नेता राहुल गांधी का एक बार फिर आधारहीन बयान देने का दौर शुरू हो गया है। भारत के बैंकिंग क्षेत्र, विशेष रूप से सार्वजनिक बैंकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में बहुत बड़ा बदलाव देखा है। क्या नेता प्रतिपक्ष से मिलने वाले लोगों ने उन्हें यह नहीं बताया कि कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान अंधाधुंध ऋण देने के परिणामस्वरूप पीएसबी के कामकाज में गिरावट आयी थी। सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में पीएसबी को एटीएम के रूप में इस्तेमाल किया गया। कांग्रेस के सरकारी कार्यकर्ताओं द्वारा बैंकों को फोन बैंकिंग के माध्यम से 'क्रोनीज' को ऋण देने के लिए मजबूर किया गया था। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, क्या नेता प्रतिपक्ष से मिलने वाले लोगों ने उन्हें यह नहीं बताया कि हमारी सरकार ने 2015 में एक समीक्षा की थी, जिसमें कांग्रेस सरकार की फोन बैंकिंग का पता चला था।

सीतारमण ने बताया कि पीएम मोदी के कार्यकाल में पीएसबी को 3.26 लाख करोड़ रुपये का फिर से पूंजीकरण के माध्यम से समर्थन दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने जन धन योजना, पीएम मुद्रा, स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा तथ्यों को गलत तरीके से पेश करना पीएसबी के कर्मचारियों और उन नागरिकों का अपमान है, जिन्हें बैंकिंग प्रणाली से लाभ मिलता है।

### केंद्रीय मंत्री रिजिजू के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सागरिका घोष ने गुरुवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया। उच्च सदन में विपक्षी नेताओं के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में यह विशेषाधिकार प्रस्ताव लाया गया है। इस विशेषाधिकार प्रस्ताव को 60 विपक्षी नेताओं का समर्थन मिला है। टीएमसी सांसद ने कहा कि कल सदन में विपक्ष को संबोधित करते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि आप सभी इस सदन में रहने के योग्य नहीं हैं। संसदीय कार्य मंत्री को संसद को सुचारू रूप से चलाने पर फोकस करना चाहिए, लेकिन वे इसके बजाय बार-बार विपक्ष का अपमान कर रहे हैं। घोष ने कहा कि किरेन रिजिजू ने विपक्षी सदस्यों का अपमान किया है और संसद के अंदर और बाहर, दोनों जगह विपक्षी सांसदों के खिलाफ व्यक्तिगत शब्दों का इस्तेमाल किया है। यह पूरी तरह से अनुचित है और वे अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। बता दें कि विपक्षी सांसद ने उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। इस पर बुधवार को प्रतिक्रिया देते हुए संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी सासंदों पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी सांसद सदन में रहने के योग्य नहीं हैं। रिजिजू ने कहा कि यदि आप कुर्सी का सम्मान नहीं कर सकते हैं, तो आपको इस सदन का सदस्य होने का कोई अधिकार नहीं है।

## आग लगने से हजारों रुपये का पुआल जलकर बर्बाद

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बुका गांव में किसान सुनील मेहता के खलिहान में रखी पुआल का ढेर अज्ञात तत्वों द्वारा आग लगा देने से जलकर बर्बाद हो गया, जिसकी किमत हजारों रुपये का बताया जा रहा है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## चुतरू पंचायत के दो विद्यालयों में ड्रेस और स्वेटर का वितरण

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड संसाधन केंद्र अंतर्गत चुतरू पंचायत के दो विद्यालयों उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय बांदू चुतरू और नव प्राथमिक विद्यालय धौराताल चुतरू में कक्षा एक और दो कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच दो-दो सेट ड्रेस, स्वेटर, जूता एवं मोजा का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक अनिल पासवान, पंचायत के उपमुखिया ज्याउद्दीन अंसारी, वार्ड सदस्य नफीस अंसारी सहित बच्चे उपस्थित थे।

# गढ़वा विधायक ने सदन में उठाया बालू किल्लत का मामला, सरकार को घेरा

**भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि गढ़वा और पलामू में बालू की किल्लत झामुमो सरकार की देन है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने गुरुवार को विधानसभा में गढ़वा के कई महत्वपूर्ण मामले को उठाया। उन्होंने बालू की किल्लत पर और मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में विभिन्न विभागों की राशि कटौती किए जाने पर राज्य सरकार को घेरा। कहा कि गढ़वा व पलामू में बालू की किल्लत झामुमो सरकार की देन है। सरकार ने वर्ष 2019 से वर्ष 2024 तक बालू घाटों की बंदोबस्ती ही नहीं किया। सरकार ने जानबूझ कर बालू घाटों की निलामी नहीं होने दिया, ताकि बालू की कालाबाजारी किया जा सकें। लेकिन इससे आम-आवाम काफी प्रभावित हुए हैं। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को सम्मान देना अच्छी बात है लेकिन शिक्षित बेरोजगारों (बाबूओं) को भी पांच से सात हजार रुपये जो पूर्व में झामुमो सरकार ने घोषणा किया था वह भी मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना संचालित करने के लिए राज्य सरकार विभिन्न कई विभागों की विकास योजनाओं की राशि को काटने का कार्य कर रही है। स्वास्थ्य विभाग का उदाहरण देते हुए कहा कि अस्पतालों की हालत बद से बदत्तर है ऊपर से विभाग की राशि काट ली जा रही है, जबकि अस्पतालों में रूई तक उपलब्ध नहीं है। साथ ही उन्होंने रंका मुखिया की मौत मामले को भी उठाया है। इसमें उन्होंने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए गंभीरता से लेने की बात कही है।


विधानसभा में अपनी बात रखते विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी।

# सांसद ने लोकसभा में सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना से संबंधित मामले को उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सांसद पलामू विडी राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला में सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना के कार्य को पूर्ण कराने से संबंधित अति मामले को उठाया।

श्री राम ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2017 में 1276 करोड़ रुपये की लागत से गढ़वा जिले की भूमि को सिंचित करने के लिये सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना का स्वीकृति प्रदान की गयी थी। राज्य सरकार की उदासीनता के कारण इस परियोजना का निर्माण कार्य विलंब से वर्ष 2019 में LNT कंपनी के द्वारा शुरू किया गया एवं मार्च 2022 तक कार्य को पूर्ण करना था। जो समय पर नहीं हो पाने के कारण उक्त कंपनी को कार्य का विस्तार करते हुए 30 जून 2024 तक पूरा करने का समय दिया गया था। परंतु उक्त कम्पनी के द्वारा अभी तक कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है और अभी भी कार्य अपूर्ण है। जिसके कारण सिंचाई परियोजना का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। विदित है कि उक्त सिंचाई परियोजना से गढ़वा जिले की 22 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी एवं गढ़वा जिले के 20 में से 18 प्रखंडों में स्थित खेतों तक सिंचाई हेतु पानी पहुंचाया जायेगा। उक्त परियोजना के निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण कराने की आवशयकता है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार से मॉग करता हूँ कि सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना को अविलंब पूर्ण करायी जाये।

## तेतरी चंद्रवंशी कॉलेज में डीएलएड के टॉपर छात्रों को सम्मानित किया गया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। तेतरी चंद्रवंशी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में डीएलएड सत्र 2022-24 के टॉपर छात्रों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामचंद्र चंद्रवंशी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने उन्हें सम्मानित किया। जिसमें छात्र पूनम कुमारी को गढ़वा जिला में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। साथ ही कॉलेज में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। जिसमें रितेश, रेनू, पूनम, अंजलि, आरती, नेहा, राहुल, अनीता, रंजू, रवि, गौतम आदि को सम्मानित किया गया। आरसीयू के कुलाधिपति डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि शिक्षा व्यवसाईकारण नहीं होना चाहिए, बल्कि शिक्षा मूल्य प्रधान ज्ञान केंद्रित संस्कार देने वाली होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद यादव, विजयपाल यादव, अंशु सक्सेना, विजय कुमार, विष्णु कुमार, दिनेश, रश्मि, सौरव, प्रीति आदि मुख्य सहित कई टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित थे।

## जनता डेंटल क्लीनिक में तीसरे दिन 25 मरीजों की हुई जांच, मुंह के कैंसर पर जागरूकता



गढ़वा (आजाद सिपाही)। कचहरी रोड स्थित जनता डेंटल क्लीनिक में चल रहे निःशुल्क दंत जांच शिविर के तीसरे दिन 25 मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को निशुल्क दवाइयां, टूथपेस्ट और परामर्श प्रदान किये गये। दंत चिकित्सक डॉ एमएन खान ने बताया कि हर घंटे एक व्यक्ति की मृत्यु मुंह के कैंसर से होती है। इसके शुरूआती चरण में दर्द नहीं होने के कारण इसका पता देर से चलता है। डॉ खान ने बताया कि हर डेंटल चेकअप में मुंह के कैंसर की स्क्रीनिंग आवश्यक है, जिससे समय पर बीमारी का पता लगाकर उपचार किया जा सके। डॉ. खान ने कहा कि यह शिविर 31 दिसंबर तक जारी रहेगा और इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के साथ जागरूकता प्रदान करना है।

## डेंटल कॉलेज में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन




गढ़वा (आजाद सिपाही)। गुरुवार को वनांचल डेंटल कॉलेज और अस्पताल में नये सत्र की शुरूआत के साथ ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें नये छात्रों को कॉलेज की संस्कृति नियम और अनुशासन व्यवस्थाओं से परिचित कराया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर बसवराज कलाली द्वारा की गयी। इस सत्र में 2024- 28 और 24 -27 एमडीएस के छात्र-छात्राओं जो की देश के विभिन्न राज्यों से आए हुए बच्चों को स्वागत किया गया। इस अवसर पर विभाग के एचओडी डॉ एके सिन्हा, डॉक्टर श्रुति, डॉक्टर सुप्रिया पटेल, डॉ अभिषेक, डॉ रमीज, डॉ राजेश तथा डॉक्टर बद्री ने अपने संबंधित विभागों की जानकारी दी। मंच का संचालन डॉक्टर तानिया वर्मा ने किया। छात्रों ने इस कार्यक्रम को अति उत्साह के साथ एवं सकारात्मक अनुभव के रूप में लिया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में कनहर परियोजना से संबंधित बैठक संपन्न

# सोन कनहर अंडरग्राउंड पाइप लाइन परियोजना अंतर्गत क्षतिपूरक वनरोपण करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में कनहर परियोजना के संबंध में बैठक आहूत की गयी। सोन कनहर अंडरग्राउड पाइप लाईन परियोजना अंतर्गत जल संसाधन विभाग द्वारा अधिग्रहित भूमि, जो ग्राम खैरा, टोटकी और सिंजों, पंचायत मदगड़ी (च) अंतर्गत है, उसमें LNT द्वारा अंडरग्राउंड पाइप लाईन बिछाये जाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण जल संसाधन विभाग को वर्णित ग्रामों की भूमि क्षतिपूरक वनरोपण हेतु वन विभाग, गढ़वा को दिया जायेगा। परंतु उक्त कार्य हेतु उपरोक्त गांव के लोगों द्वारा कार्य योजना में कुछ गतिरोध उत्पन्न किये जा रहे हैं।

कनहर परियोजना से संबंधित उक्त बैठक में अपर समाहर्ता, गढ़वा, उप निदेशक, पलामू टाईगर रिर्जव, मेदिनीनगर पलामू, अनुमंडल पदाधिकारी, रंका, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, रंका, कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग, मेदिनीनगर पलामू, प्रखंड विकास पदाधिकारी, भंडरिया, अंचल अधिकारी, भंडरिया, अंचल निरीक्षक, भंडरिया, परियोजना सहायक LNT और संबंधित क्षेत्र के मुखियागण उपस्थित थे। बैठक के दौरान योजना कार्य पूर्ण करने में आ रहे गतिरोध के कारणों से उपायुक्त को अवगत कराया गया। उपरोक्त ग्रामों के ग्रामीणों द्वारा कंपनी द्वारा मापी के क्रम में विरोध किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों द्वारा उपरोक्त जमीन पर अपनी खेती-बाड़ी करने की बात कही जा रही है और पौधारोपण के कार्य करने से रोका जा रहा है, परंतु वास्तव में उपरोक्त जमीन जल संसाधन विभाग का है। जिसे विभाग द्वारा पूर्व में ही अधिग्रहित किया जा चूका है।

# चोरी में संलिप्त युवक गिरफ्तार

### उसके पास से 14 मोबाइल, एक लैपटॉप आदि अन्य सामान बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी थाना ने गत माह थाना क्षेत्र के जंगीपुर बस्ती और उसका कला (चौबेडीह) में हुई चोरी के मामलों का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी में संलिप्त विनोद भुईयां नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 14 मोबाईल, चांदी का दो सेट पायल, कांसा का लोटा और थाली, एसीईआर कंपनी का एक लैपटॉप व चोरी की घटना में इस्तेमाल किया गया बिना नंबर प्लेट का मोडिफाई हीरो स्प्लेंडर बाईक भी बरामद किया है। विनोद भुईयां उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के बीजपुर थाना क्षेत्र के सिरसोती टोला महुआबारी का रहने वाला है। विनोद भुईयां श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कोरया गांव में स्थित अपने ससुराल में रहकर चोरी की घटना को अंजाम दिया करता था। गुरुवार को नगर ऊंटारी थाने में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी देते हुये पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने बताया कि गत 19 नवंबर को श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जंगीपुर बस्ती निवासी अनुज चंद्रवंशी एवं उसका कला (चौबेडीह) निवासी गीता देवी के घर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। अनुज चंद्रवंशी के घर से चोरों के द्वारा दो मोबाईल, आभूषण व गीता देवी के घर से आभूषण व पैसे की चोरी कर ली गयी थी। वरीय अधिकारियों ने दोनों मामलों के उद्भेदन के लिये उनके नेतृत्व में एक टीम गठित की थी। टीम में थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, पुअनि संदीप कुमार रवि, जितेंद्र कुमार, सअनि अनुज सिंह, संजय पासवान, आरक्षि कौशल कुमार द्विवेदी एवं निकेतन यादव को शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि विनोद भुईयां का यूपी में आपराधिक इतिहास रहा है। मेडिकल जांच के बाद विनोद भुईयां को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रेसवार्ता में पुलिस इंस्पेक्टर के साथ थाना प्रभारी आदित्य नायक, सअनि संजय पासवान आदि मौजूद थे।

# भाषा हमारी संस्कृति और परंपराओं को पहचान दिलाता है : निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट(10+2) स्कूल में महाकवि सुब्रमण्यम भारती जी की जयंती के मौके पर भारतीय भाषा उत्सव धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद एमपी केशरी उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित एवं सुब्रमण्यम भारती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। छात्रसदन को संबोधन करते हुए निदेशक ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में भाषा सद्भावना को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों को विविध भाषा के महत्व तथा उनके बीच में जागरूकता निर्माण करना है। अपनी मातृभाषा में महारत हासिल करने के अलावा अन्य भाषा का ज्ञान प्राप्त करने के लिए यह कार्यक्रम प्रेरित करता है।

सुब्रमण्यम भारती तमिल भाषा के साथ-साथ भारत के अनेक भाषाओं के समर्थक रहे।भारत में विविधता में एकता बनाए रखने के लिए तथा बहुभाषी समाज की स्थापना करने के लिए यह कार्यक्रम अति उत्तम है। भारतीय भाषा उत्सव भारतीय संस्कृति और बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देता है। विद्यालय स्तर पर अन्य गतिविधियों के माध्यम से स्कूली बच्चों ने न केवल अपनी भाषा की महत्व समझेंगे बल्कि प्रकृति और सामुदायिक जुड़ाव को भी महसूस करेंगे।कार्यक्रम को संबोधन उपप्राचार्य ने भी किया। कार्यक्रम का संचालन बीके ठाकुर तथा धन्यवाद ज्ञापन नीरा शर्मा ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, वीरेंद्र शाह, मुकेश भारती, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, सरिता दुबे, शिवानी कुमार, ज्योति तिवारी, रागिनी कुमारी, पूजा प्रकाश, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू

**मेरा विद्यालय मेरा अभिमान व शिक्षा अधिकार से हुए रुबरु**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिल शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना गढ़वा के निर्देश के आलोक में सभी बीआरपी सीआरपी का जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण गोविंद +2 उच्च विद्यालय में आयोजित की गयी। मास्टर ट्रेनर देवेंद्र नाथ उपाध्याय ने विद्यालय प्रबंधन समिति के पृष्ठभूमि 'पलाश', प्रशिक्षण का उद्देश्य, रणनीति, विधि, प्रशिक्षकों के लिए ध्यान देने योग्य बातें पर विस्तृत रूप से सरल और सहज तरीकों से बताया गया। इस प्रशिक्षण का संचालन बहुत ही रुचि पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ एवं जिले के सभी बीआरपी सीआरपी ससमय उपस्थित हुए और प्रशिक्षण पाकर हर्षित हुए। मौके पर मास्टर ट्रेनर देवेंद्र नाथ उपाध्याय, डायट संकाय सदस्य सह प्रशिक्षक बीरेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार कुशवाहा, शैलेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार दूबे,अरविंद चौबे सहित सभी बीआरपी सीआरपी और परियोजना कर्मी उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेता ने बीडीओ से जांच की मांग की

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। समाजसेवी सह कांग्रेस नेता श्यामसुंदर महतो ने प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम को आवेदन देकर प्रखंड खाद बीज दुकानदारों द्वारा किसानों से मनमानी तरीके से खाद बीज में अधिक पैसा लेने को लेकर जांच करने का मांग किया है। दिये आवेदन में उल्लेख किया है कि प्रखंड में खाद बीज दुकानदारों द्वारा मनमानी दर पर खाद बीज बेचा जा रहा है, जिससे किसानों का शोषण किया जा रहा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**
Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in /

–:निविदा शुद्धि पत्रः–

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदको को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना–20/2024–25 जन सम्पर्क विभाग के **PR 340491 (Building) 24-25:D** से प्रकाशित जिसकी परिमान बिपत्र बिक्री की तिथिः–20.12.2024 एवं निविदा प्राप्ति की तिथिः–21.12.2024 है को अगले आदेश तक अपरिहार्य कारण से स्थागित किया जाता है।
अन्य निविदा की शर्तें यथावत् रहेगी।

**कार्यपालक अभियंता,**
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
PR 341830 (Building) 24-25 (D)


# नहर टूटने से अक्रोशित ग्रामीण धरने पर बैठे

### गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं किये जाने का आरोप लगाते हुए त्वरित मरम्मत की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़गड़।** बड़गड़ प्रखंड अंतर्गत बिरहा मध्यम सिंचाई योजना का जिर्णोद्धार कार्य के पूर्ण हुए करीब डेढ़ वर्ष के बाद नहर टूट गया। जिसको लेकर ग्रामीण अक्रोशित हो गये। ग्रामीण विभाग और संवेदक पर गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं किये जाने का आरोप लगाते हुए सैकड़ों लोग धरना पर बैठ गये, और जिर्णोद्धार कार्य में बरती गयी अनियमितता की जांच और तत्काल नहर की मरम्मती की मांग पर ग्रामी अड़ गये। मामला गुरुवार की सुबह का है। प्रखंड मुख्यालय के महुआटिकर टोला के सैकड़ों ग्रामीण नहर में पानी नहीं आने से परेशान होकर सामूहिक रूप से इसका पता लगाने लगे नहर की जांच करने गये, तो पाया कि महुआ टिकर स्थित मुख्य पथ से से लगभग 200 मी पूर्व दिशा की ओर नहर टूट कर धंस चुका है। वहीं से नहर का पूरा पानी बह कर बेकार बह जा रहा है। लगभग डेढ़ वर्ष में ही नहर के टूट जाने से ग्रामीणों में विभाग और संवेदक के प्रति आक्रोश का माहौल बन गया। ग्रामीण लगभग कई घंटो तक सड़क जाम कर संबंधित विभाग के पदाधिकारी को अपनी मांगों से अवगत कराने हेतु धरना स्थल पर डटे रहे।

प्रखंड मुख्यालय से सटे कुम्हीकोना टोला स्थित बिरहा डैम जो मुख्यालय के महुआ टीकर एवं कुम्हीकोना के किसानों के लिए सिंचाई का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। इस डैम के पानी से दोनों टोले के सैकड़ो लोग अपनी खेतों की सिंचाई कर फसल उगाते हैं। विभाग द्वारा डेढ़ वर्ष पूर्व बिरहा माध्यम सिंचाई योजना के अंतर्गत इसका जिर्णोद्धार कार्य लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से कराया गया था। इस बीच नहर के टूट जाने पर जिर्णोद्धार कार्य के तहत किए गए कार्यों की गुणवत्ता की पोल खुल गयी है। संवेदक द्वारा बड़े पैमाने पर योजना में अनियमितता बरते जाने का अनुमान है।

**अगर नहर की मरम्मत तत्काल नहीं हुई तो मर जायेंगे फसल :** धरना पर बैठे ग्रामीणों ने कहा कि बिरहा डैम के पानी पर आश्रित हम सभी किसानों ने सैकड़ों एक-ड़ में अपनी जमीन पर मक्का, सरसों, राई, आलू सहित अन्य फसले लगायी है। बिरहा मध्यम सिंचाई योजना के जिर्णोद्धार कार्य में बरती गई अनियमितता के कारण नहर टूटने से नाराज धरना प्रदर्शन में ग्रामीण जलील अंसारी, बिरद लकड़ा, सोनू पासवान, शिवनाथ मिंज, राजू बाड़ा, कुंवरसाय किस्पोट्टा, बदलू मिंज, अलविस खलखो, रामबरन कुजूर, सुनील बाखला सहित उनके विरोध प्रदर्शन को समर्थन देने पहुंचे जेएमएम जिला प्रवक्ता संदीप गुप्ता, जिप सदस्य के प्रतिनिधि सह बिस सूत्री उपाध्यक्ष राधेश्याम लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता डेविड तिर्की और कनिय अभियंता राजेन्द्र कुमार धरना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों से मिल टूटे हुए नहर का भौतिक निरिक्षण किया तथा इसके शीघ्र मरम्मत कराये जाने की बात कही। कार्यपालक अभियंता ने ग्रामीणों के समक्ष जिर्णोद्धार कार्य में संवेदक द्वारा अनियमितता बरते जाने की बात स्वीकार की तथा जेई के प्रतिवेदन के आधार पर अग्रेत्तर कार्रवाई करने की बात कही। इस आश्वासन के बाद करीब छः घंटे तक धरना पर बैठे लोगों ने अपराह्न 1:45 बजे सड़क जाम को हटाते हुए धरना को समाप्त किया।


**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**
Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com
दुकान आवंटन हेतु सूचना

नगर परिषद, लोहरदगा के नव निर्मित कचहरी मोड़ स्थित दुकान संख्या– 05 एवं 06 के आवंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक व्यक्ति जो दुकान को किराये पर लेना चाहते है, वे नगर परिषद, लोहरदगा से आवेदन पत्र के साथ NIT की प्रति प्राप्त कर अपना आवेदन वांक्षित दस्तावेज के साथ आधार कार्ड, वोटर आईडी, अद्यतन होल्डिंग रसीद एवं रूपये 5,000.00 का डीमान्ड ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय होगा। आवेदन के साथ डाक की राशि मुहरबंद लिफाफा में दिनांक– 19.12.2024 अपराह्न– 05:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जमा कर सकते है। समर्पित मुहरबंद लिफाफा दिनांक–21.12.2024 के अपराह्न 03:30 बजे नगर परिषद, लोहरदगा में खोला जाएगा।
नोटः– दुकान आंवटन से संबंधित नियम एवं शर्ते कार्यालय, नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

**प्रशासक**
नगर परिषद, लोहरदगा।
PR 341819 Lohardaga(24-25)D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


## सीएम से मिली झामुमो जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में लोहरदगा की टीम



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में लोहरदगा से एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला और बुके देकर सम्मानित किया। प्रतिनिधि मंडल में झामुमो लोहरदगा जिला कमेटी के सचिव अनिल उरांव युवा ज़िला अध्यक्ष अजय उराव शामिल थे। इस दौरान नेताओं ने लोहरदगा जिले में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर खोलने, सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में लचर स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार एवं कृषकों को सिंचाई सहित अन्य संसाधनों की समुचित व्यवस्था कराने की अपील भी कीं। मुख्यमंत्री सोरेन ने झामुमो के नेताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि निश्चित रूप से उक्त विभागों में जो भी त्रुटियां होगी, उस पर त्वरित कार्रवाई किया जायेगा। साथ उन्होंने कहा कि आप सभी अपने को हेमंत सोरेन समझें और लोहरदगा सहित झारखंड को विकास की ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रोपर मॉनिटरिंग करें।

## इकेवाइसी को लेकर पंचायतों में लगा शिविर , सर्वर नहीं रहने से हो रही परेशानी



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के बरवाडीह और खुरा पंचायत सचिवालय सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज की देखरेख और प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी एवं मुखिया की उपस्थिति में राशन कार्डधारी का ई केवाईसी को कराने लेकर शिविर का आयोजन किया गया।दोनों पंचायत में लगे शिविर में सुबह से ई केवाईसी कराने को लेकर कार्डधारी की भीड़ लगी रही, लेकिन सर्वर नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दोनों पंचायत में सर्वर आने के बाद दोपहर 1:00 बजे की बाद ई केवाईसी का काम शुरू हो सका। बरवाडीह पंचायत सचिवालय में प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव की देखरेख में जन वितरण प्रणाली के दुकानदार मुरारी प्रसाद,शिवकुमार जायसवाल, सहेली सहायता समूह,पिंकी कुमारी,कुलदीप सिंह,ज्वाला प्रसाद जबकि खुरा पंचायत सचिवालय में मुनेश्वर साव,बबलू प्रसाद,इकबाल सिंह जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा दोपहर 4 बजे के बाद तक कार्डधारी का ई केवाईसी अपडेट किया गया।वहीं कई लोगों का ई केवाईसी अपडेट नहीं होने के कारण निराश होकर वापस लौटना पड़ा। ऐसे कार्ड धारी का संबंधित दुकानदरों द्वारा पुन अपडेट किया जायेगा।वही सर्वर नहीं रहने के कारण चिकित्सा विभाग द्वारा शिविर में किसी भी लाभुकों का आयुष्मान कार्ड नहीं बन सका। वही शुक्रवार को उकामाड़ और कुचिला पंचायत में शिविर को आयोजन होगा जबकि 14 को छिपादोहर व केड पंचायत में,16को छेचा पंचायत,17को मोरवाई,18को लात,19,को हरातू एवं 20दिसंबर को चुगरू व गणेशपुर पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि सभी कार्ड धारी का शिविर की उपरांत अपने-अपने दुकानदारों द्वारा ई केवाईसी करना सुनिश्चित करें।

# तालाब में डूबने से एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**हेरहंज।** हेरहंज प्रखंड क्षेत्र के हुंबू ग्राम स्थित कुसुम टोला निवासी फूलदेव उरांव के दो मासूम बच्चे दिनेश उरांव (5) और साक्षी कुमारी (3) की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। घटना बुधवार शाम करीब पांच बजे की है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि दोनों बच्चे तालाब किनारे खेल रहे थे। इसी बीच दोनों बच्चे तालाब में डूब गये। बच्चे की मां बगल के खेत में धान काट रही थी। मां ने जब अपने बच्चे को काफी देर से नहीं देखी तो आसपास के लोगों को कहा कि बच्चे तालाब में डूब गये। वहां कई ग्रामीण तुरंत पहुंचे और उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन बच्चे पूरी तरह डुब चुके थे। इसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी को दी। सूचना मिलते हीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार एवं थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया घटना स्थल पहुंचे। प्रशासन, झामुमो प्रखंड सचिव रॉकी लोहरा और ग्रामीणों की मदद से एक बच्चे का शव बुधवार शाम को निकाल लिया गया। दूसरा शव नहीं मिल सका। गुरुवार के सुबह दूसरा शव ग्रामीणों की मदद से निकाला गया। प्रखण्ड प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए लातेहार भेज दिया। इस घटना से गांव में मातम का माहौल है,बच्चों के परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव के लोग और प्रशासनिक अधिकारी परिवारों को सांत्वना देने पहुंचे हैं। प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। इस दुखद घटना ने सभी को सतर्क रहने और बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता को रेखांकित किया है। बच्चों को तालाब या किसी अन्य जलाशय के पास अकेले न जाने देने की सलाह दी गयी है।

## सेन्हा में किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



सेन्हा(आजाद सिपाही)। बंसरी ग्राम में 14 वर्षीय किशोरी ने अपने ही घर में मफलर से फांसी का फंदा बना आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर सेन्हा पुलिस मृतक के घर पहुंच शव को कब्जे में ले जांच में जुट गयी। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बंसरी ग्राम निवासी धनवीर पन्ना की 14 वर्षीय पुत्री सविता पन्ना ने अपने ही घर में गुरुवार को फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली घटना के पश्चात परिजनों को सूचना मिलते ही परिवार के बीच शोक की लहर दौड़ पड़ी, जबकि गांव में मातम छाया हुआ है।

## भंडरा में 35 पोल पर लगे बिजली तारों की चोरी



भंडरा(आजाद सिपाही) । थाना क्षेत्र के भैसमुंदो गांव में चोरों का अजब-गजब कारनामा देखने को मिला है। क्षेत्र के भैसमुंदो मसमानो सीमावर्ती क्षेत्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने 35 पोल पर लगे दो किलोमीटर 11 हजार विद्युत तार की चोरी कर पुलिस को खुली चुनौती दी है। चोरी किया गया तार 11हजार वोल्ट का हाई टेंशन बताया जाता है। ग्रामीणों ने भंडरा थाने मे लिखित आवेदन देकर मदद की गुहार लगायी है। ग्रामीण ईश्वर सहाय पन्ना , अरसद अंसरी , विनोद उरांव , आशीष उरांव , राम उरांव , गंगा उरांव , जुमन अंसारी , गुड्डू साहू , प्रसाद साहू , सुभाष पन्ना , अनिल , साहू , सुनील साहू , प्रेमप्रकाश उरांव , इल्याजर पन्ना , अनूप राम , कृष्णा भगत , सुखदेव उराँव , सूरज उराँव ने बताया की भैसमुंदो, बेदाल, मसमानो के सैकड़ो किसान बिजली से खेती मे लगे फसल की सिचाई करते थे, पर बीती रात अज्ञात चोरो द्वारा 35 पोल के तार की चोरी कर लेने से किसानो से फसल सिचाई के अभाव मे बर्बाद हो जायेगे। इससे किसानो को लाखो का नुकसान होगा। जानकारी के मुताबिक,भंडरा थाना क्षेत्र के मुरली तालाब के समीप भी कुछ दिन पहले 25 पोल पर लगे विद्युत तार को चोर काट कर अपने साथ ले गए। सुबह किसान खेत में आए तो मामले का पता चला। तार चोरी होने से बिजली आपूर्ति ठप है और खेतों की सिंचाई प्रभावित हो गयी है।

## राशन कार्ड इ-केवाइसी को लेकर शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा उपायुक्त के निर्देश पर खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से गुरुवार को कामता पंचायत सचिवालय परिसर में राशनकार्ड धारीयो की कार्ड में अंकित सभी सदस्यों की ई- केवाईसी (अंगुठा फिंगर) को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राशनकार्ड मे अंकित सभी सदस्यों ने अपना अपना अंगुठा का फिंगर लगाकर ई - केवाईसी कराया। जिनका राशनकार्ड नहीं बन पाया था और नाम नहीं जुड़ा था वे इसके लिए ऑनलाइन कराया। सर्वर डाउन रहने के कारण एक बजे तक एक भी अंगुठा फिंगर नहीं लग पाया था, इसके बाद अंगुठा फिंगर काफी धीमी गति से लगना शुरू हुआ जो शाम चार बजे तक अंगुठा का फिगर ई-केवाईसी हुआ, बड़ी मुश्किल से करीब एक सौ लोगों का अंगुठा फिंगर लग पाया। शिविर में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत, डीलर शाहीद खान, चदवा लैंपस बीनोद कुमार, सिद्धेश्वर गंझु, खुशबू देवी, सुनील राम, प्रज्ञा केंद्र संचालक सौदागर खान, गंदरू उरांव, ग्राम प्रधान पचु गंझु, सुले उरांव, वार्ड सदस्य अफसाना बीवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं मौजूद थे। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि सर्वर को दुरुस्त की जाय, ताकि राशनकार्ड धारक परेशानी से बच सकें। फिंगर नहीं लगा पा रहे हैं और शिविर से निराश होकर लौट जा रहे हैं।

## प्रखंड स्तरीय यूथ मोबिलाइजेशन शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को जेएसएलपीएस संस्था के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय यूथ मोबिलाइजेशन शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन सीओ दुर्गा कुमार, जेएसएलपीएस के डीएम विपिन चंद्रा और बीपीएम अभिलाषा कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा ड्रॉप आउट युवा वर्ग को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत कई तरह के प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। इसके तहत हमारे क्षेत्र की भी युवा पीढ़ी इसके माध्यम से ऑटोमोबाइल, भवन निर्माण, एसईसीएल टेक्नीशियन, नर्सिंग, सिलाई जैसे कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करके खुद को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ इसके माध्यम से बेहतर रोजगार भी देश के विभिन्न हिस्सों में जा रहे हैं।

**कोल्हान की खबरें**


## इंदौर में 34 वीं जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में झारखंड तीसरे स्थान पर



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बीते दिनों इंदौर के मध्य प्रदेश इमरोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में 34 वीं जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने तीसरा स्थान प्राप्त कर देश भर में नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में देश के सर्वश्रेष्ठ टीम हरियाणा को झारखंड के बालक वर्ग के सामने हार का सामना करना पड़ा। वही दूसरी सेमीफाइनल में मुंबई और कर्नाटक के बीच खेला गया। जहां कर्नाटक ने मुंबई को आसानी से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच हरियाणा और कर्नाटक के बीच हुई। कर्नाटक की टीम विजेता घोषित हुई। बालिका वर्ग में फाइनल मैच तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच हुई, जिसमें कर्नाटक की टीम विजेता बनी। मौके पर टीम प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया झारखंड टीम के प्रतिभागियों में झारखण्ड तीसरे स्थान पर रहा। जिसमे बालक वर्ग के प्रदीप महतो और अर्जुन टुडू दोनों ही खिलाड़ी पटमदा प्रखंड के है।उन्होंने राज्य का प्रतिनिधित्व भी किया।वही बालिका वर्ग में धालभूमगढ़ की केजीबीभी छात्राओं ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। झारखण्ड की बच्चियों के खेल देख सभी ने तारीफ की।

## आदित्यपुर जियाडा में खुला सरायकेला एसपी का कैंप कार्यालय



आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने आदित्यपुर जियाडा भवन स्थित दूसरे तल्ले में कैंप कार्यालय की शुरूआत की। गुरुवार को पहले दिन से ही फरियादी शिकायत लेकर पहुंचने लगे। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह के गुरुवार को अपराह्न 12:00 से 3:00 बजे तक नियमित रूप से फरियादियों की समस्याओं से अवगत होकर सामाधन के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। एसपी ने बताया कि जिला मुख्यालय से दूरी होने पर बुजुर्गों और महिलाओं को समस्याओं के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता था।जिसे ध्यान में रखते हुए आदित्यपुर कार्यालय की शुरूआत की गई। एसपी ने कहा हर दिन कैम्प कार्यालय में एक पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। लोग उनसे भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।उन्होंने जिले के दोनों अनुमंडल के फरियादियों को कैम्प का लाभ उठाने की अपील की।

# डकैती कांड का पुलिस ने किया खुलासा, सात आरोपी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर कमलपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बीते दिनों कमलपुर थाना अंतर्गत बनकुंचिया स्थित मां तारा कंस्ट्रक्शन कंपनी में हुई डकैती कांड का खुलासा कर दिया। पुलिस ने घटना में शामिल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सरायकेला-खरसावां जिले के चौका निवासी सनातन तांती उर्फ सोनू, तमाड़ निवासी संदीप कुमार, प्रकाश महतो, अशोक महतो, उमेश कुमार महतो, अड़की थाना क्षेत्र निवासी गांगू मुंडा उर्फ गूंगा मुंडा और उमेश कुमार महतो शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किए गए लोहे का पिस्टल,एक कार,लूटे गए 1.20 लाख रुपये और मोबाइल फोन बरामद कर लिया। गुरुवार को जानकारी देते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया घटना में मास्टरमाइंड सनातन तांती था। जो कंस्ट्रक्शन कंपनी में हाइवा चालक के रूप में काम करता था। सनातन ने अपने साथियों के साथ मिलकर डकैती की योजना बनायी थी। घटना के दिन प्रकाश और गांगू हथियार लेकर आया था। वही मौके पर अशोक महतो कार लेकर पहुंचा था। उन्होंने बताया कि संदीप,प्रकाश, गांगू और अशोक चारो आरोपी कंस्ट्रक्शन कंपनी परिसर में घुसा और डकैती की घटना को अंजाम दिया। घटना के दौरान उमेश बाहर में निगरानी कर रहा था। डकैती की घटना में पुलिस के द्वारा जांच के दौरान सनातन को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## सांसद ने घाटशिला में एम्स खोलने की मांग की



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** सांसद विद्युतवरण महतो ने पूर्वी सिंहभूम के ग्रामीण जिला के घाटशिला अनुमंडल क्षेत्र में ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) अस्पताल स्थापना की मांग संसद सत्र के माध्यम से किया है। सांसद ने संसद सत्र के दौरान लोकहित में नियम-377 के अधीन बहरागोड़ा एवं घाटशिला के मध्य एम्स अस्पताल स्थापना की मांग स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से की है। सांसद ने कहा कि मेरा जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओड़िसा की सीमाओं के पास स्थित है। स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रतिदिन जूझना पड़ता है। बहुसंख्यक आदिवासी एवं अनुसूचित जाती के लोग इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा निवास करते है जिनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है। चिकित्सा सेवा के लिए स्थानीय लोगों को दूर-दराज के शहर जाने पड़ते है जो आर्थिक एवं मानसिक परेशानी का बड़ा कारण बनता है। झारखंड के देवघर में एम्स अस्पताल जरूर है , लेकिन जमशेदपुर से इसकी दूरी करीब 350 किमी है। जाहिर है कि इतनी लंबी दूरी को तय कर देवघर एम्स अस्पताल जाकर ईलाज करवाना स्थानीय लोगों के लिए संभव नहीं है। सांसद ने विभागीय मंत्री से जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के घाटशिला और बहरागोड़ा के बीच में एम्स अस्पताल के स्थापना कि मांग की। सांसद ने कहा कि घाटशिला एवं बहरागोड़ा के बीच एम्स अस्पताल की स्थापना से झारखंड के साथ-साथ बंगाल और ओड़िसा के सीमावर्ती क्षेत्र के नागरिक भी लाभान्वित हो सकेंगे। एम्स अस्पताल के स्थापना से आदिवासी और पिछड़े समुदाय के लोगों को जीवनदायिनी चिकित्सा सुविधा नसीब हो सकेगा। मालूम हो कि घाटशिला और बहरागोड़ा में स्वास्थ्य सेवाओं का घोर आभाव है। स्वास्थ्य सुविधा कि कमी के कारण लोगों की जान तक चली जाती है। क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को लेकर हमेशा से ही लोग आवाज उठाते रहे है लेकिन आज तक कोई फायदा नहीं हुआ है। सांसद विद्युतवरण महतो के द्वारा घाटशिला और बहरागोड़ा के बीच एम्स अस्पताल की स्थापना की मांग की जाने से स्थानीय लोग उत्साहित है।

## सड़क निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत छोटा चुनचुड़िया से अतारग्राम चिमटिया होते हुए इंचागढ़ तक बनने वाली 6.2 किमी लंबी सड़क बनने पर ग्रामीणों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। उधर संवेदक मेसर्स मंगोटिया कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा निर्माण कार्य में अनियमितताओं और मजदूरी दरों में गड़बड़ी होने की बात सामने आने पर ग्रामीण आक्रोशित हैं। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों का पालन नहीं हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जानकारी के लिए लगाए गए शिलापट्ट व अन्य बोर्ड में लागत या मजदूरी दर अंकित नहीं है। वही सड़क में मुरुम,मिट्टी, बालू और पत्थर के चूरे की जगह टाटा कंपनी से स्लैग, फ्लाई ऐश और मिट्टी मिलाकर सड़क पर डाली जा रही है। सीमेंट और बालू के तय अनुपात के बजाय,एक बोरी सीमेंट में 12 धामा बालू मिलाया जा रहा है, जिससे कलवर्ट और पुल पुलिया की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। सड़क किनारे से वन विभाग की जमीन से मिट्टी काटकर निर्माण कार्य में उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया निर्माण कार्य में मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी से काफी कम भुगतान किया जा रहा है। अकुशल मजदूरों को केवल 250 और कुशल मजदूरों को 450 प्रतिदिन दिया जा रहा है। जबकि श्रमायुक्त की अधिसूचना 1 अक्टूबर 2024 के अनुसार अकुशल मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी 422 रुपिया प्रतिदिन,अर्धकुशल मजदूरों के लिए 443 प्रतिदिन, और कुशल मजदूरों के लिए 583 प्रतिदिन होनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य के गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच कराने के लिए प्रशासन से मांग की, ताकि मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी दर का पालन सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही वन विभाग की जमीन से हो रहे अवैध उत्खन पर रोक लगाई जा सके।

## मजदूर नेता ने की ग्रामीण विकास मंत्री से मुलाकात



घाटशिला(आजाद सिपाही)। युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सह झारखंड कॉपर माइंस वर्कर्स यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष शमशेर खान ने गुरुवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। मजदूर नेता ने रांची स्थित आवास पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मिल कर बुके सौंपा तथा घाटशिला विधानसभा से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर भी पत्र सौंपा। पंचायत प्रतिनिधियों विशेष कर वार्ड सदस्यों के अधिकार और उनके मानदेय को लेकर चर्चा किया। साथ ही घाटशिला दौरा का आग्रह किया। मजदूर नेता के आग्रह पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने घाटशिला दौरा का भरोसा दिलाया। पंचायत प्रतिनिधियों से जुड़े मामलों को लेकर भी सकारात्मक कदम उठाने का भरोसा दिया। इस अवसर पर सन्नी मुर्मू, गुरदास मुर्मू, मो नेसार भी मौजूद थे।

# स्कूल में एसएसबी जवानों ने चलाया स्वच्छता और जागरूकता अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** बुधवार को राजकीय कृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय रेहलदाग के प्रांगण में एसएसबी जवानों के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन 4.0 के तहत स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल गुमला के कमांडेंट राजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार निरीक्षक सामान्य विशपाल लाल के नेतृत्व में एफ समवाय जोरी के द्वारा जवानों एवं ग्रामीणों का सहयोग से चलाया गया। मौके पर विशपाल लाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग अपने आसपास को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखें इससे बीमारी से बचा जा सकता है उन्होंने कहा कि घर एवं सार्वजनिक स्थानों के कूड़े कचरे को कूड़े दान पर डालें जिससे गांव घर में गंदगी नहीं फैलेगा एक छोटी सी पहल से कई बड़ी बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम को करने का मुख्य मकसद यह है कि आप लोग अपने दिनचर्या में कभी गंदगी ना फैलाएं जो भी कूड़ा है उसे कूड़ेदान पर डालें और हमेशा अपने आसपास को साफ एवं स्वच्छ रखें।

## डूमरडीह पंचायत के गांव चुगुल पड़की टोली पहुंचे उपायुक्त

# समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

जर्जर सड़क, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और पलायन आदि है क्षेत्र की मुख्य समस्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के डूमरडीह पंचायत अंतर्गत चुगुल पड़की टोली ग्राम का उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने दौरा किया। लगभग 80 घरों और 1000 आबादी वाले इस गांव तक पहुंचने के लिए उपायुक्त ने करीब 3 किलोमीटर की दूरी बाइक से तय की। यह गांव शहर के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित है और वहां तक पहुंचने के लिए जर्जर सड़कों के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से सड़क निर्माण और पुलिया निर्माण की प्रमुख मांग रखी। उन्होंने बताया कि खराब सड़कों के कारण आपातकालीन स्थिति में अस्पताल पहुंचना और बच्चों का विद्यालय जाना अत्यंत कठिन हो जाता है। इसके साथ ही, आंगनवाड़ी केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के निर्माण की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।



हालांकि, ग्राम में सभी घरों में जल और बिजली की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन अन्य बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण ग्रामीण पलायन को मजबूर हो रहे हैं।

**उपायुक्त का आश्वासन और निर्देश**

उपायुक्त ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने ग्रामीणों को रोजगार और कौशल विकास के लिए जिले के रूरल क्राफ्ट ट्रेनिंग सेंटर से निःशुल्क प्रशिक्षण लेने की सलाह दी। उपायुक्त ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार के अवसरों के लिए लोन और अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने में प्रशासनिक सहयोग प्रदान किया जायेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं से ग्रामीणों को जोड़ने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त, सोलर लाइट लगाने के प्रस्ताव पर भी गहन विमर्श किया गया।

**स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण**

इस दौरान उपायुक्त ने नवाडीह स्थित आंगनवाड़ी केंद्र और विद्यालयों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इन संस्थानों की मरम्मत और सुधार हेतु तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर गुमला प्रखंड विकास पदाधिकारी, गुमला अंचल अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय का भवन जर्जर



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय अरहरा का भवन हुआ जर्जर, बच्चों के सिर पर हर वक्त मंडराता है खतरा। कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित विद्यालय में वर्ग प्रथम से लेकर कक्षा सातवीं तक की पढ़ाई होती है। परंतु उक्त विद्यालय की बदहाली का आलम यह है कि सभी कमरो के उपर छत का प्लास्टर जगह-जगह से उखड़कर गिरते रहती है। जिसके कारण कक्षा के अंदर बैठे स्कूली बच्चों के सिर पर हर वक्त खतरा मंडराता है। इतना ही नहीं बरसात के दिनों में इस विद्यालय के छत से पानी का रिसाव होता है और जगह-जगह टपकता है। इसके अलावे इस विद्यालय के बच्चों को प्रतिदिन पीने का पानी के लिये इधर उधर जाना पड़ता है। हालांकि इस विद्यालय परिसर में एक चापाकल भी है। परंतु उक्त चापाकल से गंदा व बदबूदार पानी निकलता है। वहीं गर्मी के दिनों में तो स्थिति और भी भयावह हो जाती है। इस संदर्भ में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक गोपेश्वर बड़ाईक से बातचीत की गयी तो उन्होंने कहा कि विद्यालय की समस्या को लेकर प्रखंड संसाधन केंद्र कामडारा को अवगत करा दी गयी है। इसके बावजूद विद्यालय की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाया है।

## फाइलेरिया उन्मूलन में शिक्षकों की भूमिका पर चर्चा



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** फाइलेरिया उन्मूलन के आगामी मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) राउंड की सफलता सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को बिशुनपुर प्रखंड के 98 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए एक विशेष उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन प्रखंड सभागार में किया गया। जहां बिशुनपुर स्वास्थ्य विभाग से अरविंद कुमार (एमटीएस) विजय उरांव, प्रकाश कुमार, जीवन राम, अजीत कुमार सिंह, अरविंद कुमार (एमपीडब्ल्यू) गुमला से पिरामल फाउंडेशन की टीम, जिसमें प्रमोद जायसवाल और केतन रघुवंशी शामिल थे, ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से फाइलेरिया उन्मूलन की प्रक्रिया, एमडीए रणनीति, और सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर विस्तृत जानकारी साझा की। बैठक का उद्देश्य शिक्षकों को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना और इसे समाप्त करने के लिए उनके सहयोग को प्रोत्साहित करना था। प्रधानाचार्यों से अपील की गयी कि वे इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभायें, ताकि समाज को इस बीमारी से मुक्त किया जा सके।

# जेंडर हिंसा के खिलाफ महिला विकास मंडल ने निकाली रैली

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान के तहत गुरुवार को बसिया थाना चौक और कोनबीर ऊपर चौक से जेएसएलपीएस के अंतर्गत महिला विकास मंडल कोनबीर के सदस्यों द्वारा जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध रैली निकाला गया। रैली कोनबीर सरहुल मैदान में सभा मे तब्दील हो गया। सभा का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि बसिया पंचायत के मुखिया गुलशन टेटे ने संबोधित करते हुए कहा कि आज नारी काफी जागरूक हुई है। नारी अपने अधिकार को पहचानने लगी है। नारी अगर शिक्षित हो तो परिवार शिक्षित परिवार शिक्षित होगा समाज शिक्षित होगा। हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों की तुलना में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि लड़का लड़की में भेदभाव न करे। रैली सह सभा में विश्वासी कुजुर के नेतृत्व में महिलाओं द्वारा नारा लगाया गया। विश्वासी कुजुर द्वारा महिलाओं के हक अधिकार को लेकर कहा कि महिलाओं हो रहे हिंसा और उससे बचने के उपायों पर प्रकाश डाला। वहीं कोनबीर महिला मंडल के अध्यक्ष अमरेंसिया कुल्लू ने महिलाओं पर हो रहे हिंसा पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए हिंसा के प्रकार पर अपनी बातो को रखी। सभा मे महिला मंडल की सदस्यों द्वारा नुक्कड़ नाटक कर महिला हिंसा पर महिलाओं को जागरूक भी किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि आज के परिवेश में किस प्रकार से महिलाओं के प्रति हिसा की जाती है और उस हिंसा को कैसे रोकथाम किया जा सकता है। कोनबीर महिला विकास मंडल अंतर्गत पांच पंचायत यथा कोनबीर, तेतरा, लुंगटु, बसिया और पंथा शामिल है। मौके पर कोनबीर महिला मंडल अध्यक्ष अमरेंसिया कुल्लू, सचिव मंजू पांडेय, कोषाध्यक्ष सुशीला देवी, महिला विकास मंडल बसिया के बीएलएफएसी विनोद कुमार, विश्वासी कुजुर, लीलावती देवी, अनिता देवी, लक्ष्मी देवी, विमला देवी, विकास कुमार, पंकज कुमार समेत सैकड़ो महिला शामिल थे।

# पानी में डूबने से मासूम की मौत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के पतरा टोली निवासी पुना तिर्की के एक वर्षीय बच्ची पुकली कुमारी की पानी में डूबने से मौत हो गयी। घटना गुरुवार की अपराह्न 4:00 बजे की है। परिजन तत्काल बच्ची को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां जांच के उपरांत डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया इसके बाद बच्ची के पिता को गहरा झटका लगा। इसके बाद वे लोग बच्ची को निजी डॉक्टर से दिखाने शहर के एक क्लीनिक ले गये। परिजनों ने बताया घटना के बाद बच्ची ज्यादा पानी पी ली थी वहीं उसकी सांसे भी चल रही थी। लेकिन सदर अस्पताल पहुंचते पहुंचते उसकी मौत हो गयी। हालांकि घटना के स्पष्ट कारण को उन्होंने नहीं बताया। सिर्फ बताया कि बच्ची खेलते खेलते पानी में गिर गयी।

# पंचायत में अतिक्रमण की जानकारी अंचल को दें : सीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड क्षेत्र के सभी मुखियाओं की बैठक गुरुवार को अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी मुखियाओं को निर्देश देते हुए सीओ ने कहा जिस किसी पंचायत में अतिक्रमण हुआ है तो इसकी जानकारी अंचल को दें अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा। चांदनी चौक का अतिक्रमण शुक्रवार से किया जायेगा, स्वच्छता को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सिकल सेल पॉजिटिव यदि कोई मिलता है तो उसे विकलांग सर्टिफिकेट दिया जायेगा। जिसके बाद मिलने वाले योजनाओं से लाभान्वित भी किया जायेगा। प्रत्येक पंचायत के एक-एक दवा दुकानदारों को निःशुल्क लाइसेंस दिया जायेगा इसके लिए आवेदन करना है। कैटिगरी 1 बालू घाट को चिंहित करने का निर्देश पंचायत के मुखियाओं को दिया है जिसके बाद नीलम का प्रक्रिया किया जायेगा। जो ट्रैक्टर बालू उठायेगा उसे पंचायत को प्रति ट्रैक्टर 100 रुपये की दर से देना होगा सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर मुख्य रूप से लोदो एक्का, फिरंगी उरांव, विनीता कुमारी, यशमुनी देवी, राजेश बड़ाइक, चांदनी उरांव सहित सभी पंचायत के मुखिया उपस्थित थे।

## टाना भगत कॉलेज और हाइ स्कूल में नशा मुक्त भारत कार्यक्रम



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला के द्वारा टाना भगत महाविद्यालय घाघरा एवं राजकीय कृत उच्च विद्यालय टोटाम्बी में नशा मुक्त भारत कार्यक्रम किया गया। नशे से होने वाली हानि के संबंध में बताया गया। साथ ही तकनीक एडिक्शन के दुरुपयोग से होने वाले नुकसान से भी बच्चों को अवगत कराया गया। राजयोग मेडिटेशन के द्वारा हम जीवन में होने वाले सभी प्रकार की समस्याओं से कैसे निकल सकते है इस ब्रह्माकुमारी द्वारा बताया गया। इस कार्यक्रम में डीआरडीए निर्देशक विद्याभूषण कुमार, अजिता कुमारी, सुचिता कुमारी, मंजू कुमारी, रेणुका उरांव, सोनाली सेन, अंशुमाली भगत, मंगल कुमार, विनेश कुमार, संजय कुमार, असरद मोमिन, संजय प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

# डुमर पानी में 22 परिवारों के बीच मसूर बीज का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जारी प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत अंतर्गत डुमर पानी गांव में जारी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक ने 22 परिवारों के बीच दो-दो किलो मसूर बीज का वितरण किया। गुरुवार की अपराह्न 3:00 बजे दिलीप बड़ाइक अपने टीम के साथ डूमर पानी गांव पहुंचे जहां 22 परिवारों के बीच दो दो किलो मसूर के बीच का वितरण किया। दिलीप बड़ाइक ने बताया यह गांव आदिम जनजाति कोरबा जाति बहुल है। ये लोग पूर्ण रूपेण खेती और जंगल पर निर्भर रहते हैं। वही ग्रामीणों ने खेतों में सिंचाई की सुविधा नहीं होने की बात बताई। जिस पर दिलीप बड़ाइक ने तत्काल कृषि पदाधिकारी गुमला से फोन पर बात किया। वही कृषि पदाधिकारी ने ग्रामीणों को सिंचाई के लिए मशीन देने का आश्वासन दिया।

## एसपी शंभू कुमार सिंह ने पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक

# अपराध और अवैध गतिविधियों पर लगाम की रणनीति तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले में बढ़ते अपराध और सामाजिक कुरीतियों पर रोकथाम के लिए एसपी शंभू कुमार सिंह ने जिला पुलिस अधिकारियों के साथ विशेष बैठक आयोजित की। इस बैठक में पुलिस उपाधीक्षक, इंस्पेक्टर और सभी थाना प्रभारियों ने भाग लिया। बैठक में अपराध नियंत्रण को लेकर नए कदम उठाने और योजनाओं पर चर्चा हुई। एसपी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपराधियों पर सख्ती बरतें और कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

बैठक में एसपी ने डायन-बिसाही जैसे कुप्रथाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या न केवल सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि अपराध को भी बढ़ावा दे रही है। इसके समाधान के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। पुलिस को ग्रामीणों के साथ संवाद कर उन्हें शिक्षित करने और इस अंधविश्वास के खिलाफ माहौल तैयार करने का आदेश दिया गया।



गुमला जिले में अवैध नशापान और शराब बिक्री को लेकर पुलिस ने सख्त रुख अपनाने की घोषणा की है। बैठक में गुमला बस स्टैंड के आसपास अवैध रूप से शराब बेचने वाले होटल संचालकों पर विशेष चर्चा हुई। एसपी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से छापेमारी और कार्रवाई का निर्देश दिया।

अपराधों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने कई नई रणनीतियों पर काम करने की योजना बनायी। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाएं और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें।

एसपी ने कहा कि गुमला पुलिस की प्राथमिकता जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पुलिस विभाग न केवल अपराधियों पर कार्रवाई करेगा, बल्कि जनता के बीच विश्वास बहाली के लिए भी काम करेगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को स्थानीय समुदाय के साथ बेहतर तालमेल बनाकर काम करने की सलाह दी।

बैठक का उद्देश्य जिले में अपराधों की रोकथाम, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लड़ाई और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए, ठोस योजनाएं बनाना था। बैठक के दौरान अपराध से जुड़ी पिछली घटनाओं की समीक्षा की गयी और आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गयी।

## बाल विवाह रोकथाम को लेकर नुक्कड़ नाटक आयोजित



**बसिया (आजाद सिपाही)।** जिला समाज कल्याण विभाग गुमला के द्वारा बसिया दीवानटोली, मुंडाटोली, पहाड़टोली में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाव, बाल विवाह रोकथाम को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को लड़कियों के विकास से सम्बधित जानकारी देते हुए उन्हें अंध विश्वास के विरुद्ध जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक गीत संगीत का प्रस्तुति प्रज्वलित विहार कुलाबीरा बरटोली, पतिया गुमला द्वारा किया गया। प्रज्वलित विहार के दलनायक अमिशु बिलुंग थे। इस मौके पर आंगनबाड़ी सेविका वीणा देवी, अनामिका कुमारी समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद के नये भवन में उद्घाटन से पहले ही पड़ी दरारें

अनियमितता की भेंट चढ़ा 11 करोड़ की लागत से बना नव निर्मित अस्पताल भवन

विकास वर्मा

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गांव कोंडेकेरा टंगराटोली के निकट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन निर्माण किया गया। जिसमें सरकार ने लगभग 11 करोड़ रुपये खर्च किये। इतनी बड़ी लागत से बने इस नये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन की दीवारों में बड़ी बड़ी दरारें पड़ गयी।



इस भवन में अस्पताल शुरू होने से पहले ही दीवारों में पड़ने वाली दरारें चीख चीख कर भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रही हैं। ये दरारें निर्माण के समय की गयी अनियमितता की पोल खोल रही है। इस अस्पताल भवन के निर्माण में फ्लाइ ऐश से बनी ईंट का प्रयोग किया गया है। इन ईंटों का निर्माण कामडारा के बकुटोली में किया जाता है जिसका ब्रांड नाम लीजा है। जानकार बताते हैं कि जिस ईंट का प्रयोग निर्माण में किया जाता है उसका क्वालिटी टेस्ट सर्टिफाइड होना जरूरी है परंतु दीवारों पर पड़ने वाली दरारें कई सवाल खड़ा कर रही है। इधर ग्रामीण में अस्पताल भवन के दीवारों पर पड़ी दरार बड़ी चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग कहते हैं कि इस अस्पताल को शुरू करने से पूर्व इसकी गुणवत्ता की जांच कर लेनी चाहिए चूंकि दीवारों में हो रही दरार से कहीं कोई बड़ी दुर्घटना न हो जाये।



बता दें कि स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के तहत भवन निर्माण विभाग के द्वारा लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा के नये भवन का निर्माण कराया गया है। जिसका निर्माण राज कंस्ट्रक्शन रांची ने कराया है। उक्त अस्पताल भवन मे मरीजों के लिये तीस बेड और चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों के लिये आवास भी बनाया गया है। उक्त भवन का शिलान्यास गत 13 नवंबर 2021 को तत्कालीन सांसद सुदर्शन भगत और सिसई विधायक जिगा सुसारन होरो ने किया था। अस्पताल तक पहुंच पथ नहीं होने के कारण अभी तक इसका उद्घाटन नहीं हुआ है। लेकिन अब उक्त नये अस्पताल भवन तक जानेवाली पथ के निर्माण के लिए निविदा भी निकाली दी गयी है।

## 15 को गुमला आयेंगे चर्म और कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप

**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध चर्म, थायरॉड एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 15 दिसंबर दिन रविवार को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड की ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मरीजों को देखेंगे। इस दौरान चर्म, थायरॉड एवं कुष्ठ रोग से संबंधित रोगियों की जांच और उनका इलाज किया जायेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## बीडीओ ने किसान क्रेडिट कार्ड का 3 वर्षो से लंबित आवेदन वापस करने का दिया निर्देश

**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमेटी की बैठक की गयी। बैठक में बैंक स्तर से जितने काम काज होता है उसके संबंध में एलडीएम की उपस्थिति में चर्चा की गयी जिसमें किसान क्रेडिट कार्ड का विगत 3 वर्षो से लंबित आवेदन को प्रखंड कार्यालय में वापस करने का निर्देश दिया गया। ताकि उक्त आवेदनों को संशोधन कर बैंक को भेज सके साथ ही साथ वितीय वर्ष 24-25 के लक्ष्य के अनुरूप प्रखंड भरनो अंतर्गत सभी बैंकों में 200 आवेदन भेजे गये हैं। जिसमें अब तक कुल 35 आवेदन की स्वीकृति की गयी है। शेष आवेदनों को यथाशीघ्र जांच कर स्वीकृति दे ताकि किसान अपना रबी फसल में उपयोग कर सके। सभी शाखा प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि लाभुक खातेदारी को नहीं दौड़ायें। जिस काम के लिए आते हैं उनका काम करके ही वापस घर भेजें। सभी शाखा प्रबंधक को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत कैंप के माध्यम से सभी लाभुक का आवेदन ले। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 18 से 50 वर्ष आयु वाले किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होती है उसको 2 लाख मिलेगा इसके लिए लाभुक को प्रतिवर्ष 436 देने होंगे। इन योजना को सफल संचालन हेतु दिसंबर एवं जनवरी माह में प्रत्येक ग्राम पंचायत में कैंप के माध्यम से प्रत्येक शनिवार को किया जायेगा।

## गढ़वा रोड रेलवे प्लेटफार्म पर अज्ञात अधेड़ का शव मिला



**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** धनबाद रेलखंड के गढ़वा रोड (रेहला) रेलवे स्टेशन के तीन नम्बर प्लेटफार्म से जीआरपी ने गुरुवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। गढ़वा रोड जीआरपी थाना प्रभारी विमल कुमार ने बताया कि शव के पास से मिले एक थैले से भी कोई ऐसा चीज नहीं मिला है,जिससे उसकी पहचान हो सके। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर गढ़वा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर सरकारी प्रावधान के तहत निर्धारित अवधि तक वहां पहचान के लिए मर्चरी में रखवा दिया है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ निकाला आक्रोश मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** सर्व सनातन समाज जपला नगर के तत्वावधान में बुधवार को आक्रोश मार्च का आयोजन किया गया। बांग्लादेश में सनातनियों पर हो रहे जुल्म के विरोध में यह आयोजन किया गया। आक्रोश यात्रा की शुरूआत महावीर भवन परिसर से जयश्री राम आदि की जयघोष से गयी। जिसमे काफी संख्या में सनातनियों ने शामिल होकर बांग्लादेश में सनातनी हिन्दू, सिख, जैन, बौद्ध समाज पर हो रहे बर्बरता पूर्वक अत्याचार के विरुद्ध एकजुटता दिखायी। आक्रोश मार्च के दौरान लोगों ने तख्ती के साथ जमकर नारेबाजी की। इसमें शामिल लोग गांधी चौक, पुरानी बाजार, इमामबाड़ा, रविदास नगर, लंबी गली, मधुशाला रोड, हैदरनगर रोड, पटेल चौक, अंबेडकर




चौक, मुख्य बाजार रोड, जय प्रकाश चौक होते हुए बाबा विश्वनाथ भास्कर छठ पोखरा परिसर पहुंचे। जहां जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरएसएस जिला संचालक दिनेश प्रसाद कश्यप ने कहा कि बांग्लादेश मे अल्पसंख्यकों को टारगेट जारी है। सनातनी हिन्दू, सिख, जैन बौद्ध धर्मावलंबियों पर हो रहे अत्याचार बांग्लादेश सरकार की विफलता का प्रतीक है। जो बिल्कुल निदनीय है। सरकार को इस पर शिकंजा कसने की जरूरत है। साथ ही संत-पुरोहितों ने भी बांग्लादेशी सरकार की घोर निंदा की। कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति के नाम अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। जसमे में बांग्लादेश सरकार को हिंसा पर लगाम लगाने की मांग की गयी। मौके पर मुख्य रूप से महावीर मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक, बीएम शर्मा, विहिप के प्रखंड अध्यक्ष लोकनाथ केशरी, उदयनाथ विश्वकर्मा, अखिलेश विश्वकर्मा, संतोष कश्यप, अजय प्रसाद गुप्ता, पंकज गुप्ता, राजीव ठाकुर, हरिओम पाठक, रामेश्वर राम, अशोक विश्वकर्मा, श्रवण अग्रवाल, शशि कुमार आदि समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी के निर्देश पर डीडीसी शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी।समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिले में पदस्थापित 29 महिला पर्यवेक्षिकाओं के द्वारा नवम्बर माह में मात्र 5 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया जो अत्यंत चिंताजनक है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें। जिन परियोजनाओं में केंद्रों का निरीक्षण संतोषजनक नहीं पाया जायेगा उनके विरुद्ध आवश्यक दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।



**पूरक पोषाहार कार्यक्रम की समीक्षा**

पूरक पोषाहार कार्यक्रम की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पांकी परियोजना को छोड़कर किसी भी परियोजना द्वारा माह नवंबर तक का पोषाहार अभिश्रव उपलब्ध नहीं कराया गया है। संबंधित परियोजना पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर नवंबर तक का पोषाहार अभिश्रव उपलब्ध कराना सूचित करें।

**टीएचआर वितरण की भी समीक्षा**

समीक्षा के दौरान पाया गया कि माह नवंबर में लगभग 28% ही टीएचआर वितरण की इंट्री पोषण ट्रैकर में किया गया है साथ ही टीएचआर सामग्री वितरण का गहन अनुश्रवण करने का निर्देश सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी,महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया।

**पोषण ट्रैकर की समीक्षा**

सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देशित किया गया कि योजना के सभी मानकों का शत प्रतिशत इंट्री पोषण ट्रैकर में करना सुनिश्चित करेंगे।प्रतिदिन केन्द्र पर उपस्थित बच्चों का तथा केन्द्र पर्यवेक्षण का फोटो अपलोड करने का निर्देश दिया गया।

# पलामू जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष ने इरफान अंसारी को स्वास्थ्य मंत्री बनने पर दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर/ पलामू।** चैनपुर पूर्वी के जिला परिषद सदस्य सह झामुमो अल्पसंख्यक पलामू जिला अध्यक्ष फजायल अहमद ने रांची स्थित स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल अंसारी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री को मोमेंटो दिया। उन्होंने पलामू जिले में स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। मंत्री ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना एवं जल्द से जल्द स्वास्थ संबंधित समस्याओं का निदान को लेकर आश्वासन दिया। वहीं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल अंसारी ने अल्पसंख्यकों के प्रति सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, दृष्टिकोण से सुदृढ़ करने को लेकर कई प्रकार



की योजनाओं को संचालित करने का आश्वासन दिए एवं पूर्व से चली आ रही अल्पसंख्यक कल्याण कोष से संचालित योजनाएं को और बेहतर से उनकी बेहतरीन के लिए चलायी जाने की बात कही। इस मौके पर पलामू जिला अल्पसंख्यक के जिला अध्यक्ष फजायल अहमद ने दोनों मंत्रियों से मिलने के बाद मिले आश्वासन से खुश नजर आए। एवं उन्होंने दोनों मंत्रियों को धन्यवाद दिये। उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त में अबुआ सरकार सभी वर्गों का भरपूर विकास करेगी क्योंकि यह पार्टी काम करने में भरोसा करती है यही वजह है कि आज हेमंत सरकार के नेतृत्व में अबुआ सरकार प्रचंड बहुमत के साथ दोबारा झारखंड में सरकार बनाने में सफल रही है। इसे आगे भी इसी तरह से गरीबों के लिए कार्य करना है।

# आंगनबाड़ी सेविका पर सावित्रीबाई फुले योजना का लाभ दिलाने के लिए रिश्वत मांगने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर/ पलामू।** झारखंड सरकार की महात्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ देने के एवज में छात्रा से रिश्वत मांगने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा का आरोप है कि आंगनबाड़ी सेविका द्वारा फॉर्म जमा करने के एवज में रिश्वत मांग की गयी थी। दरअसल ऐसा ही मामला चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के झरिवा पंचायत के निवासी मोनिका शर्मा पिता जितेंद्र शर्मा ने लिखित आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रदीप कुमार दास को आवेदन दिया हैं। साथ ही मोनिका शर्मा ने बताया कि सावित्रीबाई समृद्धि फुले योजना का फॉर्म नजदीकी के आंगनबाड़ी सेविका आशा



देवी पति चंद्रेश शर्मा के पास फॉर्म जमा दिया था जहां सेविका ने हमसे पैसा का मांग की थीं लेकिन अत्यंत गरीब होने के कारण सेविका को पैसा देने में असमर्थता जाहिर की, तो सेविका ने कहा कि फॉर्म विभाग में जमा कर दिया जायेगा। लेकिन मेरा फॉर्म जमा नहीं किया गया और मेरे साथ जो फॉर्म जमा की थी उन सभी छात्राओं का सावित्रीबाई समृद्धि फुले योजना का पैसा मिल गया,जबकि मेरा फॉर्म ऑनलाइन भी नहीं किया गया है जबकि सरकार पढ़ाई के लिए छात्रा को मुफ्त पैसा दे रही है जिससे कि गरीब छात्रा का पढ़ाई बाधित नहीं हो लेकिन आंगनबाड़ी सेविका सरकार की नियम कानून को ताक पर रखते हुए गरीब छात्रा का भविष्य खराब करने में लगी हैं।

# गोरखनाथ पांडेय ने सीएम के नाम सौंपा मांग पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर नप के समाजसेवी गोरखनाथ पाण्डेय ने मुख्यमंत्री के नाम से अपनी मांगों से संबंधित पत्र विश्रामपुर सीओ को सौंपा। विदित है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का सफल आयोजन हेतु 3 अगस्त 24 से 15 अगस्त 24 तक नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में अभियान चलाया गया था, और कैंप आयोजित कर 21 वर्ष से ऊपर और 50 वर्ष से नीचे के सभी बहन, बेटियों को योजना का लाभ प्रदान करने के लिए फॉर्म कलेक्ट कर कैंप में ही ऑनलाइन आवेदन किया गया था। जिसमें से बहुत सारे ऐसे लाभुक हैं जिनका कंप्यूटर में गलत एंट्री हो जाने के चलते मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। उन्हें योजना का लाभ मिले, इस हेतु मैंने बिश्रामपुर नगर परिषद के सभी वार्डों में अभियान चलाकर वंचित सभी लाभुकों का डाटा तैयार करने की शुरूआत 27.11.24 से सबौना गांव के वार्ड नंबर 2 शुरू कर दिया है।

एक एक कर सभी वार्डों से वंचितों की सूची बनाकर अंचल पदाधिकारी महोदय ,बिश्रामपुर के समक्ष प्रस्तुत कर असफल भुगतान के निराकरण का अनुरोध किया जा रहा है तथा मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की भुगतान में आ रही अड़चनों को दूर करने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त पलामू जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के तहत जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी सदर मेदिनीनगर/ चैनपुर/ बिश्रामपुर/ हुसैनाबाद/ छतरपुर एवं हरिहरगंज को निर्देशित करते हुए संबंधित सभी लाभों का आवश्यक सभी कागजात प्राप्त करते हुए आपसी समन्वय से उक्त समस्या का निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश प्राप्त है। उपरोक्त आदेश के आलोक में वंचित सभी को योजना का लाभ मिले सके यही मेरा मुख्य उद्देश्य है, जिसके लिए मैं पलामू जिला प्रशासन द्वारा अनुसंशित समाजसेवी, बिश्रामपुर नगर परिषद के सभी वार्डो में वंचित लाभुकों का आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करते हुए बिश्रामपुर अंचलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# नैक की पीयर टीम ने की एके सिंह कॉलेज जपला की जांच और सत्यापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** स्थानीय एके सिंह कॉलेज जपला में विगत दो दिन तक एसएसआर की सत्यापन और जांच नैक के पीयर टीम ने किया। नैक के पीयर टीम के चेयरपर्सन प्रो केए अबुबकर, मेंबर कोऑर्डिनेटर प्रो दिनेश कुमार चौबे तथा मेंबर डॉ संजय खरात का स्वागत कॉलेज के सचिव प्रफुल्ल कुमार सिंह, प्राचार्य प्रो सूर्यमणी सिंह, प्रो डॉ रामसुभग सिंह, आइक्यूएसी के कोऑर्डिनेटर प्रो अरुण कुमार सिंह नैक को ऑर्डिनेटर प्रो डॉ आलोक रंजन कुमार ने किया। कॉलेज के एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो राजेश कुमार सिंह तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो राहुल कुमार सिंह ने अपने स्वयंसेवकों तथा विद्यार्थियों की




स्वागत मंडली के साथ अगुवाई कर रहे थे।

विद्यार्थीगण झारखंडी संस्कृति के परिवेश में ढोल, नगाड़े और मांदर लेकर संगीतमय वातावरण में पीयर टीम का स्वागत किया। पीयर टीम ने लगातार दो दिनों तक एसएसआर में अंकित विवरण एवं विश्लेषण के आधार पर जांचकर सत्यापन किया तथा रिपोर्ट तैयार की। पूर्ववर्ती छात्राओं तथा अभिभावकों के साथ भी बैठक की साथ ही वर्तमान अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ भी अनेक प्रश्न पूछे, जिसके उत्तर पाकर पीयर टीम ने शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारीगणों के साथ किये गये बैठक में भूरि-भूरि प्रशंसा की। इन दो दिनों में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं एक्जिट मीटिंग में भी पीयर टीम ने सराहना की। पीपीटी प्रजेंटेशन में जितने विभागों के विभागाध्यक्षों ने अपनी प्रस्तुति दी उससे पीयर टीम संतुष्ट हुई।

# नवाडीह बीएड कॉलेज में मनाया भाषा उत्सव दिवस




आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/ पलामू।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बीएड कॉलेज में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार भारतीय भाषा उत्सव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ नगेंद्र राम ने किया। डॉ राम कहा कि अपने राष्ट्र भाषा हिन्दी पर हमे गर्व होनी चाहिए, भाषा हमारी संस्कृति व विरासत को जिंदा रखने में अहम भूमिका निभाती है। मौके पर शिक्षक रोहित तिवारी, महबूब आलम, डॉ सुभास कुमार, डॉ वंदना सिंह, कुसुम देवी, शशिकला देवी, शशि रेशमा कुजूर, सुरेंद्र कुमार पांडेय सहित कई छात्र छात्रा मौजूद थे।

## झामुमो नेता ने की तिल फैक्ट्रियों पर कार्रवाई की मांग

**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में कई जगहों पर चल रही अवैध तिल फैक्ट्रियों से आ रही दुर्गंध के विरुद्ध हरिहरगंज झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने गुरुवार को सीओ को आवेदन देकर बंद कराने की मांग की है। झामुमो नेता ने बताया कि हरिहरगंज में नदी नालों पर तिल फैक्ट्री खोल कर अवैध रूप से चलाई जा रही है। तिल सफाई के लिए प्रयोग की जाने वाली केमिकल के दुर्गंध से लोग परेशान हैं। वहीं केमिकल युक्त गंदा पानी सीधा नदियों में बहाया जा रहा है। इसे देखते हुए सीओ को आवेदन देकर बंद करने या पानी को कहीं और फेकवाने की मांग की गयी है।

## ट्रांसफार्मर से तेल की चोरी

**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के एनएच 39 सड़क किनारे अवस्थित भंडार गांव के गायत्री मंदिर के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर से तेल अज्ञात चोरों द्वारा निकाल लिया गया। घटना बुधवार रात की है। घटना के बाद देर से गांव में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गयी। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी विद्युत विभाग के रेहला स्थित कार्यालय और विश्रामपुर थाना को दी गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की यह दूसरी घटना है। इससे पहले भी इसी टांसफार्मर से तेल की चोरी हो चुकी है।

## स्पोर्ट्स



क्रिकेट को 2028 ओलंपिक में शामिल करने का फैसला पिछले साल अक्टूबर में मुंबई में आयोजित 141वें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति सत्र के दौरान लिया गया था

# आइसीसी अध्यक्ष ने ब्रिसबेन ओलंपिक की सीइओ सिंडी हुक से की मुलाकात

एजेंसी

**ब्रिसबेन।** क्रिकेट वर्ष 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में अपनी वापसी करने के लिए तैयार है। यह 128 वर्षों के अंतराल के बाद खेल की ओलंपिक में वापसी का प्रतीक है। क्रिकेट आखिरी बार 1900 पेरिस ओलंपिक में शामिल हुआ था, जहां ग्रेट ब्रिटेन ने फाइनल में फ्रांस को हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

आइसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने गुरुवार को ब्रिस्बेन 2032 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों



की आयोजन की सीइओ सिंडी हुक से मुलाकात की।

जय शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, ओलंपिक आंदोलन में क्रिकेट की भागीदारी के लिए बहुत ही रोमांचक समय है - आज ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में ब्रिसबेन 2032 ओलंपिक आयोजन समिति के साथ बैठक हुई।

क्रिकेट को 2028 ओलंपिक में शामिल करने का फैसला पिछले साल अक्टूबर में मुंबई में आयोजित 141वें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति सत्र के दौरान लिया गया था। प्रतियोगिता का प्रारूप टी-20 होगा, जो खेल का एक तेज-तर्रार और लोकप्रिय संस्करण है, जिसके वैश्विक दर्शकों को आकर्षित करने की उम्मीद है।

पिछले साल हांग्जो में एशियाई खेलों में क्रिकेट की सफल वापसी के बाद ओलंपिक में क्रिकेट को फिर से शामिल किया गया है। एशियाई खेलों में पुरुष और महिला दोनों टीमों के लिए एक बहु-राष्ट्र टी20 टूर्नामेंट शामिल था।

## धीमी ओवर गति के कारण भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली (आजाद सिपाही)।** रविवार को ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आइसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज के दूसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए भारत पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच रेफरी डेविड गिल्बर्ट ने यह जुर्माना तब लगाया जब समय सीमा को ध्यान में रखते हुए भारत को निर्धारित लक्ष्य से दो ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आइसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है।

**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER
TRANSMISSION ZONE-I, KUSAI COLONY, DORANDA, RANCHI.
Mob. / Tel No. :- 9431707300/0651-2490513Email:- gm.jusnl@gmail.com

**TENDER NOTICE**

Sealed tender in two parts Techno commercial Part-I and price part-II are invited from reputed, financially sound & experienced contractors for the work mentioned below:-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Price of BOQ. (Rs.) Non refundable | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 307/PR/JUSNL/24-25 | Procurement of Materials for day to day Maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station, **TAMAR**. | (Rs.)1476/- Including GST@18% | 19500/- |
| 2. | 308/PR/JUSNL/24-25 | Procurement of 33KV Site materials for day to day maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station, **Kamdara.** | (Rs.)1476/- Including GST@18% | 19500/- |
| 3. | 309/PR/JUSNL/24-25 | Procurement of Lighting Materials for Switchyard and Control Room of 132/33KV Grid Sub-Station, **Gumla.** | (Rs.)886/- Including GST@18% | 8200/- |

(1) Start date for sale of tender paper from **13.12.2024 at 12:30PM onwards**.
(2) Last date & time for sale of tender paper up to 03.00 P.M. on **02.01.2025**
(3) Last date & time for submission of tender paper up to 05.00 PM on **02.01.2025**
(4) Due date & time of opening part –I at 12.30 P.M. on **03.01.2025**
(5) BID OPENING DATE FOR PRICE PART: - Will be communicated later on.
(6) Tender documents with detail terms and conditions can be obtained from office of the "General Manager, Transmission Zone-I, Ranchi" after deposit of cost of BOQ in the favour of Manager (F&A), Transmission Zone-I, Ranchi in the form of D.D. issued by any nationalized / scheduled Bank drawn in favour of "Manager (F&A), Transmission Zone-I, Ranchi" payable at Ranchi on any working day after the date of publication of tender in Newspapers.
(7) For any clarification please contact Telephone No. 0651-2490513 / 9431707300.
(8) The undersigned reserves the right to extend the date of sale/ submission / opening of part-I or reject any / all tenders without assigning any reason thereof.
**(9) Address for Communication**:
GENERAL MANAGER, TRANSMISSION ZONE-I,
KUSAI COLONY, P.O.-DORANDA, RANCHI, PIN -834002
JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
**Telephone no. 0651-2490513 (O)/ 9431707300/8987700007/7903702681**) during office hour.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone –I, Ranchi

PR 341849 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)#D

# बोकारो में 14 दिसंबर को 10 केंद्रों पर 3949 अभ्यर्थी देंगे सीटीइटी की परीक्षा

## शांतिपूर्ण व कदाचार-मुक्त आयोजन की है पुख्ता तैयारी : डॉ एएस गंगवार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से 14 दिसंबर को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीइटी) का आयोजन होने जा रहा है। इसके लिए बोकारो जिले में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें विभिन्न जगहों से आनेवाले कुल 3949 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पेपर-1 एवं पेपर-2 के लिए यह परीक्षा दो पालियों में ली जाएगी।। पेपर-1 दोपहर 2.30 बजे से शाम पांच बजे तक और पेपर-2 सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। गुरुवार को इस आशय की जानकारी सीटीइटी के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं बोकारो डीपीएस के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने दी।



परीक्षा की जानकारी देते सीटीइटी के सिटी कोआर्डिनेटर डॉ एएस गंगवार।

उन्होंने बताया कि कदाचारमुक्त व सफल परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गयी है। परीक्षा से एक दिन पूर्व यानी शुक्रवार को बोकारो डीपीएस में सीटीइटी के लिए अधिकृत बोर्ड के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी केंद्राधीक्षकों व पर्यवेक्षकों की बैठक होगी। जिसमें परीक्षा के सफल संचालन की अंतिम रूपरेखा तय की जाएगी। जिन 10 केंद्रों पर सीटीइटी की परीक्षा होनी है, उनमें पहली पाली में डीपीएस बोकारो सेक्टर-4 में 361, जबकि अन्य नौ केंद्रों चिन्मय विद्यालय बोकारो, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, सेक्टर-6, डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-4, डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-6, जीजीपीएस सेक्टर-5, जीजीपीएस चास, होली क्रॉस स्कूल रेलवे कॉलोनी बालीडीह, एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल और श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल (प्रत्येक) में 300 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। वहीं, दूसरी पाली में चिन्मय विद्यालय में 300, श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में 227 और डीपीएस बोकारो सेक्टर-4 में 361 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। डॉ गंगवार ने बताया कि सीटीइटी एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है, जो शिक्षण पेशे के लिए योग्य एवं कुशल उम्मीदवारों के चयन के लिए सीबीएसई की ओर से आयोजित की जाती है। इसमें पहला पेपर उन अभ्यर्थियों के लिए होता है, जो पहली से पांचवीं कक्षा तक पढ़ाने के लिए आवेदन करते हैं। वहीं दूसरा पेपर उनके लिए होता है जो कक्षा 6 से आठवीं तक में अध्यापन के लिए आवेदन करते हैं। दोनों ही पेपर 150-150 अंकों के होते हैं। पेपर- 1 में बाल विकास एवं शिक्षा-शास्त्र लैंग्वेज- 1 व लैंग्वेज- 2 तथा गणित एवं पर्यावरण अध्ययन विषयों के प्रश्न पूछे जाएंगे। जबकि, पेपर- 2 में बाल विकास एवं शिक्षा-शास्त्र भाषा- 1 व भाषा- 2 एवं विज्ञान तथा सोशल स्टडीज/सोशल साइंस विषयों के प्रश्न पूछे जाएंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर जांच के दौरान सख्ती से सभी गाइडलाइन के पालन का निर्देश दिया गया है। अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड के अलावा अपना कोई भी फोटोयुक्त पहचान-पत्र लेकर परीक्षा केंद्र पर आना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी नीले अथवा काले रंग की कलम का इस्तेमाल परीक्षा लिखने के लिए कर सकते हैं।

# गोली मारकर युवक की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। शव गुरुवार को बरवाअड्डा के बड़ा पिछड़ी जाने वाले रास्ते में कंचन टॉकीज के समीप पाया गया है। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों ने शव देख इसकी सूचना पुलिस को दी। कुछ देर बाद ही बरवाअड्डा थाना के प्रभारी सब इंस्पेक्टर अजय कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंच गये। उन्होंने शव पाये जाने की पुष्टि भी की है। बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी उम्र 40 साल के आसपास है। प्रथम दृष्टया में गोली लगने से मौत होना प्रतीत हो रहा है। है। घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद हुआ है। इंस्पेक्टर ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही थाना को घटना की जानकारी दे दी गयी है, ताकि मृतक की पहचान हो सके। वहीं, डीसीपी शंकर कामती ने बताया कि मृतक और गोली मारने वालों की पहचान की कोशिश की जा रही है। दूसरी ओर, क्षेत्र में घटना को लेकर चर्चा है कि युवक का अपहरण करने के बाद उसे गोली मार कर हत्या की गयी है।

# रागिनी सिंह ने विस में उठाया झरिया सहित राज्यभर में बढ़ते अपराध का मुद्दा

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** विधायक रागिनी सिंह ने गुरुवार को विधानसभा के पहले शीतकालीन सत्र में झरिया सहित पूरे झारखंड में बढ़ रहे अपराध का मुद्दा उठाया। कहा कि पूरे राज्य में अपराध का ग्राफ बढ़ गया है। अपराधी खुले आम घटनाओं को अंजाम दे रहे है। इससे महिलाओं, व्यवसाइयों और आम जनों में भय है। इसे लेकर सरकार गंभीरता से कदम उठाए। विधायक ने कहा कि झारखंड की सबसे प्रमुख समस्या अपराध है। व्यापारियों से रंगदारी मांगी जा रही है। महिलाओं और युवतियों का शोषण और हत्याएं हो रही है। इसस कारण लोग खुद को



असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के लिए लंबी कतार में खड़ा होना पड़ रहा है। जिससे उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही इस योजना का लाभ सभी महिलाओं को नहीं मिल पा रही है जो जांच का विषय है। इसके साथ ही बुजुर्गों का पेंशन योजना विगत कई महीने से बंद है इसे पुनः जल्द शुरू कराई जाए।

### झारखंड क्रिकेट संघ ने रागिनी सिंह को किया सम्मानित

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के पदाधिकारियों ने गुरुवार को रांची क्रिकेट स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित कर झरिया की नवनिर्वाचित विधायक रागिनी सिंह को सम्मानित किया। वहीं विधायक रागिनी सिंह ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों का आभार जताया। मौके पर रंजीत सिंह, राजकुमार, पंकज सिंह, रविन्द्र नाथ सिंह, एसबी सिंह, विष्णु गुप्ता, आनंद सिंह आदि मौजूद थे।

# वर्चस्व को लेकर भिड़े रागिनी सिंह व राज सिन्हा गुट, तनाव



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** विश्वकर्मा परियोजना के कांटाघर के समीप वर्चस्व को लेकर गुरुवार को भाजपा के दो विधायक समर्थकों के बीच भिड़ंत हो गई। देखते ही देखते विश्वकर्मा परियोजना पुलिस छावनी में तबदील हो गई। बताते चलें कि दोनों गुटों के बीच उस वक्त भिड़त हुई जब धनबाद विधायक राज सिन्हा गुट के समर्थक पानी और प्रदूषण के मुद्दे को लेकर विश्वकर्मा कांटाघर में ट्रक वजन का कार्य प्रभावित कर दिये। इससे विश्वकर्मा लोडिंग प्वाइंट में ट्रक लोडिंग का कार्य ठप हो गया। इससे नाराज झरिया विधायक रागिनी सिंह के समर्थक सह असंगठित मजदूरों ने जश्रसं के बैनर तले इसका विरोध किया। इसी बात कोलेकर दोनों गुटों मे भिड़त हो गई। इस दौरान दो बार मारपीट भी हुई। वहीं, जश्रसं गुट के मजदूरों का आरोप है कि इस कांटाघर से गुड्डू सिंह लोडिंग ट्रक से 150 रुपये प्रति टन की वसूली करता है। इसका विरोध करने पर दूसरा गुट पानी प्रदूषण का बहाना बनाकर विश्वकर्मा में ट्रक लोडिंग का कार्य हमेशा के लिए बंद करवाना चाहते हैं। उधर, मारपीट की सूचना पाकर धनसार पुलिस और सीआईएसएफ के जवान मौके पर पहुंच गये और समझा बुझा कर दोनों को शांत कराया। हालांकि दोनों गुट अलग-अलग बैठकर एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी करता रहा। हालांकि शाम को पानी-प्रदूषण के मुद्दे पर आंदोलन कर रहे राज सिन्हा गुट उठकर चले गए। इसके बाद पुलिस व सीआईएसएफ ने कांटाघर का कार्य शुरू कराया। इस तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए सीआईएसएफ और पुलिस बलों की तैनाती कर दी गयी है। जानकारी के मुताबिक इस दिन सुबह दर्जनों असंगठित मजदूर खाली ट्रक को वजन करवा रहे थे। तभी विधायक राज सिन्हा गुट के लोग भाजपा के बैनर तले पहुंचे और कांटाघर में झंडा गाड़कर कार्य ठप कर दिया। इस गुट का नेतृत्व कर रहे पूर्व पार्षद मेनका सिंह का कहना था कि नई दिल्ली कॉलोनी एवं धनसार के लोग पानी की किल्लत व प्रदूषण से परेशान है। कुसुंडा महाप्रबंधक प्रणव दास से वार्ता के बाद भी लोगों की पानी की समस्या दूर नहीं हुई। इसी को लेकर कांटाघर का कार्य प्रभावित किया जा रहा था। जबकि दूसरे गुट के जश्रसं नेता अमर सिंह का कहना है कि इस विश्वकर्मा परियोजना में लगभग 600 असंगठित ट्रक लोडिंग करते आ रहे है। जिनसे उनकी रोजी रोटी चलती है, जिसे बंद करवाने की कोशिश की जा रही है।

# पठन-पाठन में हो रही समस्याओं से छात्र-छात्राओं के जिला शिक्षक अधीक्षक को अवगत कराया

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** खरिकाबाद मध्य विद्यालय के प्रबंधन समिति, ग्रामीणों व झारखंड ज्ञान विज्ञान समिति के धनबाद जिला इकाई ने गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी निशु कुमारी व जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार से मुलाकात की। धनबाद स्थित जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय पहुंचे समिति के सदस्यों ने खरिकाबाद मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन हो रही समस्याओं को उन्हें अवगत कराया। छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों की कुल संख्या 225 से अधिक



है, जहां महज तीन शिक्षक ही कार्यरत है। इसमें एक प्रभारी प्रधानाध्यापक हैं। इस कारण पठन-पाठन ठीक से नहीं हो पा रही है। इस विषय पर जिला शिक्षा अधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि तत्काल एक शिक्षक विद्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही फरवरी-मार्च में सभी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को पूरा कर दिया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के सचिव भोला नाथ राम, मधेश्वर नाथ भगत, रूबी देवी, रिंकू देवी, राजकुमारी देवी, पूजा देवी, उमा देवी, ममता देवी, कविता देवी और गुड़िया देवी आदि मौजूद थे।

# बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में निकाला आक्रोश जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** बांग्लादेशी में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार के विरोध में हिंदु उत्थान मंच, बेरमो (बोकारो) के बैनर तले गुरुवार को पुराना बीडीओ ऑफिस से बेरमो प्रखंड कार्यालय तक आक्रोश जुलूस निकाला गया। जिसका नेतृत्व हिंदू उत्थान मंच के केंद्रीय मंत्री पंकज कुमार पांडेय ने किया। वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदूओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। हाल ही में सत्ता परिवर्तन के बाद बनी युनूस सरकार में स्थिति और बिगड़ गई है। हिंदू साधुओं की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसके खिलाफ जन आक्रोश जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया जा रहा है। लगभग दो महीने से बांग्लादेश में युनुस सरकार के नेतृत्व में बांग्लादेश में रहने वाले अल्पसंख्यक हिंदुओं का नरसंहार एवं उनपर अत्याचार किया जा रहा है। उनके धर्म स्थलों, मंदिर एवं घरो को तोड़ा जा रहा है। चिन्मया दास जी को जेल में बंद कर दिया गया है। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों ने भारत सरकार से बांग्लादेश के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सभी ने बेरमो प्रखंड कार्यालय जाकर बीडीओ मुकेश कुमार के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भी सौंपा और हिंदुओं पर हो रहे हिंसा के खिलाफ ठोस कदम उठाने की मांग की गयी। इस मौके पर अर्चना सिंह, प्रदीप भारती, शंकर भदानी, मंचू सिंह, विनय बरनवाल, कैलाश ठाकुर, पिंकू गुप्ता, वैभव चौरसिया, राम नरेश द्विवेदी, भरत वर्मा, रामू दिगार, जितेंद्र सिंह, विनोद चौरसिया, अमित सिंह, अजय गिरी, सजल गांगुली, अमित सिंह, विनय कुशवाहा आदि मौजूद थे।

## लक्ष्य : जारंगडीह परियोजना में मनाया गया खान सुरक्षा सप्ताह समारोह

# वित्तीय वर्ष के समापन तक जारंगडीह कोलियरी कर लेगा चार लाख टन कोयला उत्पादन: संजय कुमार

पवन कुमार सिंह

**कथारा (आजाद सिपाही)।** जारंगडीह परियोजना खुली खदान कार्यालय परिसर में गुरुवार को 67वां खान सुरक्षा सप्ताह समारोह मनाया गया। इस दौरान खान सुरक्षा उप निदेशक सहित क्षेत्र के महाप्रबंधक, आइएसओ अधिकारी, विभिन्न विभागाध्यक्ष, परियोजना पदाधिकारी, कोलियरी मैनेजर और विभिन्न श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि खान सुरक्षा निदेशालय की प्रेरणा से ही प्रतिवर्ष खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन सीसीएल सहित देश के सभी खदानों में आयोजित होता है। कहा कि जारंगडीह में कोयले की कमी नहीं है। लेकिन समय पर हमें जमीन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिस कारण हम अपने लक्ष्य से काफी



पीछे हैं। हमें अपने लक्ष्य को हर हाल में पूरा करना है। कार्य स्थल पर यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि हम सुरक्षित हैं या नहीं। मशीनरी ठीक से काम कर रहा है या नहीं। इस पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है, ताकि हम सुरक्षित रूप से लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोलियरी द्वारा अब तक 3 लाख 98 हजार टन कोयला उत्पादन किया जा सका है, जो 15 लाख टन लक्ष्य से काफी पीछे है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि वित्तीय वर्ष के समापन तक जारंगडीह कोलियरी चार लाख टन कोयला उत्पादन कर लेगा। वहीं, कोडरमा खान सुरक्षा उपनिदेशक तेजावत नरेश ने कहा कि जारंगडीह कोलियरी पिछले पांच साल में दो फेटल दुर्घटना और तीन सीरियस इंज्यूरी हो चुकी है। हम काम करें, लेकिन सुरक्षा को दरकिनार कर-के नहीं। परियोजना पदाधिकारी विनोद कुमार ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि जारंगडीह परियोजना चालू वित्तीय वर्ष में शून्य दुर्घटना को लेकर चल रहा है। यही स्थिति रही तो निश्चित ही हम शून्य दुर्घटना के साथ कोयला उत्पादन लक्ष्य और अधिभार हटाने के लक्ष्य को पा सकेंगे। उन्होंने इसमें क्षेत्रीय अधिकारियों, परियोजना के अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों, ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों और आउटसोर्सिंग कंपनी के अलावा स्टेक होल्डर से मदद की बात कही। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद स्कूल जारंगडीह के छात्रों द्वारा अतिथियों को तिलक लगाकर, स्वागत गीत और नृत्य कार्यक्रम के अलावा गायक कुंवर यादव शशि भूषण की ओर से सुरक्षा गीत प्रस्तुत किया गया। संचालन संतोष मंडल और धन्यवाद ज्ञापन सुभाष चंद्र पासवान ने किया। कार्यक्रम में टीम कन्वेनर करो कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी सुधीर कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय अधिकारी सेफ्टी राजकुमार वर्णवाल, विभागाध्यक्ष एलएनआर अर्जुन कुमार प्रसाद, कारो के कोलियरी प्रबंधक चिंतामण मांझी, परियोजना अभियंता उत्खनन मदन प्रसाद, परियोजना अभियंता विद्युत एवं यांत्रिक नानक दिवाकर सिंह, सर्वेक्षक अधिकारी पंकज कुमार झा, वर्कमैन इंस्पेक्टर सुनील कुमार, विनोद कुमार, निराकांत, सीसीएल मुख्यालय रांची से आईएसओ अधिकारी आरके चौधरी, जारंगडीह कोलियरी मैनेजर सुनील कुमार यादव, परियोजना अभियंता उत्खनन विशाल शर्मा, सुमन कुमार, लोकेश लोहार, सेफ्टी अधिकारी संतोष कुमार आदि आदि शामिल हुए।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची।

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –21/2024–25

Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 18.12.2024 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 19.12.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 19.12.2024 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान:– :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of toilet and bath room & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 1st floor (Left Side) Boy's Hostel No-07 RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1340599.00 | 27000.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 2. | Renovation of Mess & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at Boy's Hostel No-07 RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1561549.00 | 32000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 3. | Seepage repair & Renovation of toilet and bath room, improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 1st floor Boy's Hostel No-02 RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1688351.00 | 34000.00 | 5000.00 | 30 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
गोन्दा, राँची।

PR 341836 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)



उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
(सामान्य शाखा)

आम सूचना

चौकीदार नियुक्ति औपबंधिक मेधा सूची जारी करने एवं अभ्यर्थियों द्वारा समर्पित दावा आपति आवेदन के निष्पादनोपरांत स्वीकृत आवेदन के आलोक में संशोधित मेधा सूची की विवरणी :–

UR CANDIDATE WRITTEN EXAM MERIT LIST

| Sl.No. | Candidate Roll No. | Candidate Name | Father's Name | GENDER | Category | Total Marks | Marks Obtained |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SPORTS QUOTA (UR) | | | | | | | |
| 1 | GML4617 | PANKAJ ORAON | LACHHU ORAON | M | ST | 50 | 42 |
| 2 | GML6906 | MAJAR MAHTO | SHNICHARWA MAHTO | M | OBC | 50 | 42 |
| PwD QUOTA (UR) | | | | | | | |
| 1 | GML5998 | DEWASHISH MUNDA | BANDU MUNDA | M | ST | 50 | 41 |
| 2 | GML9131 | MUKESH KUMAR SAHU | LATE RAJESH SAHU | M | OBC | 50 | 38 |
| 3 | GML1050 | RAMDAYAL ORAON | MAHABIR ORAON | M | ST | 50 | 37 |

ST CANDIDATE WRITTEN EXAM MERIT LIST

| Sl.No. | Candidate Roll No. | Candidate Name | Father's Name | GENDER | Category | Total Marks | Marks Obtained |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ST QUOTA | | | | | | | |
| 1 | GML6329 | GORETI LAKRA | AGUSTIN LAKRA | F | ST | 50 | 42 |
| SPORTS QUOTA (ST) | | | | | | | |
| 1 | GML1957 | MANOJ ORAON | JOHAN ORAON | M | ST | 50 | 41 |
| 2 | GML10698 | PYARI KUJUR | SATISH KERKETTA | F | ST | 50 | 40 |
| PwD QUOTA (ST) | | | | | | | |
| 1 | GML4543 | SUSHIL ORAON | BIMAL ORAON | M | ST | 50 | 25 |
| PVTG QUOTA (ST) | | | | | | | |
| 1 | GML5944 | MITHLESH ASUR | GABRIEL ASUR | M | ST | 50 | 40 |

SC CANDIDATE WRITTEN EXAM MERIT LIST

| Sl.No. | Candidate Roll No. | Candidate Name | Father's Name | GENDER | Category | Total Marks | Marks Obtained |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SC QUOTA | | | | | | | |
| 1 | GML5219 | Kunti Kumari | Balkishun Turi | F | SC | 50 | 41 |
| 2 | GML8492 | PRAVIN KUMAR | LATE RUPNARAYAN RAM | M | SC | 50 | 43 |
| 3 | GML6340 | KULDEEP NAYAK | BALIRAM NAYAK | M | SC | 50 | 40 |

EWS CANDIDATE WRITTEN EXAM MERIT LIST

| Sl.No. | Candidate Roll No. | Candidate Name | Father's Name | GENDER | Category | Total Marks | Marks Obtained |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| EWS QUOTA | | | | | | | |
| 1 | GML4006 | GOUTAM KUMAR SINGH | RAM PRAWESH SINGH | M | EWS | 50 | 43 |
| 2 | GML5590 | PAWAN KUMAR SAHU | LATE MURLIDHAR SAHU | M | EWS | 50 | 43 |
| 3 | GML9447 | SHAKTI SINGH | DINANATH SINGH | M | EWS | 50 | 42 |
| 4 | GML4030 | SHUBHAM KUMAR PATHAK | MAHAVIR PATHAK | M | EWS | 50 | 41 |
| 5 | GML6103 | HASAN RAZA KHAN | HAIDER ALI KHAN | M | EWS | 50 | 41 |
| 6 | GML5698 | KAMLESH KUMAR SINGH | BABULAL SINGH | M | EWS | 50 | 40 |
| 7 | GML5835 | NIKHIL KUMAR SINGH | MANOJ KUMAR SINGH | M | EWS | 50 | 40 |
| 8 | GML7995 | KUMARI AKANKSHA DUBEY | PURUSHOTAM DUBEY | F | EWS | 50 | 36 |
| 9 | GML4330 | SHAHRUKH KHAN | NAIM KHAN | M | EWS | 50 | 35 |
| 10 | GML9521 | PINTU SAHU | KULDEEP SAHU | M | EWS | 50 | 25 |

प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा –सह–कार्यपालक दण्डाधिकारी, चैनपुर। | अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर। | अनुमंडल पदाधिकारी बसिया। | अनुमंडल पदाधिकारी गुमला।

PR 341797 (District) 24-25 (D)



षष्ठम विधान सभा के प्रथम सत्र के अंतिम दिवस पर गुरुवार को झारखंड विधान सभा परिसर में ग्रुप फोटो सेशन संपन्न हुआ। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री और विधायकगण उपस्थित थे।

## अंतर-शॉप वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ईस्ट कोस्ट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन (ईकोर्सा), मंचेश्वर ने 9 और 10 दिसंबर 2024 को चिल्ड्रन पार्क, मंचेश्वर में अपने कर्मचारियों के लिए इंटर-शॉप वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया। अंतिम दिन महिला कर्मचारियों के लिए थ्रो बॉल मैच का आयोजन किया गया। किसी भी उम्र में व्यायाम के अच्छे लाभों को प्रेरित करने के लिए 45 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुषों और महिलाओं के लिए पैदल चाल दौड़ का भी आयोजन किया गया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि श्री. अमित सिन्हा (अध्यक्ष/ईसीओआरएसए/एमसीएस और मुख्य कार्यशाला प्रबंधक/कैरिज मरम्मत कार्यशाला/मंचेश्वर) ने खेल खेलने वाले कर्मचारियों के लिए अपनी खुशी व्यक्त की और कहा कि खेल खेलना हमारे जीवन का तरीका होना चाहिए।


## खोरधारोड रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं के साथ वातानुकूलित सशुल्क लाउंज की उपलब्धता



खोरधारोड (आजाद सिपाही)। अब खोरधारोड रेलवे स्टेशन के यात्री प्लेटफार्म सं.1 की ओर स्टेशन भवन में आधुनिक सुविधाओं के साथ वातानुकूलित सशुल्क लाउंज की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। वातानुकूलित सशुल्क लाउंज में बहुत सामान्य प्रभार यानी, वयस्कों के लिए 18% जीएसटी के साथ प्रति घंटा 10/- रुपये और 5 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 18% जीएसटी के साथ प्रति घंटा 5/- रुपये है। वातानुकूलित सशुल्क लाउंज अच्छी तरह से सोफा, टीवी, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, ट्रेन संकेत बोर्ड से सुसज्जित है। यात्रियों को उनके पसंदीदा पेय पदार्थों के साथ सुविधा प्रदान करने के लिए लाउंज में जलपान की व्यवस्था भी उपलब्ध है। पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग स्वच्छ तथा स्वास्थ्यकर शौचालय उपलब्ध हैं। खोरधारोड से सवार होने वाले यात्री वातानुकूलित सशुल्क लाउंज की इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं और अपनी ट्रेन यात्रा के रोमांचकारी अनुभव को बढ़ा सकते हैं।

# जनवरी में होगा ओड़िशा भाजपा अध्यक्ष का चुनाव, ओपीसीसी प्रमुख की नियुक्ति जल्द

**ओड़िशा की दो प्रमुख राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों - भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस - को जल्द ही अपने-अपने अध्यक्ष मिल जायेंगे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा की दो प्रमुख राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों- भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस को जल्द ही अपने-अपने अध्यक्ष मिल जायेंगे। भगवा पार्टी ने मनमोहन सामल की जगह जनवरी, 2025 में अपना नया अध्यक्ष चुनने का फैसला किया है, वहीं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) जल्द ही ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओपीसीसी) के अध्यक्ष की नियुक्ति करेगी। गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रभारी विजय पाल सिंह तोमर ने कहा कि बूथ और मंडल स्तर पर संगठनात्मक चुनाव शुरू हो चुके हैं। इसके बाद जिला अध्यक्षों का चुनाव होगा और इसके बाद जनवरी के पहले सप्ताह में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा। इसी तरह, ओडिशा विधानसभा में कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और विधायक दल के नेता राम चंद्र कदम ने बताया कि एआईसीसी जल्द ही ओपीसीसी अध्यक्ष की नियुक्ति करेगी। कदम ने कहा, हालांकि नये ओपीसीसी अध्यक्ष के चयन में समय लगता है, लेकिन एआईसीसी निकट भविष्य में पार्टी के एक मजबूत और योग्य नेता को अगले ओपीसीसी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करेगी। उन्होंने कहा कि ओडिशा के लिए पार्टी के दो पर्यवेक्षकों - वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन और छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक दल के चरण दास महंत - ने राज्य के सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ पार्टी नेताओं के साथ बैठकें और चर्चा करने के बाद एआईसीसी को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।

कदम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस एकमात्र पार्टी है जिसने राज्य और देश के विकास के लिए कई योजनाएं लागू की हैं, जबकि ओडिशा की वर्तमान भाजपा सरकार योजनाओं के नाम बदल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गेम चेंजर नहीं बल्कि नाम बदलने वाली सरकार है।

# अपार्टमेंट में छापामारी, चार आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कमिश्नरेट पुलिस ने गुरुवार की दोपहर भुवनेश्वर के सुंदरपाड़ा इलाके में एक अपार्टमेंट में ऑनलाइन जुआ कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया और चार उच्च शिक्षित व्यक्तियों को हिरासत में लिया।

साइबर पुलिस, कमिश्नरेट पुलिस के विशेष दस्ते ने एयरफील्ड पुलिस स्टेशन के पुलिसकर्मियों की मदद से स्टेट कैपिटल सिटी के बोटांडा इलाके में प्रेस्टीज अपार्टमेंट पर छापा मारा और एफ-602 में चल रहे जुए के कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया। उन्होंने अपार्टमेंट के कुछ निवासियों की शिकायतों के आधार पर छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान टीम ने चार लोगों को पकड़ा, जो दिल्ली के रहने वाले हैं और उच्च शिक्षित हैं, जिनमें बीटेक पास भी शामिल हैं। उन्होंने मौके से दो डेस्कटॉप, एक लैपटॉप, 19 मोबाइल फोन, कई पासपोर्ट, फ्लाइट टिकट और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किए। सूत्रों ने बताया कि आरोपी व्यक्ति पिछले छह महीने से अपार्टमेंट में रह रहे थे और ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जरिये साइबर धोखाधड़ी करते थे। उन्होंने बताया कि वे फोन कॉल करके और संदेश भेजकर लोगों से पैसे लूटते थे। सूत्रों ने आगे बताया कि आरोपियों ने कबूल किया है कि अवैध ऑनलाइन जुआ कॉल सेंटर का मुख्यालय दुबई में स्थित है, जबकि इसकी एक शाखा दिल्ली में स्थित है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**


**भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई—निविदा आमंत्रित की जाती है।**

**क्रम सं: (1). कार्य का नाम एवं स्थान:** निकटतम (i) जीएसएस धनबाद (डीवीसी) से टीएसएस मटारी, (ii) जीएसएस कोडरमा (डीवीसी) से टीएसएस हज़ारीबाग रोड (iii) जीएसएस कोडरमा (डीवीसी) से टीएसएस कोडरमा डेटोर तक 3 चरण डबल सर्किट 132 के वी ट्रांसमिशन लाइन के लिए सर्वेक्षण करना। आरंभिक अंत / टीएसएस (iv) जीएसएस वजीरगंज (बीएसपीटीसीएल) से टीएसएस गुरपा—पहाड़पुर/ टीएसएस और (v) जीएसएस रफीगंज (बीएसपीटीसीएल) टीएसएस इस्माइलपुरा के साथ—साथ सोननगर— प्रधानखंता खंड में मल्टीट्रैकिंग कार्य के संबंध में पटना महेंद्रूघाट पूर्व मध्य रेलवे के निर्माणाधीन भू—तकनीकी मिट्टी की जांच के लिए के सम्बघ में। निविदा संख्या: EL/C/S/MHX/ETEN/18/24-25 **(2) अनुमानित कार्य की लागत:** रू. 2,97,77,994.64/— **(3) जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य:** NIT के अनुसार एवं रू शून्य **(4) कार्य पूर्ण करने का समय:** 03 माह **(5) निविदा बंद होने का तिथि एवं समय:** 27.12.2024 दोपहर 12.00 बजे तक **(6) वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है:** आई.आर.इ.पी.एस बेबसाईट पर, www.ireps.gov.in पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/ कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिषर, पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/ साउथ /महेंद्रूघाट/पटना**
**पीआर/1679/सीओएनएस/ईएलईसी/टी/24-25/40**


# आधुनिक इंजीनियरिंग का करिश्मा: भारतीय रेल का नया पंबन ब्रिज

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** विकास की राह पर बढ़ रही भारतीय रेल, पंबन ब्रिज के रूप में इंजीनियरिंग का एक और चमत्कार पेश करने जा रही है। तमिलनाडु में स्थित नव निर्मित पम्बन ब्रिज, भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज है, जो न केवल एक शानदार उपलब्धि है, बल्कि भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास का प्रतीक भी है। रामेश्वरम को समुद्र के रास्ते द्वीप को मुख्य भूमि से जोड़ने वाला 2.07 किलोमीटर लंबा यह पुल पाक स्ट्रेट के नीले पानी को पार करता है। यह पुल भारत की मुख्य भूमि को पवित्र रामेश्वरम नगर से जोड़ता है, जो लाखों श्रद्धालुओं के लिए एक प्रमुख तीर्थ स्थल है। एक सदी से भी अधिक समय तक, पुराना पम्बन ब्रिज, भारत का पहला समुद्री पुल व इनोवेशन और दृढ़ता का उदाहरण बना हुआ था।

**नये पंबन ब्रिज की आवश्यकता:** 21वीं सदी की शुरूआत में पुराना पंबन ब्रिज आधुनिक परिवहन की मांगों को पूरा करने में असमर्थ हो गया। रेल यातायात की बढ़ती मात्रा और तेज व सुरक्षित कनेक्टिविटी की आवश्यकता ने सरकार को एक नयी संरचना का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया, जो तकनीकी रूप से उन्नत, टिकाऊ और भविष्य के लिए तैयार हो।

वर्ष 2019 में भारत सरकार ने इस परियोजना को स्वीकृति दी। नए उद्देश्यों के अनुरूप यह पुल पुराने पुल की सीमाओं को समाप्त करते हुए क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास के लिए एक नया रास्ता तैयार करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस परियोजना को प्राथमिकता दी गई और इसे एक प्रमुख अवसंरचना परियोजना के रूप में मान्यता दी गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, यह परियोजना राष्ट्रीय प्राथमिकता बनी और इसे एक प्रमुख अवसरचना की परियोजना के रूप में मान्यता दी गयी, जो क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य करेगी।

**इंजीनियरिंग का अनोखा करिश्मा :** इंजीनियरिंग का अद्वितीय उदाहरण पंबन ब्रिज, संरचना और आकर्षण का एक अद्भुत संगम है। इसके डिजाइन और निर्माण की प्रमुख विशेषतायें इसे विश्व के सबसे उन्नत पुलों में से एक बनाती है।

## निर्माण की उपलब्धियां

**फाउंडेशन कार्य:** पुल की नींव जिसने पाइल फाउंडेशन और पाइल कैप्स शामिल है, समय से पहले पूरा किया गया। निर्माण के इस महत्वपूर्ण चरण में कडे तुच्क्षा प्रोटोकॉल और तकनीकी गानकों का पालन किया गया, जिरासे पुल के सुपरस्ट्रक्चर के लिए एक मजबूत आधार सुनिश्वित हुआ।

**सटीक लिफ्ट स्पैन :** बिज की निर्माण प्रक्रिया के तहत 99 स्पैन को सिंगल लाइन के लिए तैयार किया गया है। लिपट स्पैन, जिसे साइट से बाहर तैयार किया गया था, को सटीकता से त्यापित किया गया ताकि उसका सही सरेखण और कार्यक्षमता सुनिश्क्ति हो सके।

**परिचालन टेस्टिंग :** पुल की संरचनात्मक मजबूती की जांच करते हुए 15 किलोमीटर लंबे सांड पर संजयम छोर से एक मालगाड़ी का सफल परीक्षण किया गया। जिसने पुल की परिचालन तत्परता को प्रमाणित कर एक सुरक्षित और विश्वसनीय मार्ग सिद्ध किया है।

## तकनीकी श्रेष्ठता: डिजाइन और विश्वसनीयता

**1. मजबूत तकनीकी संरचना :** ब्रिज में तकनीकी उत्कृष्टता और डिजाइन की विश्वसनीयता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी है। जिसका डिजाइन इंटरनेशनल कंसल्टेंट IYISA द्वारा तैयार किया गया और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ।।। चेन्नई व 11 मुंबई द्वारा प्रमाणित किया गया है। यह दोहरे सत्यापन की प्रक्रिया बिज की संरचनात्मक मजबूती और तकनीकी उत्कृष्टता को रेखांकित करती है।

**2. वर्टिकल लिफ्ट मौन :** ब्रिज की राबरो अनूठी विशेषता इराका वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है। भारत में अपनी तरह का प्रथग यह यड 125 मीटर संरा है, जिसे समुद्री यातायात की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

**मौजूदा पुल से तीन मीटर ऊंचा:** यह पुल 208 किलोमीटर (2,078 मीटर) लंबा है और इसमें कुल 99 छोटे स्पैन (प्रत्येक 18.3 मीटर) हैं। इसके अलावा, इसमें एक 72.5 मीटर का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है।

**मजबूत नींव और उन्नत सरचना:** पुल की नींव को अत्यत मजबूत बनाते हुए 333 पाइल्स और 101 पाइल कैप्स का उपयोग किया गया है, जो इसे न केवल वर्तमान यातायात की जरूरतों को भी राभालने में राक्षग बनाते है। 10 sempth soge पुल का सुपरस्ट्रक्वर पूरी तरह से वेल्डेड बॉक्स सेक्शन से निर्मित है, जिससे स्प्लाइस ज्वाइंट की आवश्यकता समाप्त हो गयी है।

**नवीन एंटी-करॉजन तकनीक :** पुल को टिकाऊ बनाने के लिए एंटी-करेंजन तकनीकों का भी इस्तेमाल किया गया है। इसमें पॉलिसिलोक्सेन पेट का उपयोग किया गया है, जो दुनिया के सबसे संक्षारण प्रवण क्षेत्रों में भी प्रभावी है। इसके अलावा, पुल में स्टेनलेस स्टील रिइफोर्समेंट और फाइबर रिइंफोर्सड प्लास्टिक पथ बनाये गये है, जो सुरक्षित और मजबूत बनाए रखते हैं।




















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**